

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह एक कार्यक्रम में शामिल हुए। आयोजनकर्ता स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 19 अंक: 38 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# महाराष्ट्र विस चुनाव में वोटर्स लिस्ट में फर्जीवाड़ा हुआ: राहुल

● इलेक्शन कमीशन से वोटर्स का डेटा मांगा; आयोग बोला- तथ्यों के साथ लिखित जवाब देंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। कांग्रेस** सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत और एनसीपी-एससीपी सांसद सुप्रिया सुले के साथ संयुक्त रूप से शुक्रवार को राज्य विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र की मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर फर्जी मतदाता जोड़ने का आरोप लगाया। राष्ट्रीय राजधानी में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में पिछला चुनाव लड़ने वाले पूरे विपक्ष का प्रतिनिधित्व किया। हमारी टीम ने मतदाता सूचियों और मतदान पैटर्न का विस्तार से अध्ययन किया। दुर्भाग्य से, हमें कई अनियमितताएं मिली हैं। देश के लिए, विशेष रूप से लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले और युवाओं के लिए, इन निष्कर्षों के बारे में जागरूक होना और उन्हें समझना आवश्यक है। उन्होंने चुनाव आयोग से सवाल करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में पांच साल में जितने मतदाता जोड़े गए, उससे ज्यादा मतदाता सिर्फ पांच महीनों में जोड़ दिए गए थे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2019 से लेकर लोकसभा चुनाव 2024 के बीच पांच वर्षों में महाराष्ट्र की मतदाता सूची में 32 लाख मतदाता जोड़े गए। वहीं, वर्ष 2024 के लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बीच पांच महीने की अवधि में महाराष्ट्र में 39 लाख नए मतदाता जोड़ दिए गए। मतलब हिमाचल प्रदेश के मतदाताओं की संख्या के बराबर की आबादी महाराष्ट्र में 5 महीने में जोड़ दी गई।

उन्होंने कहा कि ऐसे में सवाल यह है कि लोकसभा चुनाव के पांच महीनों के बाद पांच साल पहले की तुलना में अधिक मतदाता क्यों जोड़े जा रहे हैं। यह पांच लाख लोग कौन हैं और कहां से आए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के अनुसार महाराष्ट्र की व्यस्क जनसंख्या 9.54 करोड़ है, लेकिन चुनाव आयोग के अनुसार महाराष्ट्र में 9.70 करोड़ मतदाता हैं। मतलब चुनाव आयोग के मुताबिक महाराष्ट्र में जनसंख्या से ज्यादा मतदाता हैं। राहुल ने एक और उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में कामठी में 1.36 लाख वोट मिले, ये चुनाव कांग्रेस जीत गई। इसके बाद महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले यहां 35 हजार नए वोटर जोड़े गए। ये सारे वोटर भाजपा के खाते में चले गए और भाजपा चुनाव जीत गई।



### अनियमितता के आरोप का आयोग तथ्यों के साथ लिखित जवाब देगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में चुनावी अनियमितताओं के विपक्षी दलों के आरोप पर चुनाव आयोग ने शुक्रवार को कहा कि पूरे तथ्यों के साथ लिखित जवाब दिया जाएगा। आयोग की यह प्रतिक्रिया कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में महाराष्ट्र में फर्जी मतदाता जोड़ने के आरोप के तुरंत बाद आई है। राहुल गांधी का जिक्र किए बिना भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने एक्स पर पोस्ट में कहा, ईसीआई राजनीतिक दलों को प्राथमिकता वाले हितधारक मानता है,।

### गंभीर आरोप

▶▶ चुनाव आयोग के मुताबिक महाराष्ट्र में जनसंख्या से ज्यादा तदाता: कांग्रेस नेता राहुल गांधी

## दिल्ली विस चुनाव की मतगणना के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद पूरे देश की निगाहें 8 फरवरी पर लगी हुई हैं। देश की राजधानी दिल्ली में हुए 70 विधानसभा सीटों पर कल वोटों की गिनती 19 मतगणना केंद्रों पर होगी। इसके लिए दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों की 38 कंपनियों के सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी देवेश श्रीवास्तव ने पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना के लिए 19 केंद्रों सहित पूरी दिल्ली में अभूतपूर्व सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों के 15 हजार जवानों को तैनात किया गया है। वहीं, खुफिया इकाइयां सहित पुलिस के वरिष्ठ कर्मी स्थिति पर नजर गड़ाए हुए हैं। स्पेशल सीपी के अनुसार मतगणना केंद्र व आसपास के इलाकों में सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए हैं। मतगणना केंद्रों के आसपास का इलाका तो गुरुवार देर रात से ही छावनी में तब्दील कर दिया गया था। चुनाव आयोग की ओर से जारी पास दिखाए बिना किसी को भी केंद्र के अंदर जाने की इजाजत नहीं होगी। करीब सौ मीटर की परिधि में काफी संख्या में सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। आम लोगों व आम वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी।



### फैसले का दिन

▶▶ चुनाव आयोग की ओर से जारी पास दिखाए बिना किसी को भी केंद्र के अंदर जाने की इजाजत नहीं होगी

## केंद्रीय गृह मंत्री ने मुंबई में ड्रग कार्टेल पकड़ने पर एनसीबी टीम को दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम को मुंबई में 200 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त करने और चार लोगों की गिरफ्तारी के लिए बधाई दी है। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नशा मुक्त भारत के सपने को साकार करने के लिए अपनाए गए दृष्टिकोण की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, भारत ने जीरो टॉलरेंस के साथ ड्रग कार्टेल को कुचल दिया

## बीपीएससी की प्रारम्भिक परीक्षा रद्द करने की मांग पर सुनवाई से इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बीपीएससी की प्रारम्भिक परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने और प्रारम्भिक परीक्षा को रद्द करने की मांग पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि पटना हाई कोर्ट में आपकी इस मांग का मामला भी लंबित है इसलिए हाई कोर्ट को 14 फरवरी को होने वाली सुनवाई के दौरान आपकी इस मांग पर विचार करने को कहा है। बीपीएससी की प्रारम्भिक परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों के सीसीटीवी फुटेज को संरक्षित रखने की मांग वाली यह याचिका आनंद लीगल एड फोरम ट्रस्ट ने पटना हाई कोर्ट मेंदायर की है। हाई कोर्ट ने 30 जनवरी को सुनवाई में इस अर्जी पर विचार नहीं किया था। इसके बाद याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर सीसीटीवी फुटेज संरक्षित करने का आदेश देने की मांग की थी।

### आदर्श विचार



“कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता”

### मन की बात



“सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद”

## टिकाऊ कृषि पद्धतियों और लचीलेपन को बढ़ावा देने की पहल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सरकार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की प्रमुख नेटवर्क परियोजना ह्यजलवायु अनुकूल कृषि में राष्ट्रीय नवाचारह्ण (एनआईसीआरए) के माध्यम से देशभर में फैले 151 जलवायु रूप से संवेदनशील जिलों में जलवायु अनुकूल कृषि प्रौद्योगिकियों को विकसित और बढ़ावा देती है। जो जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों के मद्देनजर सूखा, बाढ़, पाला, हीटवेव आदि जैसी चरम मौसम स्थितियों से ग्रस्त हैं। यह जानकारी आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने दी।

इसके अनुसार जलवायु अनुकूल प्रौद्योगिकियां जैसे जलवायु अनुकूल किस्में, अंतर-फसल प्रणाली, संरक्षण कृषि, फसल विविधीकरण, कृषि वानिकी प्रणाली, जीरो-टिल बुवाई, हरी खाद, एकीकृत कृषि प्रणाली, एकीकृत पोषक तत्व और कीट प्रबंधन, जैविक खेती, साइट विशिष्ट पोषक तत्व प्रबंधन, इन-सीटू नमी संरक्षण, सुरक्षात्मक सिंचाई और सूक्ष्म सिंचाई विधियां आदि विकसित की गई हैं।

## हेमा कमेटी: सुप्रीम कोर्ट का हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट** ने केरल हाई कोर्ट के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है जिसमें हेमा कमेटी के समक्ष दर्ज गवाहों के बयानों को एफआईआर के रूप में मानकर जांच का निर्देश दिया गया था। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि आपराधिक न्यायशास्त्र इसकी अनुमति देता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक बार संज्ञेय अपराध के बारे में सूचना मिलने के बाद पुलिस अधिकारी कानून के तहत आगे बढ़ने के लिए बाध्य हैं। केरल हाई कोर्ट ने रिपोर्ट के आधार पर कहा था कि मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के यौन शोषण और उत्पीड़न से जुड़े कई मामले सामने आए हैं। केरल हाई कोर्ट ने हेमा कमेटी की रिपोर्ट के बाद कहा था कि कमेटी की ओर से दर्ज किए गए गवाहों के बयान संज्ञेय अपराधों के होने का खुलासा करते हैं। इसलिए कमेटी के समक्ष दिए गए बयानों को धारा 173 के तहत सूचना के रूप में माना जाएगा।

दरअसल, नवंबर 2017 में जस्टिस हेमा कमेटी के सदस्यों ने जांच शुरू की थी।

## भारत ने हासिल की 100 गीगावाट की सौर ऊर्जा क्षमता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने 100 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता हासिल किया है, जो एक मील का पत्थर है। जोश ने 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के देश के लक्ष्य को भी रेखांकित किया। जोशी ने एक्स पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने 100 गीगावाट सौर क्षमता हासिल किया है। ये उपलब्धि स्वच्छ, हरित भविष्य के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता से प्रेरित है। इससे अक्षय ऊर्जा में वैश्विक नेता के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि स्वच्छ, हरित भविष्य के लिए देश की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रह्लाद जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में भारत की ऊर्जा यात्रा ऐतिहासिक और प्रेरणादायक रही है।



हरियाणा के जिला फरीदाबाद के सूरजकुंड में आयोजित 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले सीएम नायब सैनी का मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन करते हुए।

**विधानसभा चुनाव** केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री शेखावत ने किया मेले का उद्घाटन, मुख्यमंत्री सैनी सहित अन्य अतिथियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

## 38 वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले का हुआ आगाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के जिला फरीदाबाद के सूरजकुंड में आयोजित 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का भव्य आगाज हुआ। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बतौर मुख्य अतिथि मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल, सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण व अंत्योदय सेवा मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर और खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम की गरिमामयी उपस्थिति रही। सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला 7 फरवरी से 23 फरवरी तक चलेगा, जिसमें देश-विदेश के शिल्पकारों और कलाकारों की अद्भुत कला, शिल्प और प्रतिभा देखने को मिलेगी। उद्घाटन अवसर पर संबोधित करते हुए केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि आज दो बड़े ऐतिहासिक आयोजनों के माध्यम से भारत देश विश्व का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। एक ओर जहां, पिछले हजारों साल से भारत को एकता के स्वरूप सांस्कृतिक विरासत का अध्याय लिखने वाले व भारत को सामाजिक समरसता और एकता के सूत्र में बांधने वाले महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। वहीं, दूसरी ओर भारत की सांझी कलात्मक विरासत का प्रदर्शन करने वाले सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का आज शुभारंभ हुआ है।






# गोवंश के अवशेष फेंकने वाले दो तस्करों और पुलिस के बीच मुठभेड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद :** ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र में करीब 20 दिन पहले गोवंश के अवशेष फेंकने वाले दो तस्करों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में बाइक सवार तस्कर के पैर में गोली लगी है, जिससे वह घायल हो गया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने गोकशी की घटना से संबंधित अवैध शस्त्र, छुरा और रस्सी बरामद की है। मुठभेड़ में गिरफ्तार तस्कर साजिद उर्फ सदुआ पुत्र बाबू निवासी उझारी थाना सैदनगली जनपद अमरोहा का रहने वाला है। वह अभी हाल पता



पीली पट्टी जनता कॉलोनी थाना वेलकम जाफराबाद दिल्ली में रह रहा है। साजिद के ऊपर गोकशी के मामले में 25000 का इनामी रह चुका है। वहीं, दूसरा बज्जू उर्फ अज्जू उर्फ वजाहत पुत्र बाबू कुरैशी निवासी ढक्का थाना सैदनगली का रहने वाला है। गोकशी के मामले में उस पर 1500 रुपये का इनाम रह चुका है। दोनों तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हुऐ हैं। आरोपियों ने एनसीआर क्षेत्र से होंडा सिटी में गाय चोरी कर दिल्ली में काटकर उनके अवशेषों को थाना ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र में सड़क किनारे सीवर के गड्ढे में दो प्लास्टिक के कट्टे में भरकर फेंका था। मुठभेड़ में घायल गिरफ्तार अभियुक्तों पर गैंगस्टर सहित गोकशी,चोरी, हत्या का प्रयास और शस्त्र अधिनियम आदि के 24 से अधिक मामले दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, संभल, अमरोहा व अन्य शहरों में दर्ज हैं।

**एनकाउंटर**

**मुठभेड़ में बाइक सवार तस्कर के पैर में गोली लगी है, जिससे वह घायल हो गया**

# आईपी में सुब्बाराव मेमोरियल लेक्चर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी (यूएसबीटी) द्वारा डॉ. येल्लाप्रगडा सुब्बाराव मेमोरियल लेक्चर का आयोजन किया गया। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी (एनआईआई) के डायरेक्टर प्रो. देबासिसा मोहंती ने प्रोटीन स्ट्रक्चर प्रेडिक्शन टू डिजिटल ट्विन्स विषय पर मुख्य भाषण दिया, जिसमें उन्होंने प्रोटीन स्ट्रक्चर प्रेडिक्शन तकनीकों के विकास और उन्नति, उनके आधुनिक विज्ञान में अनुप्रयोगों और जैव प्रौद्योगिकी में डिजिटल ट्विन्स की उभरती अवधारणा पर गहराई से जानकारी दी।

**मार्गदर्शन**

**प्रो. देबासिसा मोहंती ने प्रोटीन स्ट्रक्चर प्रेडिक्शन टू डिजिटल ट्विन्स विषय पर मुख्य भाषण दिया**

यह मेमोरियल लेक्चर विज्ञान में डॉ. येल्लाप्रगडा सुब्बाराव के उत्कृष्ट योगदान और चिकित्सा और जैव रासायनिक अनुसंधान के क्षेत्र में उनकी अग्रणी भूमिका की याद दिलाता है। इस कार्यक्रम में यूएसबीटी के प्रोफेसरों के साथ-साथ स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी छात्रों सहित 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## उत्तर रेलवे

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | आरओके–बीटीआई सेक्शन पर टोहाना स्टेशन पर 25 केवी ओएचई संशोधन कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग, डीएलआई–बीटीआई सैक्शन पर टोहाना स्टेशन पर रनिंग लाइन में परिवर्तित करके रिलीफ साइडिंग (माल हैंडलिंग लाइन) पर सीधे रिसेप्शन/डिस्पैच सुविधा के प्रावधान के संबंध में। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 42,51,795.01/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 85,000/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 20.02.2025 (10.30 बजे) से 06.03.2025 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 06.03.2025 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | Capital (PH-16) |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या : 50-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25 दिनांक : 07.02.2025 425/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शाहनवाज, पुत्र** : रियाजुद्दीन मलिक, **पता:** मकान नं. एच–3/1475–76, जहाँगीरपुरी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 706/2021 U/S 302/201/34 IPC & 25/27 Arms Act, थाना: मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शाहनवाज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शाहनवाज** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 706/2021 U/S 302/201/34 IPC & 25/27 Arms Act, थाना: मॉडल टाउन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शाहनवाज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री जगमोहन सिंह**
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (उत्तरी)–03
कमरा नं. 312, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/1328/NW/2025
(Court Matter)

# डीपीएस में गड्ढा खोदते समय गिरी दीवार, दबकर श्रमिक की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) में स्विमिंग पूल पर लिंटर डालने के लिए गड्ढा खोदते समय दीवार गिरने से श्रमिक की मौत हो गई। श्रमिक की पहचान हमीरपुर के बाबूलाल (50) के रूप में हुई है। हादसे में दो श्रमिक घायल हो गए। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने घायल श्रमिकों को इलाज के लिए कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले में पुलिस ने ठेकेदार को हिरासत में लिया है।
डीपीएस में चहारदीवारी के पास छात्रों के लिए स्विमिंग पूल बना है। स्कूल के पास हाइराइज सोसाइटी के लोग स्विमिंग पूल में अभ्यास करते समय छात्रों को देखते हैं।

# खेलते-खेलते तालाब में गिरा मासूम, बच्चे की मौत से घर में मचा कोहराम

**टीम एक्शन इंमडिया**
**स्याना (बुलंदशहर) :** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के स्याना कोतवाली क्षेत्र के गांव मांकड़ी में खेलते समय एक मासूम बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। वहीं मासूम की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के पिता चंद्रपाल ने बताया कि पीड़ित का दो वर्षीय बेटा प्रीत घर के बाहर खेल रहा था। बताया कि प्रीत खेलते-खेलते घर के निकट स्थित तालाब के पास पहुंच गया। उसी दौरान खेलते समय मासूम तालाब में डूब गया। जानकारी मिलते ही परिजनों द्वारा तत्काल



मासूम को तालाब से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक प्रीत की मौत हो चुकी थी। वहीं सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मासूम की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक मासूम का पिता चंद्रपाल मजदूरी का कार्य करता है। सीओ दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा जा रहा है।

**मौत**

**मृतक के पिता चंद्रपाल ने बताया कि पीड़ित का दो वर्षीय बेटा प्रीत घर के बाहर खेल रहा था**

## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

टेंडर नोटिस सं. 95/2024-2025 दिनांक 07.02.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 10245147 | इंडिविजुअल लोड बैरिंग वेल्ड | 10616 नग | 03.03.25 |
| 2 | 77259005 RGC | 6 एम एम नायलॉन कॉर्ड प्रबलित जी आर एस पी | 2504 सेट | 04.03.25 |
| 3 | 03243126 | हैवी ड्यूटी डोर क्लोजर | 1977 नग | 06.03.25 |
| 4 | 14250907 | नेचुरल एंड आर्टिफीसियल फाइबर थर्मोसेट कम्पोजिट | 2314 नग | 10.03.25 |

निविदा शर्तें–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
427/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **तालिब** पुत्र **मोहम्मद सलीम निवासी ए–65, गली नं. 1, कबीर नगर, दिल्ली** ने case **FIR No. 207/2019 U/s 27/61/85 NDPS Act, थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **तालिब** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **तालिब** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 207/2019 U/s 27/61/85 NDPS Act, थाना वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **तालिब** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 27.03.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 19, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/1341/NE/2025(Court Matter)

## उत्तर रेलवे

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थान | आरओके–बीटीआई सेक्शन पर बरेटा स्टेशन पर 25 केवी ओएचई संशोधन कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग, डीएलआई–बीटीआई सेक्शन पर बरेटा स्टेशन पर रनिंग लाइन में परिवर्तित करके रिलीफ साइडिंग (माल हैंडलिंग लाइन) पर सीधे रिसेप्शन/डिस्पैच सुविधा के प्रावधान के संबंध में। |
| 2. | अनुमानित लागत | Rs. 45,10,934.24/- |
| 3. | बयाना राशि | Rs. 90,200/- |
| 4. | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 19.02.2025 (10.30 बजे) से 05.03.2025 (15.00 बजे तक) |
| 5. | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई– निविदा खुलने की तारीख और समय | 05.03.2025 (15:00 बजे तक) |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या: 49–क.वि.–नई दिल्ली–2024–25 दिनांक: 06.02.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 419/25

# विधायक के साथ साप्ताहिक पैंठ हटाने के विरोध में सड़क पर उतरे दुकानदार, डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडयिा**
**गाजियाबाद :** कमिश्नरेट पुलिस की कार्रवाई के विरोध में सप्ताहिक पैठ बाजार के दुकानदार शुक्रवार को सड़कों पर उतरे। सैकड़ो दुकानदारों ने पैदल मार्च निकालकर कलक्ट्रेट का घेराव किया और डीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। दुकानदारों की मांग है की साप्ताहिक पैंठ ना हटाई जाए। सड़कों से पैठ हटाने के लिए वह तैयार है। उसके बदले उन्हें पर्याप्त स्थान महिया कराया जाए। नन्द किशोर गुर्जर के नेतृत्व में डीएम कार्यालय दुकानदार पहुंचे।

## उत्तर रेलवे

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉट्स/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित कि जाती है:–

| ई–कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-04-2025 | दिनांक 24.02.2025 को 11:00 बजे | नई दिल्ली (AGS Side) (PCCV), मेरठ कैंट (कंकनखेड़ा), नया गाजियाबाद, नई दिल्ली (AG Side) (TW Parking), करनाल (641.62 वर्गमीटर), कुरुक्षेत्र 1st Entry, कुरुक्षेत्र 2nd Entry, दिल्ली 2nd Entry KGS Side (TW Parking), बरेटा, मुरादनगर, खतौली, कुरुक्षेत्र Site-1, कुरुक्षेत्र Site-2, आदर्श नगर (PRS), करनाल (375 वर्गमीटर), शाहाबाद मारकंडा, दिल्ली सदर बाजार (1603.94 वर्गमीटर) = कुल 17 साइटें |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | https://ireps.gov.in/ |
| ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | आई आर पी एस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है। 1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मॉड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। 2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान। 3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता। 4. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण। 5. फण्ड का लियन मार्किंग। 6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) 7. जिन ठेकेदारो के पास आई आर पी एस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आई आर ई पी एस खाता नहीं है वे आई आर पी एस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है। | |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 | |

सं.: 23AC/393/E-Auction/Pkg/2025 दिनांक: 07.02.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 428/25

## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110055 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा स. | विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 93247480 | आरडीएसओ स्पेक नं. आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/110/2020 के अनुसार 24 फाइबर आर्मर्ड ऑप्टिक फाइबर केबल की आपूर्ति और निविदा खुलने की तिथि तक नवीनतम संशोधनों के साथ। | 72 किलोमीटर | 04.03.2025 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती हैं। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं0 93247480 दिनांक : 07.02.2025 424/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## भारतीय रेल

**"सार्वजनिक अधिसूचना"**

उत्तर रेलवे के निम्नलिखित खंड के पूर्ण खंड पर स्थित रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को सूचना दी जाती है कि: "देवबंद–रुड़की खंड की नई विद्युतीकृत लाइन का इलेक्ट्रिक लोको ट्रायल नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जाएगा।

| अनुभाग | दिनांक |
|---|---|
| देवबंद–रुड़की सेक्शन की नव विद्युतीकृत लाइन का इलेक्ट्रिक लोको ट्रायल। | 08.02.2025 |

उप. मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण
उत्तर रेलवे, चौथी मंजिल
डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली

414/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्रवेश वर्मा ने फोन करवाया, आपके फायदे की बात हैः अहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने संभावित विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोपों के बीच चुनाव लड़ रहे अपने प्रत्याशियों की अपने आवास पर सभी 70 प्रत्याशियों के साथ अहम बैठक की। इसमें दिल्ली सरकार में मंत्री मुकेश अहलावत ने भी विपक्षी दल की तरफ से फोन आने की बात कही। केजरीवाल के साथ बैठक में सुल्तानपुर माजरा से आप के प्रत्याशी और दिल्ली सरकार में मंत्री मुकेश अहलावत ने दावा किया है कि मेरे पास वॉट्सऐप पर 11 बजे के आसपास फोन आया था।

फोन करने वाले शख्स ने कहा कि भाजपा नेता प्रवेश वर्मा ने फोन करवाया है और वह आपसे मिलना चाहते हैं। मैंने कहा कि क्यों मिलना है, क्या काम है? हम तो आम आदमी पार्टी के हैं। इस पर शख्स ने कहा कि आपके फायदे के लिए है, आपको फायदा ही होगा।

**कॉलर ने मंत्री बनाने का दिया लालचः मुकेश अहलावत**

मुकेश अहलावत ने कहा, "मैंने उनसे कहा कि क्या फायदा होगा? चुनाव तो हो गए। अगर फायदा करना था तो चुनाव से पहले कर लेते। इस पर उन्होंने कहा कि आप समझा करो। कुछ और भी फायदे होते हैं। मैंने कहा कि क्या फायदे होते हैं? मैं इतना तो समझता हूं कि क्या फायदे होते हैं।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# केजरीवाल को एसीबी का नोटिस, पूछे 5 सवाल

## विधायकों को 15 करोड़ के आफर के आरोप मामले में एसीबी ने केजरीवाल को जांच में शामिल होने का दिया नोटिस

**आरोप गंभीर**

**इसलिए मामले की सच्चाई जानने के लिए एसीबी की तत्काल जांच और हस्तक्षेप की आवश्यकता है**







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की** भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के विधायकों को रिश्वत की पेशकश के आरोपों के बाद पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस दिया है। एसीबी के अधिकारियों की एक टीम शुक्रवार को केजरीवाल के आवास पर पहुंची और उन्हें नोटिस दिया। इस नोटिस में कहा गया है कि दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा आम आदमी पार्टी के विधायकों को रिश्वत की पेशकश के आरोपों की जांच कर रही है। यह आरोप बेहद गंभीर हैं और इसलिए मामले की सच्चाई जानने के लिए एसीबी की तत्काल जांच और हस्तक्षेप की आवश्यकता है। एसीबी ने केजरीवाल से आज किसी भी सुविधाजनक समय पर उनके एक्स पर संबंधित पोस्ट को लेकर जानकारी मांगी है। नोटिस में केजरीवाल से पूछा गया है कि क्या आप इस एक्स पोस्ट से सहमत हैं कि आपकी पार्टी के 16 विधायक उम्मीदवारों को रिश्वत की पेशकश की गई है। एसीबी ने उक्त 16 उम्मीदवारों का ब्यौरा मांगा है। आआपा की लीगल सेल के प्रमुख संजीव नासियार ने बताया कि एसीबी के अधिकारी डेढ़ घंटे पहले बिना नोटिस यहां आए थे। उनके पास न तो नोटिस था और न ही स्टाम्प। जब हमने उनसे कहा कि वे हमसे कानूनी तौर पर पूछताछ कर सकते हैं और हम उनके साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं, तो उन्होंने हमें नोटिस देने में डेढ़ घंटे लगा दिए।

उन्होंने हमें अब जो नोटिस दिया है, उसमें शिकायतकर्ता के बारे में कोई विवरण नहीं है और केवल अरविंद केजरीवाल के एक्स पोस्ट के बारे में विवरण है। वहीं आआपा नेता संजय सिंह ने कहा कि उन्होंने एसीबी से इस मामले की गहन जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि ध्यान देने वाली एक और बात यह है कि जब दिल्ली में हत्या, डकैती और बलात्कार के मामलों की बात आती है, तो क्या एलजी उसी तत्परता से कार्रवाई करते हैं। नहीं, वे ऐसा नहीं करते, लेकिन इस मामले में इतनी तत्परता से कार्रवाई देखना अच्छा है। मैंने व्यक्तिगत रूप से जांच का अनुरोध करते हुए एक लिखित शिकायत प्रस्तुत की है और एसीबी इसकी जांच करेगी।

# करारी हार के डर से केजरीवाल कर रहे हैं बयानबाजी: तरूण चुघ




**साधा निशाना**

**तरुण चुघ ने कहा कि यह केजरीवाल एवं उनके नेताओं के षड्यंत्रकारी और शैतानी दिमाग की उपज है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि हार के डर से वे उलटे-सीधे बयानबाजी कर रहे हैं। ऑपरेशन लोटस के बयान पर तरुण चुघ ने कहा कि यह केजरीवाल एवं उनके नेताओं के षड्यंत्रकारी और शैतानी दिमाग की उपज है। उन्हें अच्छी तरह पता है कि आआपा दिल्ली चुनाव में बुरी तरह हार रही है। उनके 10 विधायक भी नहीं जीतने वाले। उन्होंने कहा कि खुद धोखाधड़ी मामले में जमानत पर छूटे केजरीवाल अपनी सीट हार रहे हैं, मुख्यमंत्री आतिशी अपनी सीट हार रही हैं और इनके सभी बड़े नेताओं की हार निश्चित है। इसलिए ये भ्रम फैला रहे हैं। अब इनका भानुमति का कुनबा दिल्ली में अब पूरी तरह बिखर रहा है।

चुघ ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में केजरीवाल के आरोपों पर कटाक्ष किया कि इनके गैर जिम्मेदाराना बयान पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। इससे पहले भी कई बार झूठ बोलने के कारण केजरीवाल और इनके नेता सार्वजनिक रूप से माफी मांग चुके हैं। यहां तक की खुद मुख्यमंत्री आतिशी इसी तरह के एक और झूठ के कारण जमानत पर हैं। ये पूरी आप-दा पार्टी झूठ बोलने और षड्यन्त्र रचने मे माहिर पार्टी है। चुघ ने दिल्ली चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन को लेकर कहा कि दिल्ली की जनता का अपार स्नेह भाजपा को इस बार मिला है और निश्चित रूप से इस बार दिल्ली मे कमल खिलेगा। दिल्ली की जनता प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों से गदगद है और इस बार दिल्ली की जनता भाजपा की डबल इंजन की सरकार को प्रचंड बहुमंत से सत्ता मे ल रही है। इस बार दिल्ली को आपदा से मुक्ति मिलेगी। चुघ ने कहा कि कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी भी यूजीसी पर देश को बहकाने का काम कर रहे है। दरअसल राहुल लगातार दो दर्जन करारी हार से घबराहट मे हताशा में ऐसे ऊटपटांग बयान दे रहे हैं।



दिल्ली और नोएडा के स्कूलों को ताजा धमकी भरा मैसेज मिला है। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# झुग्गियों में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।।** रोहिणी सेक्टर-18 स्थित झुग्गियों में सुबह अचानक आग लग गई। मामले की सूचना मिलते ही स्थनीय पुलिस के अलावा दमकल की 12 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने एक घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। घटना में करीब 20 झुग्गी जलकर नष्ट हो गयी हैं। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। शुक्रवार सुबह करीब 6.23 बजे रोहिणी सेक्टर-18 स्थित झुग्गियों में आग लगने की सूचना मिली थी। खबर मिलते ही एक-एक कर दमकल की 12 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

# बौद्ध परिसंघ बुद्ध त्रिनेत्र सेवा अभियान शुरू करेगा



**हरी झंडी**


**नेपाल के लुम्बिनी से श्रीलंका के गॉल तक एक मोटरसाइकिल अभियान पूर्व राष्ट्रपति बोधगया से अभियान को दिखाएंगे झंडी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) ऐतिहासिक भगवान बुद्ध त्रिनेत्र सेवा अभियान शुरू करेगा। यह सहयोगात्मक पहल भारत, नेपाल और श्रीलंका की सशस्त्र सेनाओं को आईबीसी के साथ साझेदारी में लुम्बिनी, नेपाल (भगवान बुद्ध की जन्मस्थली) से श्रीलंका के गॉल तक एक अनोखा मोटरसाइकिल अभियान शुरू करने के लिए एक साथ लाती है। तीनों देशों के रक्षाकर्मियों वाला यह अभियान प्रमुख बौद्ध विरासत स्थलों से होकर गुजरेगा, जो बौद्ध धर्म के ऐतिहासिक प्रसार का प्रतीक है और इन देशों के बीच साझा सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को मजबूत करता है। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि अभियान के प्राथमिक उद्देश्यों में शांति और सद्भाव, पर्यटन तथा पर्यावरण जागरुकता बढ़ाना और सबसे महत्वपूर्ण रूप से भारत, नेपाल और श्रीलंका के बीच गहरे संबंधों का जश्न मनाना शामिल है। अभियान के भारतीय चैप्टर के आयोजन भागीदार के रूप में आईबीसी प्रतिभागियों को सारनाथ, बोधगया, नालंदा, नागार्जुन सागर (आंध्र प्रदेश) और उदयगिरि (ओडिशा) जैसे महत्वपूर्ण बौद्ध स्थलों के माध्यम से मार्गदर्शन करेगा। अभियान को औपचारिक रूप से भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द द्वारा 19 फरवरी 2025 को बौद्ध स्थल के रूप में प्रतिष्ठित बोधगया से हरी झंडी दिखाई जाएगी।

# दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों और डीयू के कॉलेज को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**हड़कंप**

**दिल्ली-एनसीआर में फिर स्कूलों को मिली धमकी।**
**स्कूलों को बम से उड़ाने की मिली है धमकी**
**धमकी भरे ई-मेल से स्कूल में मचा हड़कंप**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में एक बार फिर बम की धमकी मिली है। वहीं, धमकी भरा ई-मेल देखकर स्कूल में हड़कंप मच गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। बताया गया कि दिल्ली और नोएडा के स्कूलों को ताजा धमकी भरा मैसेज मिला है। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, अभी यह पता नहीं चला है कि धमकी किसने भेजी है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के मयूर विहार फेज-1 में अहलकॉन इंटरनेशनल स्कूल में धमकी मिलने के बाद स्कूल में जांच की गई। हालांकि, स्कूल में कुछ भी असामान्य नहीं मिला। पूर्वी जिले का बम निरोधक दस्ता, एसएचओ पांडव नगर और पीएस स्टाफ के साथ स्कूल में पहुंचे। वहीं, दिल्ली पुलिस का कहना है कि स्कूल परिसर की जांच की गई है। उधर, नोएडा में एक्सप्रेसवे थाना क्षेत्र के सेक्टर 168 स्थित शिव नादर स्कूल को धमकी भरा ई-मेल मिला है। पुलिस की जांच में कुछ नहीं मिला और ई-मेल का फर्जी होना पाया गया है। पुलिस के मुताबिक, शिव नादर स्कूल में स्पैम मेल द्वारा बम थ्रेट प्राप्त होने पर तत्काल थाना एक्सप्रेस-वे पुलिस टीम, बॉम्ब स्क्वाड, फायर ब्रिगेड, डॉग स्क्वाड, बीडीडीएस टीम से सभी जगह चेकिंग कराई जा रही है। पुलिस आला अधिकारी मौके पर मौजूद है। साइबर टीम द्वारा ई-मेल के संबंध में जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जनता से अनुरोध है वे अफवाह पर ध्यान ना दें और संयम बनाये रखें। बता दें कि दिल्ली के सेंट स्टीफन कॉलेज को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। आज सुबह 7.42 बजे ई-मेल द्वारा कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी मिली। राजधानी दिल्ली के कई स्कूलों को भी एक बार फिर से धमकी भरा ई-मेल आया है। उधर, कॉलेज प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस प्रशासन द्वारा कॉलेज को खाली करवाया गया। फिलहाल बॉम्ब स्क्वॉड की टीम, दिल्ली पुलिस व तमाम जांच एजेंसियां कॉलेज में जांच कर रही है। पुलिस के आलाधिकारी भी मौके पर मौजूद है।

# ठगी के इंटरनेशनल गिरोह का भंडाफोड़

## भारत से पैसा सीधे भेजा जाता था चीन; पांच आरोपी दबोचे गए



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिणी पश्चिमी जिला पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट कर देशभर के लोगों को ठगने वाले चीनी गिरोह का पदार्फाश उसके पांच भारतीय जालसाजों को गिरफ्तार किया है। ठग चीन में बैठे अपने आकाओं को बैंक खाते और मोबाइल सिमकार्ड उपलब्ध कराते थे। फिर इन खातों में पीड़ितों से ठगी की रकम ट्रांसफर कराई जाती थी। पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि जालसजों की पहचान उत्तर प्रदेश के झांसी के रसबहार कॉलोनी निवासी अभिषेक यादव, प्रेमनगर के इमरान कुरैशी, असद कुरैशी, जावेद और शास्त्री नगर के देव सागर के रूप में हुई है। पुलिस ने इनसे ठगी में इस्तेमाल 11 मोबाइल, छह एटीएम कार्ड, लैपटाप और कई बैंक खातों की चेक बुक बरामद की है। यह पांचों चीन से भारत में ठगी करने वाले गिरोह के लिए काम कर रहे थे। आरोपित गिरोह को बैंक खाते उपलब्ध कराते थे। यह टेलीग्राम ऐप के माध्यम से गिरोह को ठगी के पैसे भेजते थे। वह ठगी की रकम निकालकर दूसरे खाते में फर्जी खाते में जमा कर देते थे। फिर उस रकम के यूएस डालर खरीदकर चीन गिरोह की कंपनी को भेज देते थे। जालसाजों के खिलाफ विभिन्न राज्यों से 43 शिकायतें गृह मंत्रालय पोर्टल पर दर्ज हैं।

**सेवानिवृत्त सेनाधिकारी को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे थे 15 लाख**

पिछले साल आठ दिसंबर को द्वारका के राजनगर पार्ट दो निवासी गोपाल नाम के सेवानिवृत्त सेनाधिकारी ने बताया कि उन्हें मनी लान्ड्रिंग मामले में मुंबई कोर्ट द्वारा जारी गैर जमानती वारंट के बारे में एक काल आया था।

# केजरीवाल ने आआपा के सभी प्रत्याशियों को जीत के प्रति किया आश्वस्त

**भरोसा जताया**

**बैठक की और उन्हें आश्वस्त किया कि दिल्ली में एक बार फिर से आप की सरकार बनाने जा रही**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आने से एक दिन पहले शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के सभी 70 प्रत्याशियों के साथ बैठक की और उन्हें आश्वस्त किया कि दिल्ली में एक बार फिर से आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने जा रही है। बैठक में केजरीवाल ने प्रत्याशियों से कहा कि जिस मजबूती से आपने चुनाव लड़ा है, उसी मजबूती से काउंटिंग की तैयारी करें। बैठक में केजरीवाल ने पार्टी प्रत्याशियों से उनके विधानसभा क्षेत्रों का माहौल जाना। केजरीवाल ने एग्जिट पोल में आआपा को दूसरे स्थान पर रखने वाले दावों को खारिज करते हुए प्रत्याशियों को जीत के प्रति आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को सरकार बनाने का जनाधार दिया है। हम कम से कम 50 सीटें जीत कर सरकार बनाने जा रहे हैं।

बैठक के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सब जानते हैं कि भाजपा ने किस तरह पैसे और गुंडागर्दी की चुनाव लड़ने की कोशिश की और आज भी गाली-गलौज करने की हरकत कर रही है, वह किसी से छिपा नहीं है। शनिवार के बाद उनका सारा खेल खत्म हो जाएगा। वहीं, आआपा के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पार्टी के सभी उम्मीदवारों की बैठक हुई। इसमें सभी उम्मीदवारों ने अपनी रिपोर्ट दी है। उम्मीदवारों की रिपोर्ट से साफ है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी 50 से ज्यादा सीटों पर निश्चिततौर से जीत हासिल करने जा रही है। करीब 7-8 सीटों पर कड़ी टक्कर दिख रही है। दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को अपनी सरकार बनाने के लिए जनाधार दिया है और आम आदमी पार्टी दिल्ली में सरकार बनाएगी। विधायकों को खरीदने के लिए आ रहे फोन के दावों पर गोपाल राय ने कहा कि आज मीटिंग में भी कई विधायकों ने यह बात बताई है। हमारे विधायक और मंत्री ने फोन करने वाले के नंबर भी जारी किये हैं। ये सारे तथ्य धीरे-धीरे सबके सामने आ रहे हैं। भाजपा कहीं न कहीं एग्जिट पोल का दबाव बनाकर ये तरीके अपना रही है, लेकिन न तो चुनाव में उनकी यह गुंडागर्दी और गाली-गलौज चली है और काउंटिंग के बाद भी इस गाली-गलौज पार्टी की सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। उधर, सुल्तानपुर माजरा से आआपा के प्रत्याशी व दिल्ली सरकार में मंत्री मुकेश अहलावत ने कहा कि उनके वॉट्सऐप पर 11 बजे के आसपास फोन आया था। फोन करने वाले शख्स ने कहा कि भाजपा नेता प्रवेश वर्मा ने फोन करवाया है और वह आपसे मिलना चाहते हैं।

# केजरीवाल ने आयोग पर विधानसभा क्षेत्रों का बूथवार डेटा अपलोड न करने का आरोप



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) पर सभी विधानसभाओं का बूथवार मतदान के प्रतिशत शा आंकड़ा अपलोड नहीं करने का आरोप लगाया है।

आआपा के संयोजक केजरीवाल ने एक पर पोस्ट कर लिखा, चुनाव आयोग ने कई बार अनुरोध करने के बावजूद फॉर्म 17सी और हर विधानसभा में हर बूथ पर डाले गए वोटों की संख्या अपलोड करने से इनकार कर दिया है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी ने नामक एक वेबसाइट बनाई है। उन्होंने दावा किया है कि इस बेवसाइट पर उन्होंने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के सभी 17सी फॉर्म की प्रतियां अपलोड कर दी हैं। इस फॉर्म में हर बूथ पर डाले गए वोटों का पूरा ब्योरा है। केजरीवाल ने कहा कि वह दिनभर हर विधानसभा और हर बूथ का डेटा सारणीबद्ध प्रारूप में भी पेश करेंगे ताकि हर मतदाता इस जानकारी तक पहुंच सके। यह कुछ ऐसा है जो चुनाव आयोग को पारदर्शिता के लिए करना चाहिए था, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे ऐसा करने से इनकार कर रहे हैं।

# केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ा दिल्ली पुलिस का कांस्टेबल



**गिरी गाज**

**फिलहाल दिल्ली पुलिस ने पंकज को निलंबित कर दिया है और उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया और अब सभी को मतगणना का इंतजार है। इस बार चुनाव में नई दिल्ली विधानसभा सीट से दिल्ली पुलिस के सिपाही पंकज भी निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव मैदान में उतरे। दिल्ली पुलिस के इतिहास में यह पहली बार था कि किसी ऑन ड्यूटी पुलिसकर्मी ने नामांकन भरा और चुनाव लड़ा। फिलहाल दिल्ली पुलिस ने पंकज को निलंबित कर दिया है और उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी है।

**नामांकन भरने की जानकरी विभाग को नहीं दी**

6 बटालियन दिल्ली पुलिस के उपायुक्त वी. हरेश्वर स्वामी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस की छठी बटालियन में तैनात सिपाही पंकज शर्मा ने बिना अनुमति नई दिल्ली विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ा। 26 जनवरी तक कर्तव्य पथ पर तैनात रहे थे और उसके बाद बिना बताए ड्यूटी से अनुपस्थित हो गए। उन्होंने नामांकन भरने की जानकारी विभाग को नहीं दी थी।

**खराब कानून व्यवस्था को लेकर लड़ा था चुनाव**

उन्होंने कहा कि उन्होंने सर्विस नियमों की अवहेलना की, जिसको लेकर उन्हें निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। वहीं पंकज का कहना है कि दिल्ली की बिगड़ती कानून व्यवस्था से आहत उन्होंने व्यवस्था ठीक करने के खातिर चुनाव लड़ने का फैसला लिया था और गणतंत्र दिवस की ड्यूटी के बाद विभाग को लिखित में इसकी सूचना दी थी, जो अभी तक पेंडिंग है।

**अपराध खत्म करने के लिए मांग रहा था वोट**

पंकज का कहना है कि वह 2003 में दिल्ली पुलिस में भर्ती हुए थे। वह आठ साल तक स्पेशल सेल में रहे। परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। पिता भी दिल्ली पुलिस से इंस्पेक्टर के पद से रिटायर्ड हैं। पंकज ने बताया कि अपराध को एक पुलिसकर्मी बेहतर तरीके से समझ सकता है। अपराध खत्म करने के लिए जनता से वोट मांग रहा था। पुलिस वाला होने से पहले दिल्ली का नागरिक हूं, इसलिए सुरक्षित दिल्ली के खातिर चुनाव लड़ने का फैसला किया।

**बाटला हाउस समेत 18 एनकाउंटर में शामिल था पंकज**

पंकज का दावा है कि वह बटला हाउस समेत 18 एनकाउंटर में शामिल रहे हैं। फिलहाल वह लक्ष्मी नगर के गढ़वाली मोहल्ले में रहते हैं।

# 38वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले का हुआ आगाज

केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने किया मेले का उद्घाटन, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

**प्रतिभा**

**7 फरवरी से 23 फरवरी तक चलेगा, कलाकारों की अद्भुत कला, शिल्प और प्रतिभा देखने को मिलेगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के जिला फरीदाबाद के सूरजकुंड में आयोजित 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का आज भव्य आगाज हुआ। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बतौर मुख्य अतिथि मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल, सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण व अंत्योदय सेवा मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर और खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम की गरिमामयी उपस्थिति रही। सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला 7 फरवरी से 23 फरवरी तक चलेगा, जिसमें देश-विदेश के शिल्पकारों और कलाकारों की अद्भुत कला, शिल्प और प्रतिभा देखने को मिलेगी। उद्घाटन अवसर पर संबोधित करते हुए केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि आज दो बड़े ऐतिहासिक आयोजनों के माध्यम से भारत देश विश्व का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। एक ओर जहां, पिछले हजारों साल से भारत को एकता के स्वरूप सांस्कृतिक विरासत का अध्याय लिखने वाले व भारत को सामाजिक समरसता और एकता के सूत्र में बांधने वाले महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। वहीं, दूसरी ओर भारत की सांझी कलात्मक विरासत का प्रदर्शन करने वाले सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का आज शुभारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि सूरजकुंड का यह मेला केवल क्राफ्ट को ट्रेड करने या दिखाने का अवसर नहीं है, बल्कि यह शिल्पकारों और दस्तकारों की पुरातन परंपरा को दशार्ने का महान मंच है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक भारत-श्रेष्ठ भारत का जो स्वपन हम देख रहे हैं, यह मेला उस संदेश को चरितार्थ करने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज से 10-15 साल पहले भारत की पहचान पूरे विश्वभर में एक गरीब देश, पिछड़े व देश के रूप में थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 10 सालों में जो प्रगति की है, उससे एक नए सूर्य का उदय हुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जिस तरह योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है, उससे 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल गए हैं। आज भारत की पहचान विश्व में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में बनी है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आज के युग में दुनिया के विभिन्न देशों द्वारा कल्चरल क्रिएटिव इकॉनमी को अर्थव्यवस्था में ऑरेंज इकॉनमी के नाम से औपचारिक रूप से मान्यता प्रदान की है। यह भारत के शिल्पकारों, दस्तकारों व हुनरमंदों के लिए सौभाग्यपूर्ण अवसर है। इस समय में भारत के हस्तशिल्प को भी एक नया बाजार मिले, इसकी संभावनाओं का द्वार खुल गया है। सुरजकुंड का यह मेला इस दिशा में एक बड़े मंच के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि विदेशी पर्यटन के साथ-साथ जिस तरह देशी पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है, उससे पर्यटन के क्षेत्र में भारत को नई ऊँचाईयां देखने को मिली है। गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के पास होने से हरियाणा को बहुत बड़ा लाभ है और यहां माइस (मीटिंग, इंसेंटिव, कॉन्फ्रेंस, एग्जिबिशन्स) टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं।





## शिल्प मेला देश की बन चुका पहचान: सीएम सैनी

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सूरजकुंड और सूरजकुंड का यह अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला केवल हरियाणा की ही नहीं बल्कि पूरे देश की पहचान बन चुका है। यह मेला हमारी वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को भी साकार करता है और शिल्प के साथ साथ हमारी संस्कृति को भी दुनिया के सामने रखने का अवसर देता है। उन्होंने इस मेले के आयोजन के लिए हरियाणा पर्यटन विभाग, केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय, वस्त्र, संस्कृति और विदेशी मामले मंत्रालयों और सूरजकुंड मेला प्राधिकरण के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले इस मेले में एक राज्य को थीम स्टेट और एक देश को भागीदारी देश बनाया जाता था। इस बार मेले को शिल्प महाकुम्भ का आकार देने के लिए पहली बार मेले में दो राज्यों-ओडिशा और मध्यप्रदेश को थीम स्टेट बनाया गया है। सात देशों के संगठन बिम्सटेक को भी भागीदार बनाया गया है। बिम्सटेक में भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, म्यांमार, थाईलैंड और श्रीलंका शामिल हैं। भले ही ये सात अलग-अलग देश हैं, लेकिन इनकी संस्कृति में समानता है और हम सबके हित एक-दूसरे से जुड़े हैं। इन देशों की शिल्पकला बहुत समृद्ध है। उन्होंने कहा कि हम सबके लिए यह गर्व की बात है कि इस समय प्रयागराज में भी आध्यात्मिक शिल्प के प्रतीक भारतीय संस्कृति, परंपरा और सभ्यता का महान पर्व महाकुम्भ चल रहा है। इसमें लाखों साधु-संत अपने वर्षों के त्याग और तप से मानव समाज के कल्याण को समर्पित होते हैं। वहीं, दूसरी ओर इस अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में सैकड़ों ऐसे शिल्पकार मौजूद हैं, जिन्होंने वर्षों के अथक प्रयास और साधना से अपनी शिल्प कला को निखारा है। इन्होंने हमारी प्राचीन सभ्यता व संस्कृति को अपने उत्पाद के माध्यम से विभिन्न रूपों में प्रदर्शित किया है। वैसे भी शिल्प का मानव सभ्यता और संस्कृति को विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान है।



### सूरजकुंड का मेला भारत की विविधता में एकता और कला-

समारोह में अतिथियों का स्वागत करते हुए हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा राष्ट्रीय एकता और कला संस्कृति को समृद्ध बनाने पर जोर देते हैं और सूरजकुंड का यह मेला भारत की विविधता में एकता को दशार्ने और प्रधानमंत्री के सपनों को पूरा करने की दिशा में शानदार उदाहरण है। उन्होंने इस मेले के सफल आयोजन के लिए पर्यटन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सूरजकुंड मेले की शुरूआत 1987 में हुई थी और वर्ष 2014 के बाद पिछले 10 सालों में इसकी छटा व आकर्षण दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह शिल्प मेला विश्व का सबसे बड़ा शिल्प मेला है, जिसमें देश और विदेश के शिल्पकार हिस्सा लेने के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार इस मेले में ग्रामीण स्पोर्ट्स को भी शामिल किया गया है। डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि इस शिल्प मेले के 2 थीम स्टेट उड़ीसा और मध्य प्रदेश हैं तथा बिम्स्टे क देशों ने पार्टनर देश के रूप में हिस्सा लिया है। इसके अलावा, 51 अतिरिक्त देश में इस मेले का हिस्सा बने हैं। उन्होंने कहा कि यह मेला विकसित भारत व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में भी बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस मौके पर विधायक मूलचंद शर्मा, धनेश अदलखा, पर्यटन विभाग की प्रधान सचिव और सूरजकुंड मेला प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती कला रामचंद्रन सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## कृषि आंकड़ों के लिए डिजिटल सेल का किया जाएगा गठन




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि कृषि आंकडे कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का मूल्यांकन करने में मदद करते हैं , इसके लिए एक डिजिटल सैल का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में पूरा ध्यान दिया जाए तो प्रदेश में अधिकतर बेरोजगारी को खेती के माध्यम से खत्म किया जा सकता है। यह सभी के सहयोग से ही संभव हो पाएगा। श्याम सिंह राणा आज पंचकूला में आयोजित कृषि सांख्यिकी-2025 की राष्ट्रीय कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य एक कृषि प्रधान प्रदेश है, राज्य की लगभग 60 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर करती है। कृषि केवल हमारी खाद्य सुरक्षा का ध्यान नहीं रखती बल्कि यह देश के लाखों किसानों के जीवन का आधार भी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्र में अलग प्रकार की फसलों की खेती होती है। सभी फसलों का अपना महत्व है। इसके अलावा कई क्षेत्रों की भूमि को कृषि उपज के अनुकूल ही विकसित किया जाना चाहिए और विशेषकर लवणीय भूमि पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शुरूआत में भले ही पैदावार कम होती थी, लेकिन तब प्राकृतिक खेती ज्यादा होती थी, जो स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक थी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वो किसानों को पैदावार बढ़वाने की बजाए जैविक खेती करने पर जोर दें। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उदेश्य कृषि आंकड़ों में सुधार व नई तकनीक को किसानों के अनुरूप बढ़ावा देना भी है। आज हम यहां केवल कृषि की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करने के लिए नहीं, बल्कि ऐसे समाधान खोजने के लिए एकत्रित हुए है, जो इसके निरन्तर विकास और स्थिरता की और मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि कृषि आंकडे, कृषि क्षेत्र की प्रगति को मापने और मूल्यांकन करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है।

**मूल्यांकन**

**कृषि सांख्यिकी-2025 की एकराष्ट्रीय कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे कृषि मंत्री**

कृषि आंकड़े फसलों का उत्पादन, प्रधानमंत्री फसल बीमा, कृषि आय और कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसरों सहित विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण करता है। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े कृषि नीतियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने में मदद करते है।

## नशा करने में प्रयुक्त दवाओं की बिक्री करने वाली दुकानों को सील करें : स्वास्थ्य मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने फूड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेड्यूल एच और एक्स दवाओं की बिक्री की निगरानी के लिए मेडिकल स्टोरों का नियमित दौरा करें और प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई करें। दोषी पाए जाने वाले मेडिकल स्टोरों का लाइसेंस भी रद्द किया जाना चाहिए और कानूनी कार्रवाई के साथ दुकानों को तुरंत सील कर दें। स्वास्थ्य मंत्री ने हरियाणा में "नशा मुक्ति कार्यक्रम" की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रदेश में सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में नशे की लत के निःशुल्क उपचार की उपलब्धता सरल की जाए और उपचार के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि नशे के आदी/रोगी की पहचान गोपनीय रहे। उन्होंने नशीली दवाओं की लत के खतरे से बचाने के लिए स्कूल / कॉलेज जाने वाले बच्चों / युवाओं को नशे की बुराई के प्रति जागरूकता फैलाने की बात कही। उन्होंने अभिभावकों को भी अपने बच्चों की आदतों पर ध्यान देने का आग्रह किया। स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने कहा कि राज्य सरकार हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके लिए समाज के लोगों तथा पुलिस की समान भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति केंद्रों द्वारा नियमों का पालन नहीं करने के कारण पिछले वर्ष 33 केंद्रों के लाइसेंस रद्द किए थे। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य में नशा मुक्ति सेवाओं को मजबूत करने के लिए भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रायोजित योजना के तहत 17 नए नशा मुक्ति केंद्रों ( व्यसन उपचार सुविधाओं) के रूप में स्थापना की जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने नशा करने वालों के खिलाफ 4505 एफआईआर दर्ज की और 7523 नशा करने वालों की पहचान की गई। नशा करने वालों से संपर्क करने और उनका उपचार करने के लिए उक्त युवाओं की सूची संबंधित जिलों के अधिकारियों के साथ साझा की गई है। स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के निदेशक डॉ. ब्रह्मदीप ने इस अवसर पर बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में ओपीडी में कुल 34684 मामूली नशे के आदी मरीजों का इलाज किया गया, जबकि गंभीर रूप से नशे के आदी 2651 मरीजों को नशे की लत के इलाज के लिए भर्ती किया गया। इनमें सबसे अधिक नशा के मामले जिला सिरसा में मिले हैं। उन्होंने सभी जिलों को राज्य के सभी नशा

**आदेश**

**प्रदेश में सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में नशे की लत के नि:शुल्क उपचार की उपलब्धता सरल की जाए**

## नई दिल्ली में नीति आयोग की समीक्षा बैठक में रखे विचार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि हरियाणा में चिकित्सा इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। राज्य सरकार अपने लोगों को उनके घर के नजदीक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ करवाने का हर संभव प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री आज नई दिल्ली में नीति आयोग की समीक्षा बैठक में अपने विचार व्यक्त कर रही थी। इस अवसर पर केंद्रीय योजना मंत्री राव इंद्रजीत सिंह तथा नीति आयोग के सदस्य डॉ विनोद कुमार पॉल , सीनियर एडवाइजर ( स्वास्थ्य) राजीब कुमार सेन , प्रोग्राम डायरेक्टर( सीनियर एडवाइजर इंचार्ज - हरियाणा) संजीत सिंह , ओएसडी (स्वास्थ्य) डॉ सुमिता घोष , डायरेक्टर ( स्वास्थ्य) हेमंत कुमार मीणा , स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल , मेडिकल एजुकेशन विभाग के निदेशक यशेंद्र सिंह , स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के महानिदेशक डॉ मनीष बंसल भी उपस्थित थे। कुमारी आरती सिंह राव ने इस अवसर पर हरियाणा में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने के लिए नीति आयोग से कोई विशेष योजना बनाने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को मेडिकल हब बनाने का विजन रखा है। उनके इस विजन को साकार करने के लिए हरियाणा सरकार भी राज्य में लगातार

## हमें ग्रीन डेवलपमेन्ट पर भी देना होगा विशेष ध्यान: भूपेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** अरावली पर्वत श्रृंखला में क्षरित भूमि के पुनर्वास, भूजल स्तर में बढ़ोतरी, जैव विविधता संरक्षण को बढ़ाने व स्थायी भूमि उपयोग के लिए सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से गुरुग्राम में तीन दिवसीय अरावली ग्रीन वॉल पार्टनरशिप शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन के सत्र का केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव व हरियाणा के पर्यावरण, वन और वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। राज्य जैव विविधता बोर्ड और द नेचर कंजर्वेंसी इंडिया सॉल्यूशंस (एनसीआईएस) द्वारा संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम में गुरुग्राम में आयोजित किया जा रहा है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया के नक्शे पर गुरुग्राम तीव्र गति से बढ़ता एक आधुनिकता शहर है, जिसमें विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं के समानांतर हमें ग्रीन डेवलोपमेन्ट पर भी विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि इस बात के स्पष्ट प्रमाण हैं कि यदि हम प्रकृति को उसके तरीके से धैर्यपूर्वक रूप में विकसित होने देंगे तो निश्चित रूप से मानव जाति को इसका सकारात्मक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि अरावली पर्वत श्रृंखला राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित आस-पास के क्षेत्र को सांस देने के साथ-साथ रेगिस्तान को भी बढ़ने से रोकती है। ऐसे में अरावली के संरक्षण को लेकर सामूहिक प्रयास में हम सभी को अपना योगदान करना चाहिए। अरावली ग्रीन वाल परियोजना के तहत भविष्य में गुरुग्राम व आस-पास के जिलों की सामाजिक, धार्मिक, शिक्षण व अन्य संस्थाएं मिलकर अरावली के विकास में कार्य करेंगे। जिससे क्षेत्र में इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ग्रीन अरावली अभियान को लेकर पूर्णतः सक्रिय है, जिसमें अरावली के विभिन्न चिन्हित बिंदुओं पर ईको रेस्टोरेशन का काम भी सफलता पूर्वक किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार द्वारा प्रकृति व जल संरक्षण को लेकर मिशन लाइफ व एक पेड़ मां के नाम जैसे महत्वपूर्ण अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें लोगों की बढ़ती सहभागिता ने इसे एक आंदोलन का रूप दिया है। केंद्रीय मंत्री ने अरावली क्षेत्र में हो रहे क्षरण पर चिंता जताते हुए कहा कि हमे अरावली क्षेत्र में बढ़ते शहरीकरण को एक चुनौती के रूप में देखना होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जैव विविधता में अरावली पर्वत श्रंखला काफी मददगार है। उन्होंने अरावली संरक्षण में प्राकृतिक उपायों को बढ़ावा देने पर बल देते हुए कहा कि हमें इस क्षेत्र में सॉइल

**जैव विविधता**

**अरावली ग्रीन वाल परियोजना से हरियाली को मिलेगा बढ़ावा, भूजल स्तर में भी होगी बढ़ोतरी: राव नरबीर**

## हवाई अड्डों की तर्ज पर बस अड्डों पर स्थापित होंगें डिस्पले बोर्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा ऐप विकसित किया जा रहा है जिसमें क्रास बार की भी सुविधा की जा रही है। इसके अलावा, परिवहन विभाग का डिजिलिटीकरण किया जा रहा है और ट्रैकिंग साफ्टवेयर भी विकसित किया जा रहा है। इस साफटवेयर के माध्यम से यात्रियों व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी बस की सही स्थिति का पता चलेगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए विज ने बताया कि हवाई अड्डों की तर्ज पर राज्य के बस अड्डों पर भी जल्द ही डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएंगें। इन



डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से बसों के आवागमन की जानकारी प्राप्त होंगी।

**अमेरिका से डिपोर्ट हुए लोगों को अवैध तरीके से भेजने वालों के खिलाफ भी केस दर्ज होने चाहिए - विज**

अमेरिका द्वारा गत दिनों भारतीयों को डिपोर्ट करने संबंधी प्रश्न पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि डिपोर्ट हुए लोगों को अवैध तरीके से विदेश भेजने वाले लोगों के खिलाफ भी केस दर्ज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री रहते हुए उन्होंने कबूतरबाजी के मामलों को लेकर दो एसआईटी गठित करवाई थी। पहली एसआईटी ने कबूतरबाजी के मामलों में 600 आरोपी पकड़े थे जबकि दूसरी एसआईटी द्वारा 550 लोगों को पकडा गया था। विज ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोगों को जायज तरीके से विदेश जाना चाहिए।

**सुविधाएं**

**बसों के आवागमन की सटीक जानकारी, डिपोर्ट हुए लोगों को अवैध तरीके से भेजने वालों के खिलाफ भी केस दर्ज होने चाहिए -**

**हारे हुए को कोई संपर्क क्यों करेगा झ विज**

अरविंद केजरीवाल के आरोप पर पलटवार करते हुए अनिल विज ने कहा कि क्या आम आदमी पार्टी को पता नहीं है कि अभी परिणाम ही नहीं आए। हारे हुए को क्यों कोई संपर्क करेगा! क्योंकि सभी सर्वे बता रहे हैं कि दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी हार रही है।

## नगर निकाय चुनावों से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले व नियुक्तियों पर रोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** सरकार ने प्रदेश में आगामी 2 और 9 मार्च को होने वाले नगर निकाय चुनावों के मद्देनजर इन चुनावों की संचालन प्रक्रिया से जुड़े राज्य सरकार के अधिकारी-कर्मचारियों के स्थानांतरण या नियुक्तियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। यह रोक चुनाव परिणामों की घोषणा तक जारी रहेगी। हालाँकि, यदि चुनावों से जुड़े किसी अधिकारी या कर्मचारी को स्थानांतरित करना आवश्यक समझा जाता है, तो इसके लिए राज्य चुनाव आयोग की पूर्व लिखित स्वीकृति लेनी अनिवार्य होगी। मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने आज इस आशय के आदेश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 8 नगर निगमों के महापौर और सभी वार्डों के पार्षदों, 4 नगर परिषदों और 21 नगर पालिकाओं के अध्यक्षों और सभी वार्डों के पार्षदों के आम चुनावों तथा नगर निगम अंबाला व सोनीपत के महापौर, नगर परिषद सोहना (गुरुग्राम) और नगर पालिका असंध (करनाल) तथा इस्माइलाबाद (कुरुक्षेत्र) के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना है। इसके अलावा, नगर पालिका, लाडवा (कुरुक्षेत्र) के वार्ड नंबर 11, नगर पालिका, सफीदों (जींद) के वार्ड नंबर 14 और नगर पालिका, तरावड़ी (करनाल) के वार्ड नंबर 5 के पार्षदों के लिए चुनाव होना है।

नगर निगम पानीपत को छोड़कर, सभी नगर निकायों में चुनाव 2 मार्च को होगा जबकि नगर निगम पानीपत के लिए चुनाव 9 मार्च को होगा।

## भाजपा ने निकाय चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त किए

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में शहरी निकाय चुनाव की घोषणा के बाद भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी है। भाजपा ने नगर निगम और परिषद चुनाव सिंबल पर लड़ने का फैसला करने के बाद अब चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त कर दिए है। मार्च में होने वाले निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका, 2 मेयर और 3 चेयरमैन के उपचुनाव को लेकर 39 नेताओं को प्रभारी नियुक्त किया है। सूची में पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक से लेकर चेयरमैन तक के नाम हैं।

## डंकी रूट से अमेरिका भेजने वाले तीन ट्रैवल एजेंटो पर एफआईआर दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के युवकों को डोंकी रूट से अमेरिका भेजने वाले एजेंटों पर पुलिस कार्रवाई शुरू हो गई है। पुलिस ने करनाल के आकाश और सुमित की शिकायत पर 3 एजेंटों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज की है। इन पर धोखाधड़ी और आव्रजन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आकाश और सुमित अमेरिका से डिपोर्ट किए गए हरियाणा के 33 लोगों में शामिल हैं, इन लोगों को अमेरिका से 5 फरवरी को अमेरिकी एयरफोर्स के विमान में हाथ-पैर जंजीरों से बांधकर अमृतसर एयरपोर्ट भेजा गया था।

पुलिस को जांच में पता चला कि इन 33 लोगों से एजेंटों ने करीब 15 करोड़ रुपए ठगे हैं। एजेंटो ने इन लोगों को अमेरिका में जॉब दिलाने का झांसा दिया था। हालांकि लगभग सभी मैक्सिको बॉर्डर से दीवार पार कर अमेरिका में पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिए गए। करनाल के कालरम गांव के शुभम ने बताया कि उसका छोटा भाई आकाश दिल्ली घूमने गया था, जहां उसकी मुलाकात संदीप नामक युवक से हुई। संदीप ने उसे एक एजेंट का नंबर दिया, जिसने खुद को जालंधर का रहने वाला रॉकी बताया। एजेंट ने आकाश को अमेरिका भेजने के लिए 42.50 लाख रुपए की मांग की। शुभम ने बताया कि चार किस्तों में यह रकम दी। पहली किस्त 7.50 लाख बसताड़ा टोल टैक्स के पास, दूसरी 10 लाख कुटेल पुल के नीचे, तीसरी 20 लाख बसताड़ा पुल के पास और चौथी 5 लाख की किस्त गांव के अड्डे पर दी। 25 जनवरी की रात अमेरिका पहुंचते ही पुलिस ने आकाश को गिरफ्तार कर लिया और 26 जनवरी को कैंप में डाल दिया। 5 फरवरी को उसे भारत भेज दिया गया।




**एक्शन में पुलिस**

**पुलिस ने करनाल के आकाश और सुमित की शिकायत पर 3 एजेंटों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज की है**

शुभम ने मधुबन थाने में एजेंट रॉकी और उसके साथी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 420 और आव्रजन एक्ट की धारा 24 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मधुबन थाना के जांच अधिकारी ने कहा कि जल्द ही एजेंट को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आकाश ने बताया कि वह 20 जून 2024 को दिल्ली पहुंचा। एक महीने यहीं रोका गया। फिर मुंबई भेजा गया, वहां 2 महीने रखा गया। मुंबई से वह फ्लाइट के जरिए ब्राजील गया, जहां उसे एक महीना रहना पड़ा। इसके बाद वह बोलीविया पहुंचा। यह बहुत महंगा देश था, इसलिए यहां उसे सिर्फ 5-6 दिन ही रखा गया फिर वह ग्वाटेमाला गया, जहां उसे एक महीना लगा। उसके बाद पनामा के जंगलों से गुजरना पड़ा, जिसमें 7 दिन लगे। पनामा के बाद वह होंडुरस पहुंचा, जहां 15 दिन रुका। फिर साउथ अमेरिका में 10 दिन रहना पड़ा। अंत में वह मेक्सिको पहुंचा, जहां उसे करीब 35 दिन तक रोका गया। आखिरकार 25 जनवरी 2025 की रात को 12 बजे वह अमेरिका की सीमा पार कर गया। जहां उसी दिन उसे गिरफ्तार कर डिटेंशन सेंटर में रख दिया गया। आकाश ने बताया कि वे अमेरिकी डिटेंशन सेंटर में थे। वहां से उन्हें अचानक 2 बसों में दूसरे लोगों के साथ ठूंस दिया गया। उसे लगा कि वेलकम ऑफिस ले जाकर छोड़ देंगे लेकिन उन्हें अमेरिकी एयरबेस पर ले जाया गया।

# हरित अर्थव्यवस्था वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता: डॉ.आशिमा गक्खड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। दयाल सिंह** कॉलेज में वाणिज्य विभाग, प्राणी शास्त्र विभाग एवं महिला विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में समावेशी हरित अर्थव्यवस्थाओं पर महिलाएं, उद्यमशीलता और पर्यावरण के प्रति चिंता विषयक एक दिवसीय बहुविषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी को भारतीय सामाजिक विज्ञान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित किया गया तथा निदेशक उच्च शिक्षा, हरियाणा एवं आईयूसीएन पर्यावरण, आर्थिक और सामाजिक नीति




आयोग (सीईईएसपी) द्वारा अनुमोदित किया गया। संगोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन और ऑफलाइन में हुआ, जिसमें देश से 18 प्रदेशों और विदेश से 9 देशों के अनेक विद्वानों, शोधार्थियों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। संगोष्ठी में 488 विद्वानों और शोधार्थियों ने पंजीकरण करवाएँ। इस अवसर पर ई-एब्सट्रैक्ट पुस्तक का विमोचन किया गया। उद्घाटन सत्र ज्ञान और विचारों की शुरूआत कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर व सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ.आशिमा गक्खड़ ने स्वागत भाषण देते हुए संगोष्ठी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हरित अर्थव्यवस्था वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जो केवल पर्यावरणीय स्थिरता को नहीं, बल्कि समाज में समावेशी विकास को भी सुनिश्चित करती है। महिलाओं को सशक्त और उद्यमशील बनाना हरित अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है। दयाल सिंह कॉलेज ट्रस्ट सोसायटी एवं गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष डीके रैना और मानद सचिव वाइस एडमिरल (सेवानिवृत्त) सतीश सोनी ने अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएँ और आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्य अतिथि इंडियन फॉरेस्ट सर्विस घनश्याम शुक्ला ने अपने उद्घाटन संबोधन में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि महिलाएँ आज हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं और पर्यावरण संरक्षण एवं हरित अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# पीएनबी बैंक सस्ते दरों पर गृह ऋण प्रदान कर रहा है : भूषण शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत। सोनीपत के** सैक्टर 15 के सामुदायिक केंद्र में पंजाब नैशनल बैंक, मंडल कार्यालय, पानीपत द्वारा दो दिवसीय होम लोन एक्सपो का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ सोनीपत के एसडीएम सुभाष चन्द्रा द्वारा मंडल प्रमुख भूषण शर्मा की उपस्थित में किया गया। मंडल प्रमुख ने उपस्थित सभी ग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएनबी बैंक सस्ते दरों पर गृह ऋण प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि बैंक ग्राहक के पास ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से खुद ग्राहक तक चल कर आता है और एक ही स्थान पर सब तरह की गृह ण उत्पादों की जानकारी देते हुए ग्राहक की आवश्यकता




अनुसार उन्हें ण प्रदान करता है। एसडीएम सुभाष चन्द्र ने बैंक के इस प्रयास की सराहना की व प्रशासन द्वारा सहयोग का आश्वासन दिया। बैंक द्वारा प्रदर्शनी में शामिल ग्राहकों को बैंक प्रदत्त विभिन्न होम लोन स्कीम व अन्य बैंकिंग उत्पादों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान विभिन्न रियल एस्टेट एजेंसी, कार डीलर व सोलर पैनल वेंडर द्वारा ग्राहकों के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । एक्सपो के दौरान ग्राहकों के होम लोन ऋण के साथ-साथ ग्राहकों के डिजिटल ऋण प्रस्ताव भी स्वीकृत किए गए।मंडल कार्यालय, पानीपत के मंडल के उपमंडल प्रमुख जयपाल सैनी व अन्य शाखा प्रमुख मौजूद रहे।

# कनाडा से 35 लाख कर्ज लेकर मंगाया बेटे का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कनाडा में सडक** हादसे में जान गंवाने वाले करनाल के नवप्रीत का पार्थिव शरीर आज उसके घर पहुंचा। यहां उसके पिता ने नम आंखों से बेटे की चिता को मुखाग्नि दी। नवप्रीत की मौत 15 दिन पहले यानी 23 जनवरी को सडक हादसे में हुई थी। उसके परिवार के पास शव को भारत लाने के लिए पैसे नहीं थे, इसलिए उन्होंने हरियाणा सरकार से आर्थिक मदद की गुहार लगाई थी। हालांकि सरकार से मदद नहीं मिलने पर परिवार ने 30 से 35 लाख रुपए का कर्ज लेकर बेटे का शव भारत लाया। यहां भी नवप्रीत का शव गुरुवार शाम को दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा, लेकिन कुछ कागजी कार्रवाई अधूरी होने के कारण प्रशासन ने शव को आज सुबह ही परिवार को सौंपा। नवप्रीत के पिता ने बताया कि 15 महीने पहले उन्होंने अपने छोटे बेटे नवप्रीत को 28 लाख रुपए और लगाकर टूरिस्ट वीजा पर कनाडा भेजा था। जबकि 2 साल पहले 50 लाख का लोन लेकर बड़े बेटे तरनप्रीत को यूएसए भेजा था। बाद में जब छोटे बेटे ने जिद की तो उसे भी कनाडा भेज दिया। गुरुदेव ने बताया कि 24 जनवरी को उनके बड़े बेटे तरनप्रीत ने हमें अपने छोटे भाई की मौत की सूचना दी थी।

# साइबर क्राईम को मिटाने के लिए डर की बजाय हमें दिखानी होगी हिम्मत

**गन्नौर। हरियाणा राज्य** महिला आयोग द्वारा गांव दातौली स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित साइबर क्राईम व कानूनी सेवाओं को लेकर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया ने सभी आयु वर्ग के लोगों को अपनी चपेट में ले लिया है। सोशल मीडिया कुछ हद तक लाभदायक होने के साथ-साथ हानिकारक ज्यादा है क्योंकि सोशल मीडिया के इस्तेमाल के दौरान कई बार हमारी बेटे-बेटियां अनजाने में अपनी डिटेल शेयर कर देती है




जो कई बार उनके लिए समस्या उत्पन्न कर देता है। इसलिए आज के समय हर बेटा-बेटी को साईबर क्राईमों के प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी के साथ में भी कोई अप्रिय घटना होती है और उसके प्रति कोई भी उन्हें ब्लैकमेल करने की कोशिश करता है तो हमें ब्लैकमेल नहीं होना बल्कि हिम्मत दिखाते हुए इसकी सूचना अपने पेरेंट्स को कमीशन को या फिर पुलिस को देना सुनिश्चित करें। उन्होंने छात्र-छात्राओं को साईबर अपराधों से बचाने के लिए शिक्षक व पुलिस किस प्रकार अपनी भूमिका निभा सकता है इसके बारे में बताया। उन्होंने कहा कि छात्राएं व महिलाएं उनके खिलाफ होने वाले किसी भी अपराध की जानकारी अपने दोस्तों, अध्यापकों, माता-पिता, पुलिस या महिला आयोग के साथ सांझा करें, ताकि समय रहते अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, सोनीपत महिला थाना इंचार्ज कविता, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, महिला एवं बाल विकास विभाग से सीडीपीओ, खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह दहिया, स्कूल के प्राचार्य विवेक शर्मा सहित स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।

## न्यूज फ्लैश

### पीएनबी होम लोन एक्सपो का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पंजाब नेशनल बैंक,** करनाल मंडल द्वारा आयोजित पीएनबी होम लोन एक्सपो का शुभारंभ पीएनबी सेक्टर-12 ब्रांच में किया गया। इस पीएनबी होम लोन एक्सपो का उद्घाटन नगर निगम की आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने किया। पीएनबी होम लोन एक्सपो के पहले दिन 33 करोड़ रुपये की 63 लीड प्राप्त हुई। यह पीएनबी होम लोन एक्सपो मंडल प्रमुख जगजीत सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित हुआ। डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि अधिकारी बैंकों की स्कीमों के बारे मे ग्राहकों को विस्तार से बताए तथा उन्हें नियमानुसार स्कीमों का लाभ दें। एक्सपो मंडल प्रमुख जगजीत सिंह ने कहा कि इस एक्सपो में ग्राहकों और आगंतुकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने सपनों का घर खरीदने के लिए विशेष होम लोन ऑफर्स का लाभ उठाया। इस मौके पर प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों और ग्राहक अनुकूल शर्तों के साथ, पंजाब नेशनल बैंक ने व्यक्तिगत वित्तीय समाधान प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा कि 8 फरवरी को भी इसी स्थान पर यह एक्सपो जारी रहेगा, जिससे अधिक से अधिक ग्राहक पीएनबी की विशेष योजनाओं का लाभ उठा सकें।

### जेल अधीक्षक डॉ विजय सिंह मौर्य ने देश के युवाओं को जागरूक करने का उत्कृष्ट कार्य किया: रविन्द्र चौधरी

**शिवपुरी, स्वतंत्रता संग्राम के** महा नायक कर्नल गुरबक्श सिंह ढिल्लन की उन्नीसवीं पुनः तिथि पर बीपीएम जयहिंद मिशन संस्था एवं संत रैदास लोक कल्याण ट्रस्ट द्वारा मशाल यात्रा हर वर्ष की भांति शिवपुरी में तात्या टोपे को पुष्प अर्पित कर चौदह किलोमीटर दूर गांव हतौद कर्नल गुरबक्श सिंह ढिल्लन की प्रतिमा तक मशाल यात्रा निकाल कर उन्हें नमन किया। जेल अधीक्षक डॉ विजय सिंह मौर्य ने युवाओं को देशभक्ति के प्रति जागरूक करने का उत्कृष्ट कार्य किया है यह शब्द शिवपुरी जिला कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी ने बतौर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख भूमिका निभाते हुए कही , उन्होंने कहा कि डॉ विजय सिंह मौर्य ने हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को जिंवत करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से अनभिज्ञ युवाओं को देशभक्ति की भावना पुनः जाग्रत करने का अथक प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि कुछ व्यक्ति अधिकारी बनने के बाद आराम से जीवन व्यतीत करना एवं पारिवारिक सुख-सुविधा के अलावा सोचते भी नहीं परंतु डॉ विजय सिंह मौर्य ने अपनी सशक्त ड्यूटी होने के बावजूद भी समाज एवं राष्ट्र के प्रति आमजन तथा युवाओं को देशभक्ति एवं सामाजिक कार्यों के प्रति विशेष भूमिका निभाई है, गर्व है हमें ऐसे अधिकारी पर जो देश पर अपने प्राणों की कुबार्नी देने वाले हमारे अमर शहिदों के बलिदान से अवगत कराया, कुछ लोग तो आजादी के मिशन से वाकिफ भी नहीं होंगे कि स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले हमारे अमर शहिदों ने क्या क्या यातनाएं झेल कर हमें स्वतंत्र जीवन जीने का अवसर दिया है।

### सेफर इंटरनेट डे के अवसर पर आईटीआई में हुआ जागरूकता शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला एवं सत्र** न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में सेफर इंटरनेट डे के अवसर पर स्थानीय आईटीआई करनाल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन साइबर क्राइम सेल करनाल व जिला सूचना एवं जन संपर्क विभाग करनाल के सौजन्य से किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने किया। डा.इरम हसन का आईटीआई में पहुंचने पर प्रधानाचार्य राकेश भाटिया ने उनका स्वागत व आभार प्रकट किया। सीजेएम ने विद्यार्थियों को केस हिस्ट्री के जरिए साइबर क्राइम की जानकारी दी और अपने अनुभव साझा कर उन्हें साइबर क्राइम से दूर रहने व अपने मित्रों व रिश्तेदारो को भी जागरूक करने हेतू प्रेरित किया। साइबर क्राइम सेल से आए लोकेश व प्रदीप ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम व इससे बचाव की जानकारी दी।

# युवक की हत्या करने की घटना में संलिप्त 7 आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंमडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

सोनीपत पुलिस ने लोहे का सरिया व हथोड़ा मार-मारकर युवक की हत्या करने की घटना में संलिप्त सभी सातों आरोपियों को कुछ ही घंटो के अंदर गिरफ्तार किया है। सहायक पुलिस आयुक्त खरखौदा जीत सिंह के नेतृत्व में थाना खरखौदा की पुलिस टीम ने युवक को गोली मारकर हत्या करने की घटना में संलिप्त सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी जयकुमार, पप्पू, किशन, मुकेश, शकंर, राजेश, अजित सभी निवासी जिला पूर्णिया बिहार के रहने वाले है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 7 फरवरी



को गुरदीप पुत्र जयपाल निवासी लखीमपुर, उत्तर प्रदेश ने थाना खरखौदा में शिकायत दी की मै मेरे भतीजे प्रवीण पुत्र सोमपाल, अभिषेक पुत्र सुधीर व अभिषेक पुत्र अधीर, निवासी लखीमपुर उत्तर प्रदेश के साथ आईएमटी खरखौदा में शाहपुर पोलन जी कम्पनी में लेबर का काम करते है जो हमारे साथ ही जयकुमार, पप्पू, किशन, मुकेश, शकंर, राजेश, अजित निवासी पुरणीया बिहार पिछले दो-तीन महीनो से इसी कम्पनी में काम कर रहे है तथा कम्पनी के दिऐ हुए कमरो में रहते है जो मेरे भतीजे अभिषेक के साथ उपरोक्त जयकुमार , पप्पू, किशन, मुकेश, शकंर, राजेश व अजित का दिनांक 5 फरवरी को कम्पनी से छुट्टी के समय पंचिंग को लेकर कहासुनी हो गयी थी इसके बाद 6 फरवरी को समय करीब साढ़े 8 बजे पर जब वह प्रवीण, अभिषेक व अभिषेक अपने कमरे मे मौजूद थे उसी समय उपरोक्त सभी अपने-अपने हाथ मे लोहे का सरीया, लोहे की कुंडी व हथोड़े वगैरा लेकर हमारे कमरे में आए और मेरे भतीजे अभिषेक पुत्र सुधीर पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया और मुकेश ने अपने हाथ में लिये हुए हथियार से अभिषेक की गर्दन पर जान से मारने की नियत से चोट मारी तथा बाकी सभी ने भी अपने हाथ मे लिए हथियारो से मारना पीटना शुरू कर दिया।

# थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने पालिकाओं को बताया भ्रष्टाचार का अड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल में** निकाय चुनाव को लेकर हुई बैठक में थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने नगर निगमों और नगर पालिकाओं को भ्रष्टाचार का अड्डा बताया। उन्होंने कहा कि एनडीसी, प्रॉपर्टी आईडी और फैमिली आईडी बनवाने के लिए लोग परेशान हैं और कांग्रेस को विकल्प के रूप में देख रहे हैं। कांग्रेस निकाय चुनाव सिंबल पर लड़ेगी या नहीं, इस पर आज फैसला होगा। अमेरिका से भारतीयों को डिपोर्ट किए जाने पर उन्होंने निंदा की और कहा कि भारत सरकार को सम्मानजनक वापसी सुनिश्चित करनी चाहिए थी। वहीं कांग्रेस में गुटबाजी से इनकार किया। करनाल में निकाय चुनाव संबंधी बैठक में पहुंचे थानेसर के विधायक अशोक अरोडा ने कहा कि नगर निगमों और नगरपालिकाओं में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है। एनडीसी के लिए लोगों को पैसे देने पड़ते है। प्रोपर्टी आईडी बनानी हो या फिर फैमिली आइडी बनानी हो तो लोग परेशान है और लोग कांग्रेस को विकल्प के रूप में देख रहे हैं। विधायक ने कहा कि कांग्रेस निकाय चुनाव सिंबल पर लड़ेगी या नहीं, इसे लेकर आज फैसला हो जाएगा।

# 10 मई तक शहीद स्मारक बनकर जनता को समर्पित हो जाना चाहिए- विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: हरियाणा के** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी में सन् 1857 में देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की याद में बन रहे शहीद स्मारक का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करें इसके लिए वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से समय मांगेंगे और उन्हें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री उन्हें इसके लिए समय जरूर देंगे। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हर हालत में 10 मई तक शहीद स्मारक बनकर जनता को समर्पित हो जाना चाहिए, इसके लिए वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी समय मांगेंगे और वह उम्मीद करते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके उद्घाटन के लिए उन्हें समय जरूर देंगे। विज जीटी रोड पर निमार्णाधीन निरीक्षण के दौरान मंत्री अनिल विज ने स्मारक के म्यूजिम में चल रहे कार्यों बारीकि से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शहीद स्मारक एशिया का सबसे बड़ा स्मारक होगा। स्मारक में कलाकारों ने अपनी कला का कमाल करके बहुत ही शानदार एक्जीबिट बनाए हैं। शहीद स्मारक में आजादी की लड़ाई के एक-एक क्षण को दिखाया जाएगा और आज समारक के अंदर जाकर वह यह भी भूल गए की आज 2025 है क्योंकि अंदर जाकर सभी चीजें देखकर उन्हें उस समय की आजादी की लड़ाई के समय की अनुभूति हो रही थी।

# सिडनी वेस्ट्रर्न यूनिवर्सिटी प्रतिनिधि मंडल ने किया एमएचयू का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। वेस्ट्रर्न सिडनी** यूनिवर्सिटी आस्ट्रेलिया प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल का दौरा किया। एमएचयू कैंपस में पहुंचने पर एमएचयू के कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने वैस्ट्रर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि मंडल का स्वागत किया। प्रतिनिधि मंडल में निदेशक प्रो. इयान एडरसन तथा डॉ.कोपल चौबे अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय सहयोग वेस्ट्रर्न सिडनी यूनिवर्सिटी शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने सिडनी वेस्ट्रर्न यूनिवर्सिटी द्वारा बागवानी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के बारे में एमएचयू के कुलपति को




अवगत कराया, उन्हें वहां पर किस प्रकार से बागवानी की खेती को किसानों के लिए लाभप्रद बनाया गया हैं। इन सबके बारे में जानकारी दी। इस दौरान दोनों ही विश्वविद्यालय के बीच हुए एमएचयू की प्रगति के बारे में विचार विमर्श किया गया। सर्वप्रथम एमएचयू कुलपति डा. सुरेश मल्होत्रा ने करनाल में बन रहे एमएचयू के मैन कैंपस का वॉक थ्रू दिखाया, जिसे देखकर आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधिमंडल खासा प्रभावित हुआ। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के विद्यार्थियों ओर वैज्ञानिकों से मिलने की इच्छा जताई। जिस पर कुलपति ने प्रतिनिधिमंडल को एमएचयू के बागवानी महाविद्यालय का भ्रमण कराया। जहां पर प्रतिनिधिमंडल ने एमएचयू के वैज्ञानिकों से बातचीत कर उनके विषयों के बारे में जाना और उनके द्वारा किए जा रहे शोध पर बातचीत की। कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रतिनिधिमंडल से आस्ट्रेलिया यूनिवर्सिटी ओर एमएचयू द्वारा प्रदान की जाने वाली दोहनी डिग्री के बारे में जानकारी हासिल की, कई विद्यार्थियों ने सवाल भी पूछे। सवालों में मुख्य प्रश्न एडमिशन की प्रक्रियाए स्कॉलशिप की संभावनाएं, डिग्री की मान्यता, इंटरशिप, कृषि उद्योग, स्टार्टअप, एंटरप्रन्योरशिप विषयों पर चर्चा हुई, जिनके जवाब प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने बखूबी दिए।

# बच्चों, गर्भवती महिलाओं के बेहतरीन स्वास्थ्य के लिए किए जाएं सांझा प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। अतिरिक्त उपायुक्त** यश जालुका ने सुपोषित हरियाणा अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली और योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा दूध पिलाने वाली माताओं के बेहतरीन स्वास्थ्य के लिए सांझा प्रयास करें। इस कार्य में आंगनवाडी कार्यकर्ता व आशा वर्कर ग्राउंड स्तर पर अपनी अहम भूमिका निभाएं। इसके अलावा सीडीपीओ व सुपरवाईजर अपने.अपने क्षेत्र में मीटिंग के



दौरान कुपोषण की रोकथाम, पोषण ट्रैकर, महिलाओं के स्वास्थ्य तथा माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दें। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राउंड स्तर पर कार्यरत आंगनवाडी कार्यकर्ता व आशा वर्कर घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्हें पौष्टिक आहार के बारे में भी जागरूक किया जाए। इतना ही नहीं विभाग की ओर से कुपोषण की रोकथाम के लिए जारी फोल्डर की फोटोप्रति रसोई के साथ चस्पा करवाएं और इसकी फोटो अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में भिजवाएं। इसके अलावा फोल्डर में प्रकाशित जानकारी को मीटिंग के दौरान पढकर भी बताया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कुपोषण के शिकार बच्चों की डाइट के बारे में माता.पिता को जागरूक करें तथा स्वास्थ्य विभाग की ओर से दवाई भी दिलवाएं, ताकि जिला में कोई भी बच्चा कुपोषित न रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि गर्भवती महिलाओं तथा कुपोषण के शिकार बच्चों के डाटा को सही किया जाए। स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग का डाटा मिस मैच न हो। अतिरिक्त उपायुक्त ने महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बड़ी विडंबना की बात है कि आज के समय में भी महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर नहीं है और माहवारी स्वच्छता प्रबंधन की ओर पूरी तरह से ध्यान नहीं देती, जिसके कारण मासिक धर्म के दौरान उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मासिक धर्म के दौरान महिलाओं को कपड़े का प्रयोग नहीं करना चाहिए, बल्कि सैनेटरी पैड का प्रयोग करके वे बीमारियों से बचें। जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा प्रसाद ने सुपोषित हरियाणा अभियान के तहत विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं तथा गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि विभाग की योजनाओं को लेकर जिला में बेहतरीन तरीके से कार्य किया जाए और पौष्टिक आहार के बारे में जागरूक किया जाए

# रौनक पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस के चित्रकला प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। रौनक पब्लिक** स्कूल के स्थापना दिवस के अवसर पर आर्य आदर्श विद्यालय गन्नौर में एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में स्कूल के 300 छात्रों ने भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल शिक्षकों ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें अपनी कलात्मक प्रतिभा को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के लिए अलग-अलग श्रेणियाँ बनाई गई। प्रत्येक श्रेणी में छात्रों ने अपने चित्रों को प्रस्तुत किया और निर्णायकों द्वारा उनका



मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा करने के बाद, विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए उन्हें अपनी कलात्मक प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता छात्रों को अपनी कलात्मक प्रतिभा को विकसित करने और अपनी रचनात्मकता को प्रदर्शित करने अवसर प्रदान करती है।

# संपादकीय

## भारत की विदेश नीति

**भारत की** विदेश नीति को ऊपर वाला भी नहीं पहचान सकता । अमेरिका भारतियों को अवैध प्रवास के आरोप में गिरफ्तार कर हथकड़ियां लगाकर भारत वापस भेजे तो भी भारत का खून नहीं खौलता । राष्ट्रप्रेम जागृत नहीं होता। दूसरी तरफ भारत देश में शरणार्थी की हैसियत से रह रही बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को बांग्लादेशियों को सम्बोधित करने के लिए आन लाइन सुविधा देती है। समझ में नहीं आता कि भारत की हसीन विदेश नीति का आधार क्या है ? या भारत की विदेश नीति अब थाली के बैंगन जैसी हो गयी है। भारतीय प्रवासियों के साथ दुर्व्यवहार को लेकर जहाँ संसद में विदेश मंत्री एस जयशंकर का बयान निराशाजनक रहा ,वहीं दूसरो तरफ राज्य सभा में राष्ट्र्पति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का उत्तर देते हुए इसी मामले पर प्रधानमंत्री का मौन भी खल गया। दुनिया में जहाँ छोटे-छोटे देश अमरीका की दादागीरी के खिलाफ मोर्चा खोल रहे हैं वहीं भारत जैसा डेढ़ अरब की आबादी का देश अमेरिका की विदेश नीति की हिमायत करने में संकोच नहीं दिखहा रहा। लगता है कि भारत सरकार देशवासियों की भावनाओं को या तो समझना नहीं चाहती या उसमें जन भावनाओं के खिलाफ जाने की प्रवृत्ति बना ली है।

आपको याद होगा कि शेख हसीना तख्ता पलट के बाद जान बचाकर भारत आ गईं, हैं मगर मुसीबत ने उनका साथ नहीं छोड़ा। बुधवार को बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के ढाका स्थित आवास में प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ की. इतना ही नहीं, उस ऐतिहासिक घर को आग के हवाले भी कर दिया। यह तोड़फोड़ और आगजनी उस समय हुई, जब उनकी बेटी और पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ह्यऑनलाइनह्ल बांग्लादेश के लोगों को संबोधित कर रही थी। जब शेख हसीना को इसकी खबर मिली तो वह गुस्से से लाल हो गईं. उन्होंने ऑनलाइन संबोधन में ही बांग्लादेशियों से सवाल कर दिया कि क्या उन्होंने बांग्लादेश के लिए कुछ नहीं किया ? सवाल ये है कि क्या कोई शरणार्थी भारत भूमि पर रहकर कोई राजनीतिक गतिविधि कर सकता है ? यदि नहीं तो भारत सरकार ने शेख हसीना को आन लाइन समबोधन करने की इजाजत और सुविधा कैसे मुहैया कराई ? शेख हसीना को भारत सरकार ने अतिथि वीजा दिया है न कि सियासत करने की छूट दी है। और यदि शरणार्थी के रूप में सियासत करने की इजाजत दी है तो तय मानिये कि ये राष्ट्रिय हितों के खिलाफ है। आने वाले कल में भारत विरोधी तत्व भी इसी तरह दूसरे देश में शरण लेकर भारत विरोधी गतिविधियों को शह देंगे। भारत की सरकार न अमेरिका से रिश्तों को लेकर स्पष्ट है और न बांग्लादेश से रिश्तों को लेकर गंभीर है। भारत सरकार को अपनी सम्प्रभुता की फिक्र नहीं है । भारत भूमि पर अमेरिका के सैन्य विमान ऐसे बेखौफ होकर उतर रहे हैं जैसे भारत अमेरिका का कोई उपनिवेश हो। भारत के रुपए की साख पहले ही गिर चुकी है और बची खुची साख को भारत की विदेश नीति मिटटी में मिलाये दे रही है। भारत सरकार को शायद समझ में नहीं आ रहा है कि उसे करना क्या चाहिए और सरकार कर क्या रही है। ऐसा असमंजस देश ने न पहले प्रधानमंत्री के कार्यकाल में देखने को मिला और न पहले,दूसरे और तीसरे मौके पर लोकसभा में। हम न विदेश नीति जानते हैं और न चाय नीति ,लेकिन हम इतना जानते हैं कि कोई भी शरणार्थी किसी दूसरे देश में बैठकर राजनीति नहीं कर सकता।

# डंकी रूट: स्वर्गिक आनंद के लिए नारकीय मार्ग

बलदेव राज भारतीय

> ये एजेंट लोगों से 30 से 50 लाख रुपये तक वसूलते हैं और उन्हें यह यकीन दिलाते हैं कि वे किसी न किसी तरह अमेरिका पहुंच ही जाएंगे। हालांकि, इन एजेंटों का असली मकसद सिर्फ पैसा कमाना होता है। वे किसी भी व्यक्ति की सुरक्षा या कानूनी स्थिति की कोई गारंटी नहीं देते। जब लोग किसी मुसीबत में फंसते हैं, तो एजेंट उनसे कोई संपर्क नहीं रखते और कई बार फरार हो जाते हैं। हाल ही में, भारतीय सरकार ने ऐसे एजेंटों पर नकेल कसने की कोशिश की है, लेकिन यह नेटवर्क इतना संगठित है कि इसे पूरी तरह खत्म करना अभी भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। जो लोग डंकीरूट से अमेरिका जाने की कोशिश करते हैं, वे केवल अपनी ही नहीं, बल्कि अपने परिवार की भी जिंदगी दांव पर लगा देते हैं। जब वे डिपोर्ट हो जाते हैं, तो उनका पूरा परिवार आर्थिक संकट में आ जाता है

हाल ही में अमेरिका से 104 आप्रवासी भारतीयों को हथकड़ियां और बेड़ियां लगाकर भारत डिपोर्ट कर दिया गया। उनके साथ होने वाला यह दुर्व्यवहार नितांत निंदनीय है। यह अपमान वे कभी भूल नहीं पाएंगे। इससे भी ज्यादा भूलना मुश्किल होगा, उन्हें आई वो परेशानियां, जो उन्होंने झेली। वह आर्थिक नुकसान जिसकी भरपाई अब कभी नहीं हो सकेगी। ये 104 उन लोगों में से थे जो या तो अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे या जिनकी वीजा अवधि समाप्त होने के पश्चात वे वहीं पर रह रहे थे और अमेरिकी प्रशासन के कड़े आव्रजन नियमों की गिरफ्त में आ गए। उनके लिए यह यात्रा केवल एक असफल प्रयास नहीं थी, बल्कि उनके हवाई सपनों के अंत की भी साक्षी थी। अब वे अमेरिका ही नहीं, बल्कि उन 20 अन्य देशों की यात्रा भी नहीं कर पाएंगे जो अमेरिकी वीजा नीति को अपनाते हैं। इसके साथ ही, उनके परिवारों के करोड़ों रुपये जो इस जोखिम भरी यात्रा में झोंक दिए गए थे, अब मिट्टी में मिल चुके हैं। आज के समय में, बहुत से भारतीय युवा अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों में बसने का सपना देखते हैं। उन्हें लगता है कि डॉलर कमाना, रुपये कमाने की तुलना में कहीं अधिक आसान है। लेकिन सच्चाई इससे कोसों दूर है। अवैध रूप से अमेरिका जाने का जो तरीका सबसे अधिक चर्चा में है, उसे 'डंकीरूट' कहा जाता है। यह रूट जीवन को वैभवशाली और विलासितापूर्ण बनाने के लिए शॉर्टकट के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। इस रूट के जरिए अमेरिका पहुंचने की कोशिश करने वालों को भारी जोखिमों का सामना करना पड़ता है—जान का खतरा, लूट-खसोट, यौन शोषण, गिरोहों द्वारा बंधक बनाए जाने जैसी समस्याएं आम हैं। सच्चाई यह है कि यह स्वर्गिक आनंद उठाने के लिए एक नारकीय मार्ग है। जो व्यक्ति डंकीरूट से अमेरिका जाने की योजना बनाता है, उसे औसतन 40 से 50 लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। यह पैसा एजेंटों, फर्जी दस्तावेजों, यात्रा और अन्य व्यवस्थाओं में लग जाता है। लेकिन इस मोटी रकम के बावजूद कोई गारंटी नहीं कि वह व्यक्ति सुरक्षित अमेरिका पहुंच ही जाएगा। अमेरिका तक पहुंचने के लिए भारतीय नागरिकों को कई देशों से होते हुए एक



बेहद खतरनाक सफर तय करना पड़ता है। इसमें आमतौर पर दुबई, रूस, यूरोप, दक्षिण अमेरिका और फिर मैक्सिको जैसे देशों का रास्ता लिया जाता है। मैक्सिको से अमेरिका की सीमा पार करना सबसे मुश्किल और खतरनाक पड़ाव होता है। यहां कई बार लोगों को मानव तस्करी गिरोहों के हाथों लूट लिया जाता है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं आम हैं, और कई बार लोगों को बंदी बनाकर फिरौती मांगी जाती है।

यह यात्रा इतनी कठिन होती है कि कई लोग इसे पूरा करने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। अमेरिका और मैक्सिको की सीमा पर स्थित रेगिस्तान और जंगलों में हर साल सैकड़ों शव पाए जाते हैं, जो इस खतरनाक सफर की भयावहता को दशार्ते हैं। अगर कोई व्यक्ति इस खतरनाक सफर के बाद अमेरिका पहुंच भी जाता है, तो उसकी मुश्किलें खत्म नहीं होतीं। उसे या तो राजनीतिक शरण का दावा करना पड़ता है या फिर कोई और बहाना बनाना पड़ता है ताकि वह अमेरिका में रह सके। राजनीतिक शरण पाने के लिए लोग अक्सर झूठे दावे करते हैं। कई लोग भारत में राजनीतिक उत्पीड़न का झूठा दावा करते हैं—वे कहते हैं कि उनकी जान को खतरा है, उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है, या फिर भारत में उन्हें धार्मिक या जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ा है। कुछ लोग तो यहां तक कह देते हैं कि उनके अपने माता-पिता ही उनके दुश्मन हैं, ताकि वे अमेरिका में अपने ठहरने के लिए कोई ठोस आधार बना सकें। हालांकि, अमेरिका की नई आव्रजन नीति अब ऐसे झूठे दावों को परखने के लिए और अधिक सख्त हो चुकी है। अगर किसी का दावा गलत पाया जाता है, तो उसे न सिर्फ डिपोर्ट कर दिया जाता है, बल्कि उसे आजीवन अमेरिका में प्रवेश की अनुमति भी नहीं मिलती। अमेरिका से डिपोर्ट किए जाने वाले आप्रवासियों को केवल अमेरिका ही नहीं, बल्कि 20 अन्य देशों में भी प्रवेश से वंचित कर दिया जाता है। इन देशों में कनाडा, यूके, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और शेंगेन वीजा वाले यूरोपीय देश शामिल हैं। इसका मतलब यह है कि जिन लोगों ने अवैध रूप से अमेरिका जाने के लिए अपनी पूरी संपत्ति लगा दी थी, अब वे वैध तरीकों से भी विदेश यात्रा नहीं कर सकते। यह एक तरह से उनके लिए आजीवन निष्कासन जैसा होता है। भारत में, खासकर पंजाब, गुजरात और हरियाणा में, ऐसे हजारों एजेंट सक्रिय हैं जो लोगों को अमेरिका, कनाडा और यूरोप भेजने का झांसा देते हैं। ये एजेंट लोगों से 30 से 50 लाख रुपये तक वसूलते हैं और उन्हें यह यकीन दिलाते हैं कि वे किसी न किसी तरह अमेरिका पहुंच ही जाएंगे। हालांकि, इन एजेंटों का असली मकसद सिर्फ पैसा कमाना होता है। वे किसी भी व्यक्ति की सुरक्षा या कानूनी स्थिति की कोई गारंटी नहीं देते। जब लोग किसी मुसीबत में फंसते हैं, तो एजेंट उनसे कोई संपर्क नहीं रखते और कई बार फरार हो जाते हैं। हाल ही में, भारतीय सरकार ने ऐसे एजेंटों पर नकेल कसने की कोशिश की है, लेकिन यह नेटवर्क इतना संगठित है कि इसे पूरी तरह खत्म करना अभी भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। जो लोग डंकीरूट से अमेरिका जाने की कोशिश करते हैं, वे केवल अपनी ही नहीं, बल्कि अपने परिवार की भी जिंदगी दांव पर लगा देते हैं। जब वे डिपोर्ट हो जाते हैं, तो उनका पूरा परिवार आर्थिक संकट में आ जाता है। घर और जमीन तक बिक जाते हैं, कर्ज का बोझ बढ़ जाता है, और समाज में बदनामी का डर अलग से रहता है। इसके अलावा, डंकीरूट पर गए कई लोग रास्ते में ही लापता हो जाते हैं या मारे जाते हैं। उनके परिवार वर्षों तक यह नहीं जान पाते कि उनके बेटे या भाइयों का क्या हुआ। अवैध आप्रवासन की समस्या से निपटने के लिए जरूरी है कि लोगों को इसके खतरों के बारे में अधिक जागरूक किया जाए। सरकार को भी चाहिए कि वह ऐसे एजेंटों पर कड़ी कार्रवाई करे और युवाओं के लिए भारत में ही रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करे। युवाओं को यह समझना होगा कि विदेश जाकर पैसा कमाना कोई आसान रास्ता नहीं है। अगर वे कानूनी तरीके से विदेश जाना चाहते हैं, तो उन्हें सही प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए। अवैध तरीकों से विदेश जाने की कोशिश न केवल उनके जीवन को खतरे में डालती है, बल्कि उनके परिवार की खुशियों को भी बर्बाद कर देती है। अवैध आप्रवासन को किसी भी मामले में उचित नहीं ठहराया जा सकता। कोई भी देश चाहे वह भारत ही क्यों न हो, किसी विदेशी अवैध आप्रवासी के प्रति वही रुख अपनाएगा जो अमेरिका ने अपनाया है। किंतु उन्हें डिपोर्ट करते समय मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए था। जिस तरह का दुर्व्यवहार इन लोगों के साथ हुआ वह पशुओं से भी बदतर था।

खाना खाने के लिए भी उनके हाथ तक नहीं खोले गए। शौचालय तक भी उनका घिसट घिसट कर जाना उनके साथ हुए व्यवहार की करुण कहानी कह जाता है। 104 भारतीयों का डिपोर्ट होना केवल एक घटना नहीं है, बल्कि यह एक कड़वी सच्चाई को उजागर करता है—एक ऐसा सच जिससे लाखों भारतीय युवा सबक ले सकते हैं। अवैध आप्रवासन का अंत दुखद ही होता है। यह सपना भले ही सुनहरा दिखे, लेकिन इसकी असलियत बेहद भयावह होती है।

# व्यंग्य

## भाषण का नशा, चुप्पी की सजा

डॉ. सुरेश कुमार

गांव में एक नयी हलचल थी। जिला कलेक्टर साहब, जिनका नाम अब सुर्खियों में था, एक विशेष समारोह में अपने जलवा बिखेरने वाले थे। मौका था पंचायत चुनाव की तैयारियों का। पूरे गांव में प्रचार हो रहा था कि साहब अपने महान विचारों से सबको जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में सैकड़ों लोग आने वाले थे, इस उम्मीद में कि शायद कलेक्टर साहब कुछ ऐसा कहें जो उनके जीवन में चमत्कारिक बदलाव लाए। कार्यक्रम का दिन आया। मंच सज गया, बैनर लहराने लगे, और चारों ओर चमचमाती लाइटें लग गईं। कलेक्टर साहब, जिन्हें खुद पर इतना गर्व था कि जब भी उन्हें बोलना होता, उनके बगल में 'सुनो! मैं आ रहा हूँ' का बोर्ड रहता, मंच पर आकर अपने प्रवचन देने लगे। परंतु यह क्या? कुल मिलाकर, पचास में से केवल दो-तीन पंच ही वहां मौजूद थे। बाकी सबने कार्यक्रम में आने से मुँह मोड़ लिया। लेकिन कलेक्टर साहब ने भी चतुराई से काम लिया। उन्होंने तुरंत सभी सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को बुलवाया। "आप सबको आज सच्चा गांववासी बनने का मौका मिला है," उन्होंने उन्हें आश्वस्त किया। शिक्षक महोदय अपने कर्तव्य को निभाते हुए मंच पर बैठ गए। और फिर एक अद्भुत नजारा देखने को मिला। प्रस्तावों की बारिश होने लगी। और सर्वसम्मति से सब कुछ पास होता गया।

--------

## यूपी की नई आबकारी नीति, एक तीर से कई निशाने

अजय कुमार

**उत्तर प्रदेश की यो**गी सरकार द्वारा नई आबकारी उत्पाद शुल्क नीति को मंजूरी दिये जाने के बाद शराब के धंधे को लेकर कयासों का दौर शुरू हो गया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि नई आबकारी नीति में कई महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल रहे हैं।नई आबकारी नीति में सबसे बड़ी बातों पर गौर किया जाये तो यह साफ है कि यूपी सरकार एक तो शराब कारोबार के धंधे में मुट्ठी भर लोगों के वर्चस्व को कम करना चाहती है ।वहीं रंगीन पानी से सरकार अधिक से अधिक कमाई करने में भी गुरेज नहीं कर रही है। इसके अलावा योगी सरकार की नजर हरियाणा की आबकारी नीति में भी सेंधमारी की है। दरअसल, दिल्ली और एनसीआर के शराब के शौकीन लोग सस्ती शराब के चक्कर में गुड़गांव पहुंच जाते हैं। इसमें नोयडा और गाजियाबाद में रहने वाले पियक्कड़ भी शामिल हैं,जिसके चलते यूपी को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। गुड़गांव में सस्ती शराब होने के चलते ही दिल्ली से सटे यूपी के जिलों की शराब की दुकानों में सन्नाटा पसरा रहता है। योगी सरकार की नई शराब नीति के बदलावों के परिणाम स्वरूप प्रदेश में अब कंपोजिट शराब की दुकानें देखने को मिलेंगी।बीयर और विदेशी शराब की दुकानों को एक ही इकाई में विलय करा जा सकेगा। साथ ही राज्य में अंगूर के बागानों और माइक्रोब्रेवरीज की शुरूआत के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यूपी की नई आबकारी नीति से दिल्ली और एनसीआर के लोगों को फायदा होगा। शहर की 2021-22 की आबकारी नीति अगस्त 2022 में वापस लिए जाने के बाद से दिल्ली में शराब की दुकानों को दो साल तक विकल्प और स्टॉक का संकट झेलना पड़ा था। नई शराब नीति का मुख्य उद्देश्य 55,000 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाना और शराब कारोबार को अधिक मजबूत बनाना है.योगी सरकार 6 साल बाद नई शराब नीति लेकर आई है, हालांकि, यह अभी तय नहीं किया गया है कि शराब के दामों में कोई बदलाव होगा या नहीं. इस नीति को लागू करने में पहले देरी हुई थी क्योंकि महाकुंभ 2025 और मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के कारण आचार संहिता लागू थी. नई आबकारी नीति को 05 फरवरी 2025 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में मंजूरी दी गई तो यह कहा जाने लगा अब तक, दिल्ली के ग्राहक गुरुग्राम से शराब खरीदने को मजबूर थे। गुरुग्राम में शराब सस्ती और इसके अधिक विकल्प मिल रहे थे। नई यूपी उत्पाद शुल्क नीति के साथ राज्य में अधिक विकल्प मिलेंगे और पूर्वी और उत्तरी दिल्ली के लोगों को गाजियाबाद-नोएडा से शराब लेना पास रहेगा। आबकारी नीति में नई सुविधाओं की घोषणा पर यूपी के आबकारी आयुक्त डॉ. आदर्श सिंह कहते हैं कि राज्य में अब तीन प्रकार की शराब की दुकानें होंगी-मॉडल शॉप, देशी शराब की दुकानें और कंपोजिट दुकानें।

# विचार

## भिक्षावृत्ति सामाजिक कलंक इसका उन्मूलन

**भारत ज**हां शासन की जनकल्याण योजनाएं इतनी है कि गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की तमाम जरूरतों की पूर्ति आसानी से की जा सकती है। यह कल्याणकरी योजनाएं केंद्र सरकार और तमाम राज्य सरकारों द्वारा संचालित की जाती है। जब संपूर्ण भारत में गरीब वर्ग के लिए मुफ्त अनाज, आवास, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यागों के सामाजिक कल्याण के लिए योजनाएं चलती हो, फिर हमारे आसपास भीख मांगते लोग जो अपनी मजबूरी, शारीरिक लाचारी, गरीबी का प्रदर्शन कर भिक्षावृत्ति कर रहे है। हमारे समाज एवं सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते दिखाई देतें है। भिक्षावृत्ति एक सामाजिक कलंक है। जिसका उन्मूलन सरकारी प्रयासों के साथ सामाजिक कोशिशों से ही संभव हैं। भिक्षावृत्ति का होना एक और तो शासन की योजनाओं के उचित क्रियान्वयन पर प्रश्न खड़े करता है। क्या भीख मांगकर गुजारा कर रहे व्यक्तियों और परिवारों तक सरकार की पहुंच नहीं बन पाई। क्या इन्हें सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं प्राप्त नहीं हो रही है। कहीं ऐसा तो नहीं कि अपने हिस्से की सरकारी सुविधाओं को प्राप्त करने के बाद भी भीख मांगने का बेगैरत कार्य किया जा रहा है। भारतीय समाज में भिक्षावृत्ति एक सामाजिक बुराई है, जो समाज में बहुतायत में दिखाई देती है। आमतौर पर देखा जाता है कि सड़कों, चौराहों, मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों के समीप भिक्षा मांगने वाले लोग जिन्हें लगता है कि उनका गुजारा भिक्षावृत्ति बगैर संभव नहीं है, जिन्होंने भिक्षावृत्ति को अपने एवं परिवार के भरण पोषण का साधन मान लिया है। यह जानते हुए भी कि भिक्षावृत्ति एक सामाजिक बुराई है, यह एक अपराध भी है। इस सामाजिक बुराई में संलग्न है। भिक्षावृत्ति नामक सामाजिक बुराई को दूर करना हमारे समाज की महती आवश्यकता है। इसे लेकर महानगरों में तो सख्ती बरती जा रही है। प्रशासनिक सख्ती के बावजूद यह बुराई समाज में व्याप्त है। हाल ही में एमपी के इंदौर और भोपाल में भिक्षा मांगने पर अपराध दर्ज किया गया। इंदौर भोपाल के कलेक्टरों द्वारा भी भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए है। भोपाल कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा 3 फरवरी को जारी अपने आदेश में उल्लेखित किया कि ट्रैफिक सिग्नलों, चौराहों, धार्मिक स्थलों, पर्यटन स्थलों एवं सामाजिक स्थलों में भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों द्वारा स्वयं या अपने परिवारों के साथ भिक्षावृत्ति की जा रही है। आदेश के मुताबिक ये लोग भिक्षावृत्ति पर अंकुश लगाए जाने संबंधी शासन के आदेशों का अहवेलना कर रहे है, वहीं दूसरी ओर यातायात में भी बाधक बन रहे है। इनमें से अनेकों लोगों का आपराधिक इतिहास भी रहता है। उक्त आदेश के माध्यम भिक्षावृत्ति को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। एमपी की आर्थिक राजधानी इंदौर में भी प्रशासनिक सख्ती का उदाहरण देते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के भिक्षावृत्ति उन्मूलन दल ने भिक्षा देने के मामले में लसुड़िया थाने में आपराधिक मुकदमा दर्ज करवाया है। एक बात हमें ध्यान रखना चाहिए महज सरकारी सख्ती से इस कलंक को समाज से मिटाना संभव नहीं है, इसके लिए सामाजिक जागरण की आवश्यकता है। समाज में कार्यरत सामाजिक संगठनों को इस अभिशाप से मुक्ति दिलाने हेतु विशेष उपाएं अपनाने होगें। यह हर नागरिक का परम दायित्व है कि वह भिक्षावृत्ति उन्मूलन में अपना सहयोग देते हुए भीख देने की प्रवृति बंद करें, भीख मांगते दिखने पर पुलिस और महिला बाल विकास विभाग को सूचित करें, समाज के सहयोग से भिक्षावृत्ति करने वाले व्यक्ति को जो सही में मजबूर है, उसे शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास करें, उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़कर उनका सामाजिक सहयोग करें। दरअसल भीख मांगने की इस वृत्ति को जीवन यापन का साधन बनाने वाले लोग क्या सचमुच गरीब है? क्या उन तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पा रहा है? क्या भिक्षावृत्ति में लगे लोग सचमुच शारीरिक रूप से लाचार है। इन प्रश्नों पर विचार करने पर हम पाते है कि कोई भी जमीरदार व्यक्ति इस वृत्ति को नहीं चुनता, इसके पीछे या तो मजबूरी है या फिर लालच काम कर रही है जो व्यक्ति, परिवार या समुदाय को भीख मांगने के लिए प्रेरित कर रही है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## अवैध प्रवासन को सहानुभूति और तत्परता से हल करे भारत

सत्यवान

**भारत ने बिना** दस्तावेज वाले भारतीयों को तब तक स्वीकार करने पर सहमति जताई है, जब तक उनकी राष्ट्रीयता सत्यापित हो जाती है और इसने द्विपक्षीय सम्बंधों से समझौता किए बिना आव्रजन मुद्दे को संभालने के लिए कूटनीतिक प्रयास किए हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो को भारत की स्थिति से अवगत कराया। चूँकि अवैध आव्रजन मानव तस्करी और संगठित अपराध से जुड़ा हुआ है, इसलिए भारत इसका विरोध करता है। 2024 में, भारतीय नागरिकों को 1 मिलियन से अधिक वीजा मिले, जिनमें ऐतिहासिक रूप से उच्च संख्या में व्यवसाय और छात्र वीजा शामिल हैं।

पिछले वित्तीय वर्ष में, भारतीय पेशेवरों को सभी एच-1बी वीजा का 72% प्राप्त हुआ। कुछ बदलावों की संभावना के बावजूद, ट्रम्प ने वादा किया है कि एच-1बी वीजा कार्यक्रम लागू रहेगा। राजनीतिक प्रतिशोध को रोकने के लिए, भारत ने गुप्त निर्वासन प्रक्रियाओं का अनुरोध किया है। भारतीय प्रवासन पहलों पर संभावित सीमाओं के बारे में अभी भी चिंताएँ हैं। अमेरिका द्वारा अवैध अप्रवासी होने के कारण दर्जनों भारतीयों को निर्वासित करना न तो आश्चर्यजनक है और न ही नया। अमेरिका ने संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाले लोगों की पहचान करने, उन्हें हिरासत में लेने और निर्वासित करने के लिए, आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन ने अपने कार्यों को तेज कर दिया है, जिसमें निर्वासन भी शामिल है। गुजरात, पंजाब और हरियाणा के भारतीय उन लोगों में से हैं, जो संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश करते हैं। नौकरी की कमी और आर्थिक कठिनाई के कारण, कनाडा और मैक्सिको के माध्यम से अवैध रूप से लोग अमेरिका प्रवेश करते है। भारतीय सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उत्सुक है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए कानूनी प्रवास मार्ग हों। अमेरिकी आव्रजन नीतियों का भारतीय पेशेवरों और छात्रों पर क्या संभावित प्रभाव हो सकता है? यू.एस. प्रतिबंध भारतीय नागरिकों पर लागू नहीं होते हैं। इन अधिकृत रास्तों में छात्र और कुशल श्रमिक एच-1बी वीजा शामिल हैं। यू.एस. एस और भारत दोनों ही अनधिकृत आव्रजन को हतोत्साहित करने के लिए काम कर रहे हैं।

## स्ट्रीट मैथ्स और स्कूल मैथ्स के बीच बड़ा अंतर

विजय गर्ग

**स्कूल** जाने वाले व स्ट्रीट वेंडर बच्चों की मैथ्स में कितना अंतर है. एक रिसर्च में इस बात का खुलासा हुआ है.

भारतीय बच्चों में स्कूल में पढ़ाए जाने वाले मैथ्स और वास्तविक जीवन में काम आने वाली मैथ्स के बीच एक बड़ा अंतर है. यह खुलासा हाल ही में हुए एक नई रिसर्च से पता चला है. स्टडी बताती है कि जहां स्कूल जाने वाले बच्चे ऐकडेमिक मैथ्स में अच्छे होते हैं, वहीं बाजार में काम करने वाले बच्चे जटिल लेन-देन को मानसिक रूप से जल्दी से हल कर सकते हैं, लेकिन वे स्कूल के मैथ्स में संघर्ष करते हैं. यह अध्ययन नोबेल पुरस्कार विजेता एस्थर डुफलो और अभिजीत बनर्जी सहित शोधकताओं की टीम ने किया है.

उन्होंने यह जांचने की कोशिश की कि क्या वास्तविक जीवन में प्राप्त मैथमेटिक्स कौशल स्कूल में उपयोगी हो सकते हैं और क्या स्कूल में सीखी गई मैथमेटिक्स तकनीकें जीवन के वास्तविक दुनिया में काम आती हैं. शोधकताओं ने दिल्ली और कोलकाता के बाजारों में 1,436 बाल विक्रेताओं और 471 स्कूल बच्चों के साथ अध्ययन किया.

इस अध्ययन में यह पाया गया कि बाल विक्रेता जटिल मानसिक गणना को अपने बिक्री लेन-देन में बगैर किसी मदद के हल कर सकते हैं, लेकिन वही समस्या जब उन्हें किताबों में दी जाती है, तो वे उन्हें हल नहीं कर पाते. दूसरी ओर, स्कूल के बच्चे मैथ्स के टेक्स्टबुक वाले सवालों को हल करने में अच्छे होते हैं, लेकिन वे बाजार में होने वाली वास्तविक लेन-देन की गणना नहीं कर पाते.

इस अध्ययन में शामिल सभी बच्चे 17 साल से कम उम्र के थे और अधिकतर 13 से 15 साल के थे. कार्यरत बच्चों में से 1% से भी कम स्कूल जाने वाले बच्चे उन व्यावहारिक बाजार समस्याओं को हल कर पाए जो एक तिहाई कामकाजी बच्चों ने आसानी से हल कर दी थीं. यह दशार्ता है कि कामकाजी बच्चे मानसिक शॉर्टकट्स का इस्तेमाल करते हैं, जबकि स्कूल जाने वाले बच्चे धीमे, लिखित गणना पर निर्भर रहते हैं.

## न्यूज फ्लैश

### नगर निगम आम चुनाव पानीपत के रिटर्निंग अधिकारी होंगे पानीपत एसडीएम ब्रह्मप्रकाश,

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने हरियाणा नगर निगम निर्वाचन अधिनियम 1994 के नियम 21 के उपनियम 3 व 4 के निहित प्रावधान व राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर निगम पानीपत के सभी वार्डों में आम चुनाव 2025 को सुचारू रूप से चलाने के लिए अधिकारियों को रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। पानीपत नगर निगम में 26 वार्ड है, इन सभी 1 से 26 वार्डों के लिए मेयर व पार्षद चुनाव के लिए पानीपत एसडीएम ब्रह्म प्रकाश (मो.नं. 9416337797) को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार पानीपत तहसीलदार विरेन्द्र गिल (मो.नं. 9466335908) मेयर चुनाव के लिए एआरओ, राज्य परिवहन निगम महाप्रबंधक विक्रम कम्बोज (मो.नं. 9896019878) को वार्ड 1 से 5 के पार्षद चुनाव के लिए, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश कुमार (मो.नं. 9992766166) को वार्ड 6 से 10 के पार्षद चुनाव के लिए, जिला राजस्व अधिकारी रणविजय सुल्तानिया (मो.नं. 9416005566) को वार्ड 11 से 15 के पार्षद चुनाव के लिए, युएचबीवीएन (शहरी) के कार्यकारी अभियंता सुरेश हुड्डा को वार्ड 16 से 20 के पार्षद चुनाव के लिए, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजय शर्मा को वार्ड 21 से 26 के पार्षद चुनाव के लिए अतिरिक्त रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त आईटीआई प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार (मो.नं. 9467409507) को बतौर अतिरिक्त रिटर्निंग अधिकारी रिजर्व रखा गया है।

### अंत्योदय महिलाओं को हरियाणा सरकार देगी 500 रुपए में गैस सिलेंडर

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से संचालित हर गृह - हर गृहणी योजना अंत्योदय परिवारों की महिलाओं को रसोई में धुआं रहित स्वच्छ वातावरण देने में कारगर साबित होगी। इस योजना के तहत बीपीएल परिवार की महिलाओं को 500 रुपए की रियायती दरों पर एलपीजी सिलेंडर हर महीने दिया जाएगा। डीएफएससी नीतु ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने बीपीएल परिवार की महिलाओं को प्रति माह 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की हर घर-हर गृहणी योजना शुरू कर दी है। अंत्योदय परिवारों की महिलाएं योजना के आधिकारिक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवा रही हैं। बीपीएल परिवारों को स्वच्छ ईंधन मिले और महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हो, इसी उद्देश्य से हर गृह - हर गृहणी योजना का शुभारम्भ किया गया है। अभी तक जिला की हजारों महिलाओं ने सीएससी के माध्यम से इस पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन किया है। कम आमदनी वाले घर, जो फुल प्राइस पर एलपीजी नहीं खरीद सकते और खाना पकाने के लिए पारम्परिक संसाधनों पर निर्भर करते थे, उन्हें इस योजना से खासकर फायदा होगा। डीएफएससी नीतु ने बताया कि पानीपत जिला में सरकार द्वारा एलपीजी कनेक्शन देने के लिए उज्जवला योजना पहले से शुरू की हुई थी। जिसमें 500 रुपए में गैस कनेक्शन मिल जाता है। अब जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए या इससे कम है, वे महिला उपभोक्ता के नाम से हर घर हर गृहणी योजना का लाभ ले सकते हैं।

### जिला में सभी बीपीएल परिवारों को मिलेगा योजना का लाभ

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा सभी बीपीएल परिवारों को डॉ. बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत मकान मरम्मत के लिए 80 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक यह लाभ केवल अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को ही दिया जा रहा था लेकिन हरियाणा सरकार द्वारा योजना में बदलाव के उपरान्त इसमें सभी पात्र बीपीएल परिवारों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने योजना के तहत लाभार्थियों का दायरा बढ़ाने के साथ साथ योजना के तहत मिलने वाली राशि को भी 50 हजार से बढ़ाकर 80 हजार किया है। डीसी ने बताया कि हरियाणा सरकार की यह आवास नवीनीकरण योजना अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के संबंधित है।

# छात्राएं लक्ष्य को प्राप्त करके माता-पिता एवं गुरुजन का नाम करें रोशन : कृष्ण

## आर्य कन्या गुरुकुल मोर माजरा में स्वामी श्रद्धानंद द्वार का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। असंध के गांव मोर** माजरा में शुक्रवार को आर्य कन्या गुरुकुल के प्रांगण में 52वां वार्षिकोत्सव का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर हरियाणा सरकार में पंचायत एवं विकास, खान एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने मुख्य अतिथि के रूप मे शिरकत की। इस अवसर पर मंत्री कृष्ण लाल पंवार का गुरुकुल प्रबंधन समिति की ओर से पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में गुरुकुल की छात्राओं के द्वारा अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने लगभग 1 करोड़ की राशि से तैयार गुरुकुल के नवनिर्मित स्वामी श्रद्धानंद द्वार



का उद्घाटन किया और गुरुकुल के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के द्वितीय तल के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। मुख्य अतिथि ने यहां आयोजित 52वें वार्षिकोत्सव की गुरुकुल परिवार को बधाई दी और गुरुकुल के निमंत्रण पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने गुरुकुल की छात्राओं को संदेश दिया कि समय और शिक्षा का सही उपयोग ही व्यक्ति को सफल बनाता है। उन्होंने अपने संबोधन में सभी छात्राओं को प्रेरित किया कि वे केवल अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करके माता पिता एवं गुरुजन का नाम रोशन करें। कृष्ण पवार ने गुरुकुल की उन्नति के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आज इस गुरुकुल की छात्राएं अपनी शिक्षा, संस्कारों और खेल प्रतिभाओं से देश प्रदेश में क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं। इस दौरान गुरुकुल समिति के प्रधान एडवोकेट जसबीर सिंह मान ने मुख्य अतिथि का गुरुकुल प्रांगण में पधारने पर धन्यवाद किया। प्रधान जसबीर सिंह मान जी ने छात्राओं को अपना आशीर्वाद दिया और मुख्य अतिथि के वचनों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सचिव राम सिंह, ईश्वर सिंह, सरपंच मोर माजरा राजिंदर मान, नौरंग बांगड़, दलीप सिंह मान और महासभा समिति के सभी सदस्यगण और विशिष्ट व्यक्ति सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

# वेयरहाउस का उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने किया भौतिक निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: उपायुक्त अजय सिंह** तोमर ने शुक्रवार को कल्पना चावला महिला बहुतकनीकी संस्थान में ईवीएम व वीवीपैट के लिये स्थापित किये गये वेयरहाउस का भौतिक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस के गेट पर लगे ताले की सील को चेक करने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से यहां पर लगाये गये सीसीटीवी कैमरों के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने निरीक्षण के दौरान यहां पर की गई व्यवस्थाओं जैसे अग्निशमन यंत्र, सिक्योरिटी व अन्य बिन्दुओं के बारे में चुनाव कार्यालय से आये कर्मचारी से जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने गार्ड इंचार्ज से यहां पर सुरक्षा की दृष्टि से कितनी गार्द लगाई गई है और डयूटी रोस्टर क्या है उसकी भी जानकारी ली। उन्होंने इस मौके पर चुनाव कार्यालय से आए सहायक प्रीतम कौशिक से वेयर हाउस में जो ईवीएम मशीने यहां पर हैं उसकी जानकारी ली। सहायक ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव में पोलिंग के दौरान जो मशीने प्रयोग की गई थी वे यहां पर रखी हुई हैं।

### "मातृदिवस" आंचल की थीम पर समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**समालखा** आशादीप आदर्श हाईस्कूल करहंस के प्रांगण में "मातृदिवस" आंचल की थीम पर समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ अमित कुमार एस. डी. एम. समालखा ने दीप प्रज्वलित कर किया। मां के आंचल" को संजोये नन्हें मुन्ने बच्चों ने अनेक मनमोहक प्रस्तुती देकर अपनी माताओं का भरपुर आशीर्वाद लिया । पी पी 2 के बच्चों ने "चन्दा रे चन्दा- गीत पर सबको थिरकने पर मजबूर कर दिया।"मेरी प्यारी मम्मी के ग्रुप गीत ने दर्शको को भाव-विभोर कर दिया।

# शिक्षा देश के मानव संसाधन विकास में निभाती है महत्वपूर्ण भूमिका: नैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत । एसोसिएशन** ऑफ आल इंडिया इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रधान व पूर्ण मूर्ति कैंपस, कामी रोड के चेयरमैन डा.विजयपाल नैन ने भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर के नए कुलसचिव डॉ. शिवालिक यादव से मुलाकात कर उन्हें मिली नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही भरोसा जताया कि उनके मार्गदर्शन में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर शिक्षा के प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका निभाते हुए प्रगति की राह पर आगे बढ़ेंगे। डा.विजयपाल नैन ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सुदेश छिकारा व कुलसचिव डॉ.शिवालिक यादव के नेतृत्व में



शिक्षा को भी प्रोत्साहन मिलता रहेगा। विदित रहे कि हरियाणा सरकार ने डॉ.शिवालिक यादव को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर का कुलसचिव नियुक्त किया है। हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने डॉ. शिवालिक यादव को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ नया कार्यभार भी सौंपा है। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान डॉ.विजयपाल नैन ने कहा कि शिक्षा देश के मानव संसाधन विकास में महत?वपूर्ण भूमिका निभाती है। कुशल जन शक्ति का सृजन कर, औद्योगिक उत?पादन को बढ़ाकर और लोगों के जीवन की गुणवत?ता में सुधार करके देश को आगे बढ़ाने में शिक्षा की भूमिका अहम है । उन्होंने कहा कि आज हम सभी लोगों का संकल्प है कि 2047 तक भारत विकसित देश बने। इस संकल्प को पूरा करने में सबसे अहम रोल तकनीकी शिक्षा का होगा ।
उन्होंने कहा कि हरियाणा के सभी निजी कॉलिज भी इस संकल्प को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है । एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हम अभी सबसे एडवांस टेक्नोलॉजी के युग में हैं । आज हम लोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तरफ बढ़ रहे हैं ।

### अभिषेक गर्ग ने नगराधीश के पद पर अपना कार्यभार संभाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: अभिषेक** गर्ग ने नगराधीश के पद पर अपना कार्यभार संभाल लिया है। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने पदभार ग्रहण उपरांत उपायुक्त अजय सिंह तोमर से उनके कार्यालय में भेंट की। इस मौके पर उपायुक्त ने नवनियुक्त नगराधीश अभिषेक को पर्यावरण का प्रतीक पौधा भेंट किया। इस दौरान निवर्तमान नगराधीश पूजा कुमारी के लिए, स्टाफ द्वारा विदाई पार्टी का आयोजन किया गया जिन्हें भी उपायुक्त ने पर्यावरण का प्रतीक पौधा देकर शुभकामनाएं दी। बता दें कि नगराधीश पूजा कुमारी का तबादला शिवालिक डिवैल्पमैंट विभाग में चीफ एजीक्यूटीव ऑफिसर के पद हो गया है। इनके स्थान पर अभिषेक गर्ग ने नगराधीश का कार्यभार संभाल लिया है। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत, एसडीएम अम्बाला छावनी विनेश कुमार, एसडीएम, एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, हायर एजुकेशन से खुशीला, डिस्ट्रीक नाजिर विजय कुमार , विकास कुमार, चुनाव कार्यालय से सहायक प्रीतम कौशिक, रिचू गुप्ता, के साथ-साथ उपायुक्त कार्यालय से बलदेव, गुरशरण, रमेश जांगड़ा, बलबीर सिंह, सुनील कुमार व अन्य मौजूद रहे।

# अधिकारी टीम भावना से कार्य कर करें जन समस्याओं का समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**हरियाणा के मुख्यमंत्री** नायब सिंह द्वारा जनता के हित को लेकर लिये जा रहे फैसले अपने आप में अभूतपूर्व है। जनता के साथ सीधे तौर पर जुड़क? मुख्यमंत्री ने कम समय में जो मुकाम हासिल किया है उसका कोई भी जवाब नहीं है। हर तरफ मुख्यमंत्री के जनता के हित को लेकर लिये गये फैसलों व विकास कार्यों की चर्चा है। शुक्रवार को जिला सचिवालय में जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ.



विरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि जो टीम पूरी तरह से लिब्रल होकर मैदान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करती है निश्चित रूप से वह टीम जीत हासिल करती है। हमें भी इसी पद्धति पर कार्य करना है व जनता की समस्याओं का समन्वय स्थापित करके समाधान करना है। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर का एक-एक पल स्मरणीय है। इसमें किसी भी प्रकार की स्ट्रेस ना ले व हंसी - खुशी पूर्वक कार्य करके जनता की समस्याओं का निश्चित समय अवधि में समाधान करें। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने कार्यालयों की साफ सफाई रखें। वे किसी भी समय कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर सकते है। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि जो लोग दूर दराज से समस्याओं के समाधान को लेकर पहुंचते है उनका हमने पूरा मान रखना है। समस्या चाहे कितनी भी बड़ी हो उसका पूरी तनम्यता से समाधान करना है। उन्होंने कहा कि यह समाधान शिविर सरकार द्वारा जिले को समस्याओं से मुक्त करने के लिए किया जा रहा है। इसमें अधिकारियों की अहम भूमिका है। प्रार्थी बलबीर ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि मेरी दो लड़कियों की इसी माह में शादी है। मेरे परिवार में आय का कोई साधन नहीं है। मैं बहुत गरीब आदमी हूं। अगर मुझे सरकार से सहायता मिल जाएं तो मैं हमेशा के लिए प्रशासन का अभारी रहूंगा।

# गांव पंजोखरा साहिब में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: हरियाणा** राज्य बाल अधिकार सरंक्षण आयोग द्वारा गांव पंजोखरा साहिब में बाल अधिकारों, बाल विवाह विषय व बाल विकास के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल अधिकार सरंक्षण आयोग के सदस्य श्याम शुक्ला एवं अनिल लाठर ने इन सभी विषयों बारे महत्वपूर्ण जानकारी दी। यहां पहुंचने पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी ममता व अन्य ने सदस्यों को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान आयोग के सदस्यों ने जिला स्तर पर जिला बाल सरंक्षण इकाई द्वारा बाल हित के लिए जो कार्य किए जा रहे हैं



उसकी समीक्षा की। व आमजन को बाल विवाह के दुष्परिणाम बारे अवगत करवाया। इस मौके पर उपस्थित सभी को बाल विवाह मुक्त अम्बाला, बाल विवाह मुक्त हरियाणा और बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलवाते हुए कन्या भ्रूण हत्या एवं शिशु स्वागत पालना केंद्र के बारें में भी जागरूक किया। इस दौरान बताया कि अगर आप कोई शिशु पालने में किसी भी तरह से असमर्थ हैं , तो आप बाल कल्याण समिति के समक्ष शिशु को सरेंडर भी कर सकते हैं, ताकि शिशु को एक नया परिवार देकर उसका भविष्य उज्ज्वल बनाया जा सके। इस मौके पर बाल कल्याण समिति अध्यक्षा रंजीता एवं जिला बाल सरंक्षण अधिकारी ममता रानी ने बाल हित से सम्बन्धित जो सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं उस बारे ग्रामीणों को आवश्यक जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान जिला बाल सरंक्षण इकाई से रोबिन सैनी ने बच्चे को कानूनी रूप से किन किन कानूनों के माध्यम से गोद ले एवं दे सकते हैं उसकी जानकारी आमजन को प्रदान की। इस मौके पर बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष रंजीता, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुमन बाला, बाल कल्याण समिति से सदस्य रेखा शर्मा, खुशपाल सिंह, रजनी देवी, ग्राम सरपंच सुखविंदर सिंह, रणधीर सिंह, ग्राम सचिव अवतार सिंह, सुपरवाइजर अनीता, सखी केंद्र से रेखा आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार काम करेगी : जगमोहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करनाल के** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हर नागरिक भाजपा की नीतियों से संतुष्ट है और उन्हें पूरा विश्वास है कि करनाल नगर निगम में भाजपा का मेयर बनेगा और 20 वार्डो मे रिकॉड मतों से भाजपा के पार्षद बनेंगे। करनाल में विकास कार्यों की गति और तेजी से आगे बढ़ेगी। जगमोहन आनंद शुक्रवार को स्थानीय कर्ण कमल कार्यालय में नगर निगम चुनाव को लेकर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नही है, प्रदेश में अभी



डबल इंजन की सरकार चल रही है और नगर निकाय चुनावों के बाद प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार काम करेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकास कार्यों की गति प्रगति पर है और उन्हें पूरा विश्वास है कि करनाल नगर निगम के चुनावों में भाजपा को मेयर बनेगा और सभी 20 वार्डों में भाजपा के निगम पार्षद बनेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही मेयर चुनाव के लिए और निगम पार्षद चुनाव के लिए सूची पार्टी द्वारा जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 100 दिन के कार्यकाल में हर वर्ग के लिए, जन.कल्याणकारी नीतियों को अमलीजामा पहनाने का काम किया गया है। जिन उम्मीदों के साथ लोगों ने उन्हें वोट देकर हरियाणा विधानसभा भेजा है, उनकी उम्मीदों पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि करनाल विधानसभा मेरा परिवार है और मैं अपने परिवार मे किसी प्रकार की कोई नही रहने दूगा। प्रदेश सरकार हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है और युवा अपनी पढ़ाई के बलबूते पर तथा कड़ी मेहनत से पारदर्शिता से नौकरी प्राप्त कर रहे है।

# सुरक्षित स्कूल वाहन पालिसी को लेकर बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: जिला बाल सरक्षण यूनिट** अबाला के तत्वावधान में हरियाणा राज्य बाल अधिकार सरक्षण आयोग के सदस्य अनिल कुमार लाठर व श्याम शुक्ला की अध्यक्षता में जिला शिक्षा सदन अंबाला शहर के सभागार में बाल अधिकार सरक्षण एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पालिसी को लेकर सयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोग के सदस्यों ने बाल अधिकार संरक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों व स्टेकहोल्डर्स से अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों



एवं बच्चों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रहमजीत सिंह, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी मीक्षा रंगा, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, डीएसपी रजत गुलिया, डीसीपीओ ममता रानी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। आयोग के सदस्य अनिल कुमार लाठर ने कहा कि बाल अधिकार संरक्षण व सुरक्षा को लेकर सभी हितधारकों को अपनी जिम्मेदारी का गंभीरता से निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से बच्चों के संरक्षण हेतु चल रहे कार्यों एवं गतिविधियों की जानकारी ली लेते हुए विद्यार्थियों के हित के लिए, आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने बैठक में पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि थानों में चाइल्ड-फ्रेंडली रूम की स्थापना सुनिश्चित की जाए तथा गुमशुदा बच्चों के मामलों में विशेष सतर्कता बरती जाए। इसके अलावा बसों या अन्य जगहों पर चाईल्ड बैगिंग को रोकने बारे भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ-साथ अन्य संवेदनशील स्थानों पर नियमित रूप से निगरानी रखने और बाल मजदूरी एवं अन्य बाल शोषण से जुड़े मामलों पर नियमानुसार कार्रवाई करने बारे भी कहा। सुरक्षित स्कूल वाहन पालिसी की समीक्षा बैठक में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी पर चर्चा हुई, जिसमें स्कूल बसों की सुरक्षा व्यवस्था जैसे अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट-एड किट, इमरजेंसी डोर, बस टायरों की स्थिति के साथ-साथ इस विषय से जुड़े बिंदुओं बारे चर्चा करते हुए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान सभी स्कूलों के प्रतिनिधियों को सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के दिशा-निर्देशों की अनुपालना करने के भी निर्देश दिए और कहा कि पोलिसी के तहत जो नियम निर्धारित किए गए है उन सभी नियमों की पालना होनी चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी को उन्होंने कहा कि वे

# समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का हुआ समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: नगराधीश पूजा** कुमारी ने कहा कि समाधान शिविर में शिकायतकताओं द्वारा प्राप्त होने वाली समस्याओं का तत्परता से समाधान करें। उन्होंने यह भी कहा कि समाधान शिविर में जिन शिकायतों का मौके पर समाधान किसी वैरिफिकेशन या अन्य कारणों से नहीं हो पाता है, उसका समाधान भी तय समय में करवाना सुनिश्चित करें। नगराधीश डीसी कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करने के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को




आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। नगराधीश पूजा कुमारी ने कहा कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन जिले में प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है।
इन शिविरों में विभिन्न सम्बंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी एक छत के नीचे बैठ कर लोगों की समस्याओं का मौके पर या तय समय सीमा में समाधान करते है।

## न्यूज फ्लैश

### योगस्थ: कुरु कर्माणि की सच्चे शब्दों में प्रतिमूर्ति प्रो. पीसी जैन: प्रो. सोमनाथ सचदेवा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित ह्यफसल आकलन सर्वेक्षण और फसल सांख्यिकी योजना में सुधार के विशेष संदर्भ के साथ कृषि सांख्यिकीह्न विषय पर तीसरे पीसी जैन स्मृति व्याख्यान श्रृंखला के तहत कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि योगस्थ: कुरु कर्माणि की सच्चे शब्दों में प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने सदैव योग स्थित होकर राष्ट्र के प्रति अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि आज भारत की सबसे बड़ी ताकत इसकी युवा आबादी है, इसलिए युवा ऊर्जा का सही मार्गदर्शन कर ही विकसित भारत निर्माण की संकल्पना को साकार कर सकते हैं। इससे पहले कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा, पूर्व कुलपति प्रो. आरके मित्तल, निदेशक सुधीर कुमार, कुलसचिव डॉ. अजय गर्ग, विभागाध्यक्ष प्रो. दारा सिंह ने कार्यक्रम शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रो. आर.के. मित्तल, पूर्व कुलपति, सीबीएलयू भिवानी, जीजीएसआईपी विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने बतौर मुख्य अतिथि ह्नपंचकोशह्न को संतुलित करने पर अपने विचार साझा किए। वहीं इस व्याख्यान कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुधीर कुमार, भारतीय सांख्यिकी सेवा, निदेशक, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, फरीदाबाद ने कृषि सांख्यिकी पर फसल अनुमान सर्वेक्षण (सीईएस) और फसल सांख्यिकी सुधार (आईसीएस) योजना के संदर्भ में कहा कि कृषि सांख्यिकी योजना एवं फसल सांख्यिकी में सुधार (आईसीएस) के तहत, पर्यवेक्षण और निगरानी के जरिए फसल क्षेत्र के आंकड़ों की गुणवत्ता में सुधार किया जाता है। डॉ. अजय गर्ग, रजिस्ट्रार, दीनबंधु छोटू राम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल, सोनीपत ने प्रो. पी.सी. जैन के बारे में अपनी यादें साझा की। प्रो. राणा ने भी प्रो. पीसी जैन के बारे में मुख्य बातों का जिक्र किया। इस मौके पर प्रो. एसके चहल, डीन, सोशल साइंस, प्रो. अनिल मित्तल, निदेशक, केयू एलुमनी एसोसिएशन, प्रो. दारा सिंह, अध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, प्रो. संजीव बंसल, प्रो. अशोक चौहान, डॉ. अर्चना चौधरी, डॉ. किरण लांबा, डॉ. प्रिया शर्मा, डॉ. निधि बगारिया, और डॉ. इशु सहित शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### प्राथमिक स्कूल से बैटरी व यूपीएस ले गए चोर

**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव चटिया ओलिया में स्थित प्राथमिक स्कूल से बैटरी व यूपीएस के चोरी होने का मामला सामने आया है। स्कूल के हैडमास्टर ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चटिया ओलिया स्थित प्राथमिक स्कूल के हैड मास्टर सत्यवान ने बताया कि स्कूल में चोरी की सूचना दी। सूचना के बाद स्कूल में पहुंचकर सामान की जांच की तो कमरे के दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। स्कूल से दो एजुसैट बैटरी व यूपीएस गायब मिले। मामले को लेकर सरपंच व खंड शिक्षा अधिकारी गन्नौर को सूचना दी। उसके बाद पुलिस को अवगत करवाया। थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# असफलता से निराश न हों, लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पुन: प्रयास करें: ब्रिगेडियर

### गुरुकुल कुरुक्षेत्र में 12वीं के छात्रों हेतु फेयरवेल पार्टी का आयोजन, गुरुओं ने छात्रों को दिया उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद

**लक्ष्य**

**असफलता को एक चुनौती के रूप में स्वीकार कर दोगुने परीक्षम से अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयास करें**




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जीवन में मिलने वाली असफलता से निराश न हों बल्कि असफलता को एक चुनौती के रूप में स्वीकार कर दोगुने परीक्षम से अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयास करें, आपको सफलता अवश्य मिलेगी। उक्त शब्द आज गुरुकुल कुरुक्षेत्र में 12वीं कक्षा के दीक्षान्त समारोह को सम्बोधित करते हुए निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने कहे। उन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम, धीरूभाई अम्बानी, विशाल मिश्रा आदि का उदाहरण देकर उनके संघर्ष से सफलता के सफर से प्रेरणा लेने की बात कही। इस अवसर पर गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, कॉम्पिटेटिव विंग के राम सर, आचार्य दयाशंकर, मुख्य संरक्षक संजीव आर्य सहित सभी अध्यापक एवं संरक्षकगण मौजूद रहे। विदाई समारोह में गुरुकुल के वरिष्ठ छात्रों ने स्मृति-चिन्ह भेंट कर गुरुकुल के अधिकारियों को सम्मानित किया। निदेशक प्रवीण कुमार ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए निरन्तर प्रयास जरूरी है। कम्फर्ट जॉन से बाहर निकलकर अपने लक्ष्य पर फोकस करें और इसके लिए पूरी ताकत लगा दें क्योंकि आपकी सफलता की गारंटी आपकी स्वयं की मेहनत है, यदि आपके अंदर मेहनत करने का जज्बा है तो आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। गुरुकुल के वातावरण और बाहरी परिवेश पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि गुरुकुल में एक निर्धारित दिनचर्या के तहत आपके जीवन को नई दिशा देने का सफल प्रयास यहां की मैनेजमेंट, अध्यापकों, संरक्षकों की टीम द्वारा किया गया मगर इसके आगे का सफर आपको स्वयं तय करना है और उसमें गुरुकुल के संस्कारों को हमेशा स्मरण रखना है। गुरुकुल की दिनचर्या और यहां मिले संस्कार आपको जीवन हमेशा उन्नति के मार्ग पर ले जाने में सहायक होंगे। उन्होंने हाल ही में एनडीए एसएसबी हेतु रेकेमेंडिड हुए सभी 09 छात्रों को विशेष रूप से बधाई दी।

इससे पूर्व आचार्य दयाशंकर के ब्रह्मत्व में कक्षा 11वीं व 12वीं के छात्रों ने विशेष अग्निहोत्र के साथ दीक्षान्त समारोह का शुभारम्भ किया जिसमें सभी छात्रों ने बारी-बारी से आहूतियां प्रदान कर राष्ट्र उत्थान और समाज कल्याण की कामना की। यज्ञ के पश्चात गुरुकुल के सभी अधिकारियों व अध्यापकों ने ब्रह्मचारियों पर पुष्प-वर्षा कर आशीर्वाद दिया। मुख्य संरक्षक संजीव आर्य ने मंच का संचालन करते हुए ह्यप्यारे बच्चों भूल न जाना, गुरुओं के संस्कारों कोह्न गीत सुनाकर छात्रों में हमेशा गुरुकुल और गुरुओं के प्रति सम्मान की भावना को जागृत किया। गुरुकुल के ब्रह्मचारी सत्यम आर्य ने मंच से गुरुकुल में अपनी स्मृतियां को सांझा किया वहीं 11वीं के छात्र कुणाल आर्य ने 12वीं के सभी छात्रों का अपने सभी साथियों की ओर से आभार व्यक्त किया।

# समाज में बदलाव लाने का कार्य करें युवा : डॉ. आनन्द



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एनएसएस यूटीडी इकाई तीन के तत्वावधान में गांव नरकातारी में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि केयू एनएसएस समन्वयक डॉ आनंद कुमार ने कहा कि युवा समाज में बदलाव लाने का कार्य करें तथा अच्छा इंसान बनकर दूसरों की भलाई करें। उन्होंने कहा कि प्रकृति हमें सब कुछ देती है इसलिए प्रकृति की सेवा करना भी हमारा कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हमें स्वयं के भले से पहले एक स्वयंसेवी होने के नाते दूसरों का भला और समाज का भला आगे रखते हुए उसे दिशा में काम करना चाहिए।

**भ्रमण कराया**

**पहले दिन शिविर में 50 से 60 एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्रतिभागिता की। स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर में भ्रमण किया**

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि माथुर ने बताया कि यह शिविर 7 फरवरी से 13 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने बताया कि शिविर का शुभारम्भ एनएसएस गीत से हुआ। उन्होंने बताया कि पहले दिन शिविर में 50 से 60 एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्रतिभागिता की। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर में भ्रमण किया।

# सड़क हादसे में घायल डीटीसी कर्मचारी की उपचार के दौरान मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सोनीपत-गोहाना** सड़क मार्ग पर गांव तिहाड़ मलिक फ्लाईओवर पर सड़क हादसे में दिल्ली डीटीसी में तैनात परिचालक घायल हो गया। परिजन घायल को लेकर रोहतक के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान कर्मचारी की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मोहाना थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस वाहन चालक की तलाश कर रही है। गांव जौली हाल में मयूर विहार निवासी अमित कुमार ने बताया कि उसका भाई सुमित कुमार (35) दिल्ली डीटीसी में बतौर परिचालक के तौर पर कार्यरत है। वह गत 30 जनवरी को अपनी बाइक पर सवार होकर गांव जौली मां-पिता से मिलने के लिए गया था। अगले दिन सुबह करीब सात बजे घर से डयूटी पर जाने के लिए निकला था। वह गांव तिहाड़ मलिक रोड फ्लाईओवर के पास पहुंचा। जहां अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे रोहतक के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया।

# विरासत हरियाणा पैवेलियन का मुख्यमंत्री व केन्द्रीय संस्कृति मंत्री ने किया उद्घाटन

**आकर्षण**

**इसके साथ ही चड़स तथा सिंचाई के लिए प्रयोग की जाने वाली ढेंकली विशेष आकर्षण बनी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**फरीदाबाद :** अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेला 2025 में केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी तथा सहकारिता एवं विरासत पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा विरासत सांस्कृतिक प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अभिभूत हो गए। हरियाणा सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित 7 फरवरी से 23 फरवरी तक चलने वाले सूरजकुंड क्राफ्ट मेला 2025 में विरासत दि हेरिटेज विलेज कुरुक्षेत्र द्वारा ह्यअपणा घरह्न की स्थापना की गई है। अपणा घर की प्रदर्शनी में जहां एक ओर लोक पारम्परिक विषय-वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया है वहीं पर दूसरी ओर हरियाणवी लोक जीवन में प्रयोग की जाने वाली सैंकड़ों वर्ष पुरानी विषय-वस्तु पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। यह जानकारी विरासत दि हेरिटेज विलेज के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने दी।

उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय मेले में हरियाणा की लोक सांस्कृतिक विरासत के साक्षात रूप में दर्शन करने का अवसर मिल रहा है। इस प्रदर्शनी में लुगदी से बने बोहिये, 100 साल पुराने लालटेन और रेलवे लैंप, पित्तल के पुराने बर्तन, लोहे एवं पित्तल की पुरानी बाल्टियां, टांगली और जेली, हरियाणवी लोक परिधान, दरी बनाने के लिए खड्डी, सेल्फी प्वाईंट्स, चरखा, कूंए में प्रयोग किए जाने वाले कांटे एवं बिलाई प्रदर्शित किए गए हैं। इसके साथ ही डोल जिसका प्रयोग कूंए से पानी खींचने के लिए होता रहा है भी प्रदर्शनी का हिस्सा बने हैं।

इसके साथ ही चड़स तथा सिंचाई के लिए प्रयोग की जाने वाली ढेंकली विशेष आकर्षण बनी। संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा की पगड़ी का स्टॉल भी युवा पीढ़ी के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र हैं, जिसमें पगड़ी बंधाओ, फोटो खिंचाओ इवेंट का आयोजन किया गया है।

# जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी : प्रो. एआर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने कहा है कि विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अपने लक्ष्य को निर्धारित करना जरूरी है। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समय का प्रबंधन, अनुशासन, निरंतर प्रयास एवं धैर्य जैसे गुणों का होना आवश्यक है। यह विचार उन्होंने शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में शैक्षणिक व वर्ष भर होने वाली विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों में अग्रणी रहने वाले नर्सरी से चौथी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित पुरस्कार सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इससे पहले विद्यालय परिसर में पहुंचने पर मुख्य अतिथि का स्कूल की वाइस चेयरपर्सन प्रो. सुनीता दलाल व प्राचार्य डॉ. सुखविन्द्र सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

**मार्गदर्शन**

**लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समय का प्रबंधन, अनुशासन, निरंतर प्रयास एवं धैर्य जैसे गुणों का होना आवश्यक है**

कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। प्रो. एआर चौधरी ने कहा कि जीवन में लक्ष्य को निर्धारित कर उसे सफलतापूर्वक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी में अनुशासित, समय पाबन्द, धैर्यता, एकाग्रता एवं सकारात्मकता का होना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जीवन में कोई भी लक्ष्य छोटा या बड़ा नहीं होता, लेकिन अपने लक्ष्य के प्रति सच्ची निष्ठा एवं द्दढ़ संकल्प होकर हम इसे प्राप्त कर सकते हैं।

# बारवा वासी कृष्ण हत्या मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस ने बारवा वासी कृष्ण हत्या मामले के 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है । अपराध शाखा-2 की टीम ने बारवा वासी कृष्ण हत्या मामले में शामिल आरोपी संदीप पाल वासी चिडाओ करनाल, गौरव वासी बडा गांव जिला करनाल व अंकुश वासी बारवा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया की 30 जनवरी 25 को थाना केयूके पुलिस को दी अपनी शिकायत में प्रवीन कुमार वासी बारवा ने बताया था कि उसका भाई रात के समय करीब 10 बजे अंकुश के पास अपने उधार दिए 43 हजार रुपये लेने के लिए गया था। जो अभी तक वापस नही आया और उसका फोन भी ऑफ आ रहा है । जिसकी शिकायत पर थाना केयूके में गुमशुदगी का मामला दर्ज करके जांच की गई। दिनांक 5 फरवरी को मृतक कृष्ण का शव बरामद हुआ था। मृतक के घरवालों ने कृष्ण की हत्या करने का शक जताया था।

## फैक्टरी गोदाम में खड़ी गाड़ी चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: राई** थाना क्षेत्र में फैक्टरी गोदाम से गाड़ी के चोरी होने का मामला सामने आया है। गाड़ी मालिक अपने दूसरी गाड़ी को देखने के लिए गया था। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव सेवली निवासी सुभाष ने बताया कि उसने नई टाटा गाड़ी खरीदी थी। उसे गत एक फरवरी को फैक्टरी गोदाम में खड़ी कर दिया। उसकी दूसरी गाड़ी में में तरावड़ी के पास आग लग गई। वह उसे देखने के लिए चला गया। वापस आया तो गाड़ी गोदाम से गायब मिली।

# आपदा से बचाव के लिए एनडीआरएफ ने किया मॉक ड्रील

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र ,** एसडीएम कपिल शर्मा ने कहा कि भूकंप, आगजनी और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए मॉक ड्रील बहुत जरूरी है। इस मॉक ड्रील के माध्यम से सभी विभागों को आपदा के समय उनकी जिम्मेवारी के बारे में अभ्यास करने को मिलता है। इसके साथ ही आपदा के समय किन-किन विषयों पर फोकस रखना चाहिए, इसकी भी जानकारी मॉक ड्रील से ही मिल पाती है।



एसडीएम कपिल शर्मा शुक्रवार को नए लघु सचिवालय के प्रशासनिक ब्लॉक में एनडीआरएफ व प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित मॉक ड्रील कार्यक्रम में अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले एनडीआरएफ के अधिकारी पंकज ने नए लघु सचिवालय के सभागार में भूकंप और आगजनी जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव करने के लिए किन-किन विषयों को जहन में रखना है और किन-किन विषयों से भूकंप के दौरान बचना है। इसके अलावा उन्होंने पुलिस विभाग, रैड क्रॉस, स्थानीय प्रशासन, एनडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग, आगजनी विभाग के साथ-साथ संस्थाओं और आम नागरिकों की जिम्मेवारी के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। एनडीआरएफ के अधिकारी पंकज ने सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और आपदा को लेकर जिला स्तर पर गठित कमेटियों को साथ लेकर भूकंप के आने पर और लघु सचिवालय में आग के लगने के दौरान लोगों को कैसे बचाना है, आगजनी की घटना पर कैसे काबू पाना है, भूकंप के दौरान किन-किन विषयों को जहन में रखकर बचाव करना है।

**अभ्यास**

**मॉक ड्रील के माध्यम से सभी विभागों को आपदा के समय उनकी जिम्मेवारी के बारे में अभ्यास करने को मिलता है**

# जिलाध्यक्ष राणा की उपस्थिति में उम्मीदवारों ने भरा चुनावी फार्म

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** भाजपा जिला मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स ने बताया कि भा.ज.पा. के जिला कार्यालय में निकाय चुनाव को लेकर आज एक महत्वपूर्ण आयोजन किया गया, जिसमें कई उम्मीदवारों ने आगामी चुनावों में अपने भाग्य को आजमाने के लिए चुनावी फार्म भरे। यह कार्यक्रम पार्टी के जिलाध्यक्ष सुशील राणा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जबकि पूर्व मंत्री सुभाष सुधा की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गौरवमयी बना दिया। कार्यक्रम की शुरूआत जिलाध्यक्ष सुशील राणा के स्वागत संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने पार्टी के आगामी चुनावों में पूरी ताकत से उतरने का संकल्प लिया। राणा ने कहा, "भा.ज.पा. हमेशा से जनता के साथ खड़ी रही है और आगामी चुनावों में हम जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे। हमारी पार्टी का विजन है कि हम हर वर्ग, हर समुदाय के लिए काम करें और विकास के नए आयाम स्थापित करें।"पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने उम्मीदवारों को संबोधित करते हुए कहा, "यह चुनाव केवल एक राजनीतिक अवसर नहीं है, बल्कि यह समाज और देश के भविष्य के निर्माण की दिशा में एक कदम है। उम्मीदवारों को चाहिए कि वे चुनावी प्रक्रिया को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ अपनाएं, ताकि जनता का विश्वास और समर्थन प्राप्त किया जा सके।" इस दौरान, पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय नेताओं ने चुनावी फार्म भरे और अपने-अपने चुनावी क्षेत्रों में जीत हासिल करने का संकल्प लिया। राणा और सुधा ने सभी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं दी और उनके उत्साहवर्धन के लिए पार्टी की पूरी ताकत के साथ उनका समर्थन किया। जिला भाजपा कार्यलय में आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे। राणा ने आगे कहा, "हमारी पार्टी न केवल चुनावी रणनीति पर काम कर रही है, बल्कि हम समाज के हर वर्ग तक पहुंचने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। हम सभी उम्मीदवारों से उम्मीद करते हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी के नीतियों और सिद्धांतों को लेकर जनता के बीच जाएं और उन्हें जागरूक करें। कार्यक्रम के अंत में,राणा ने सभी उम्मीदवारों को चुनावी अभियान में उनकी पूरी मेहनत और द्दढ़ता से कार्य करने की प्रेरणा दी और पार्टी की ताकत को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि भा.ज.पा. किसी भी दबाव से ऊपर उठकर केवल राष्ट्र और जनता की सेवा के लिए कार्य करती है और आगामी चुनावों में हम अपने सिद्धांतों और नीतियों के आधार पर बहुमत प्राप्त करेंगे।

**संकल्प**

**वत्स ने बताया कि भा.ज.पा. के जिला कार्यालय में निकाय चुनाव को लेकर आज एक महत्वपूर्ण आयोजन किया गया**

# 'सुरीली शाम-गुदगुदी के नाम' अग्रवाल धर्मशाला में 16 फरवरी को

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा रेलवे स्टेशन के नजदीक एक होटल में संचालक मंडल की बैठक आयोजित की गई। जानकारी देते हुए सचिव सुनील अंगीरस ने बताया कि बैठक का संचालन समूह संरक्षक जितेंद्र बंसल ने किया। इस दौरान गुदगुदी जंक्शन समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में म्यूजिकल ग्रुप गाता रहे मेरा दिल द्वारा 16 फरवरी को प्रस्तावित कार्यक्रम "सुरीली शाम-गुदगुदी के नाम" को लेकर सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां सुनिश्चित की गई। वरिष्ठ पदाधिकारी गुलशन ग्रोवर ने बताया कि स्वर कोकिला लता मंगेशकर और पार्श्वगायक व संगीतकार बप्पी लहरी की स्मृति में यह कार्यक्रम रविवार,16 फरवरी को कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन के नजदीक अग्रवाल धर्मशाला में दोपहर बाद 3 से सायं 6 बजे तक होगा। ग्रुप इंचार्ज सुनील भटनागर के निर्देशन में कुरुक्षेत्र, अम्बाला,करनाल,सिरसा,यमुनानगर,रोहतक,दिल्ली,चंडीगढ़ व पंजाब के लगभग 25 गायक अपने गीतों से दोनों महान गायकों को श्रद्धांजलि देंगे जिनमें अम्बाला से जूनियर बप्पी लहरी इंद्र परुथी याका मुख्य आकर्षण होंगे।



# महासंगम यात्रा- सनातन संस्कृति, आस्था और आधुनिक भारत के युवाओं को जोड़ने की पहल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

दिल्ली से प्रारंभ हुई महासंगम यात्रा भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों का भ्रमण करते हुए लाखों श्रद्धालुओं को सनातन संस्कृति से जोड़ने का कार्य कर रही है। इस यात्रा का आयोजन इंटरनेशनल मंदिर प्रबंधक परिषद (क्व्ढउ) और भगवा ऐप द्वारा किया गया है, जिसका उद्देश्य भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों को एक सूत्र में पिरोना, मंदिरों के आधुनिकीकरण को बढ़ावा देना और युवाओं को सनातन संस्कृति से जोड़ना है,यात्रा के दौरान विभिन्न राज्यों में मंदिरों के प्रबंधन, धार्मिक जागरूकता



और आधुनिक तकनीक को सनातन परंपराओं से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री व यात्रा के संयोजक दीप सिहाग सिसाय ने बताया कि महासंगम यात्रा की शुरूआत प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र स्नान से हुई, जहाँ लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर इस ऐतिहासिक यात्रा को शुभारंभ दिया। इसके पश्चात यात्रा काशी विश्वनाथ मंदिर बनारस, झारखंड स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम, ओडिशा के लिंगराज मंदिर, आंध्र प्रदेश के द्राक्षरामम एवं अमर लिंगेश्वर स्वामी मंदिर, दक्षिण काशी श्रीशैल मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, तमिलनाडु के वेल्लोर स्थित जलाकंडेश्वर मंदिर तथा रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग पहुँची। इन सभी स्थानों पर यात्रा का भव्य स्वागत हुआ और स्थानीय श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ इसमें भाग लिया। इस दौरान अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि आगे यह यात्रा चित्र दूर्गा से महाराष्ट्र के कोल्हापुरे और भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए की ओर बढ़ रही है और इसके बाद यह सोलापुर, पंढरपुर, भीमाशंकर, नासिक, घृष्णेश्वर, छत्रपति संभाजी नगर, सूरत, सोमनाथ, द्वारका, अहमदाबाद, उज्जैन, ओंकारेश्वर, मथुरा, वृंदावन, हरिद्वार, ऋषिकेश और उखीमठ होते हुए 24 फरवरी 2025 को दिल्ली में संपन्न होगी। इस यात्रा का उद्देश्य केवल धार्मिक स्थलों का भ्रमण करना नहीं है, बल्कि युवाओं को भारतीय संस्कृति से जोड़कर उन्हें अपनी परंपराओं के प्रति जागरूक बनाना है। आधुनिक दौर में पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में युवा अपनी जड़ों से दूर हो रहे हैं।

# ईमानदार छवि और युवा सोच के साथ करेंगे वार्ड का विकासः रमेश सैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**जिला अध्यक्ष** दुष्यंत भट्ट, विधायक प्रमोद विज , केबिनेट मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा को अपना आवेदन पत्र सौंपा । आवेदन पत्र सौंपने के पश्चात भाई रमेश सैन पुत्र राजेंद्र सैन मंडल अध्यक्ष ओ बी सी मोर्चा कृष्ण पुरा मंडल ने बताया कि मैंने वार्ड 18 की जनता के साथ अपना आवेदन पत्र सौंपा है और उन्होंने बताया कि अगर पार्टी संघठन की ओर से मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता पर विश्वास जताती है। तो मैं अवश्य ही वार्ड 18 से 36 बिरादरी के आशीर्वाद से जीत कर ये सीट पार्टी की झोली में डालूंगा । अपने वार्ड में जो अधूरे कार्य पड़े हुए है उनको सरकार के मिलकर साथ अवश्य पूरा




करवाऊंगा । उन्होंने कहा कि जिस तरह मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपनी सरकार का 100 दिन का एजेंडा तय करके कार्य किया है उसी तर्ज पर ही अगर वार्ड की जनता मुझ पर विश्वास जताती है तो मैं भी अपने वार्ड में 100 दिन का एजेंडा तय करके वार्ड के विकास कार्य करवाऊंगा , कहा कि वार्ड को भय मुक्त वातावण देना मेरा प्रमुख कार्य रहेगा , पूरे वार्ड में सी सी टीवी कैमरा लगवाना सबसे प्रमुख कार्यों में से एक है ।

एक बार पुनः वार्ड वाशियों से निवेदन है कि अपने बेटे और भाई को एकता के साथ मिलकर आशीर्वाद दें।

## न्यूज फ्लैश

### आई.सी.ए.आई कुरूक्षेत्र शाखा के सेमिनार में एडमिशन कमिश्नर इनकम टैक्स (चंडीगढ़) ने की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : दी इंस्टिट्यूट** आफ चार्टर्ड.एकाउंटेंट आफ इंडिया (आई.सी.ए.आई) की कुरूक्षेत्र शाखा की ओर से 07 फरवरी को इनकम टैक्स पर सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें अतिथि स्पीकर सीए वेद मित्तल ने प्रतिभागियों को इनकम टैक्स थीम पर विस्तृत पीपीटी द्वारा प्रस्तुति देकर लाभान्वित किया। इस अवसर पर आई.सी.ए.आई. की कुरूक्षेत्र शाखा प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन सीए परविंदर सिंह ने एडमिशन कमिश्नर इनकम टैक्स (इ) रेंज-2 चंडीगढ़ श्रीमती सुरिंदर कौर वड़ैच जी (आई.आर.एस.) को इस सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने के लिए धन्यवाद दिया व स्मृति-चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया। इस सेमिनार में डेप्युटी कमिश्नर इनकम टैक्स (इ) चंडीगढ़ श्री श्याम सिंह जी, इनकम टैक्स अधिकारी अंबाला श्री संजीव कुमार धीमान, सीए अंकित शर्मा वाइस-चेयरमैन व कुरूक्षेत्र जिले के वरिष्ठ सीए भी उपस्थित थे।

### छात्र आर्यन ने बैडमिंटन में हासिल किया दूसरा स्थान

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

नई अनाज मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल के छात्र आर्यन ने रौनक पब्लिक स्कूल में द्विदिवसीय बैडमिंटन ओपन प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों के बच्चों में मुकाबला हुआ और आर्यन ने फाइनल में प्रवेश करके द्वितीय स्थान हासिल किया । प्रबंधन समिति के उप प्रधान अमित गर्ग प्रबंधक संजय गर्ग सचिव अमित जैन कोषाध्यक्ष राकेश बंसल तथा विद्यालय की प्राचार्या अलोना सिंगला ने कोच प्रवीन दहिया तथा आर्यन एवं उसके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी तथा भविष्य में विद्यालय तथा अपने अभिभावकों का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

### सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में प्रोबायोटिक्स की अहम भूमिका

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**सर्वाइकल** कैंसर, जो मुख्य रूप से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) के उच्च-जोखिम वाले स्ट्रेन के लगातार संक्रमण के कारण होता है, दुनिया भर में महिलाओं के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य चिंता बना हुआ है। हाल के शोध निष्कर्षों से पता चला है कि वेजाइनल माइक्रोबायोम, यानी योनि क्षेत्र में रहने वाले बैक्टीरिया और सूक्ष्मजीवों का समुदाय, सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रोबायोटिक्स को आंतों के बैक्टीरिया को संतुलित करने की क्षमता के लिए जाना जाता है, और हाल ही में यह पता चला है कि ये एक स्वस्थ वेजाइनल माइक्रोबायोम को बनाए रखने और सर्वाइकल कैंसर को रोकने में भी मददगार हो सकते हैं। सीके बिरला हॉस्पिटल, गुरुग्राम की आब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी विभाग की निदेशक, डॉ. अरुणा कालरा ने बताया कि "वेजाइनल माइक्रोबायोम मुख्य रूप से लैक्टोबैसिलस बैक्टीरिया से बना होता है, जो एक स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होते हैं। एक स्वस्थ माइक्रोबायोम संक्रमणों, जैसे एचपीवी, को रोकने के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि, एंटीबायोटिक्स, तनाव, अत्यधिक वेजाइनल वॉश के उपयोग, इम्यूनोकॉम्प्रोमाइज्ड स्थिति या खराब आहार के कारण इस माइक्रोबायोम में असंतुलन हो सकता है, जो संक्रमणों को बढ़ावा देने वाले वातावरण का निर्माण कर सकता है। यह स्थानीय प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया में परिवर्तन के माध्यम से एचपीवी संक्रमण की लगातार उपस्थिति और प्रीकैंसरस लीजन से इनवेसिव सर्वाइकल कैंसर की प्रगति को प्रभावित करके सर्वाइकल कैंसर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।" डॉ. कालरा ने आगे बताया कि प्रोबायोटिक्स सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में कई तरह से मददगार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि "प्रोबायोटिक्स लैक्टोबैसिलस (जो अम्लीय पीएच बनाए रखता है) को योनि में पुनः स्थापित करने में मदद करते हैं। अच्छा फ्लोरा हानिकारक बैक्टीरिया और अन्य सूक्ष्मजीवों के विकास को नियंत्रित करता है।

# डॉ विजय सिंह ने युवाओं को जागरूक करने का कार्य किया

शिवपुरी, स्वतंत्रता संग्राम के महा नायक कर्नल गुरबक्श सिंह ढिल्लन की उन्नीसवीं पुनः तिथि पर बीपीएम जयहिंद मिशन संस्था एवं संत रैदास लोक कल्याण ट्रस्ट द्वारा मशाल यात्रा हर वर्ष की भांति शिवपुरी में तात्या टोपे को पुष्प अर्पित कर चौदह किलोमीटर दूर गांव हतौद कर्नल गुरबक्श सिंह ढिल्लन की प्रतिमा तक मशाल यात्रा निकाल कर उन्हें नमन किया। जेल अधीक्षक डॉ विजय सिंह मौर्य ने युवाओं को देशभक्ति के प्रति जागरूक करने का उत्कृष्ट कार्य किया है यह शब्द शिवपुरी जिला कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी ने बतौर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख भूमिका निभाते हुए कही , उन्होंने कहा कि डॉ विजय सिंह मौर्य ने हमारे स्वतंत्रता सेनानियों



के बलिदान को जिंवत करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से अनभिज्ञ युवाओं को देशभक्ति की भावना पुनः जाग्रत करने का अथक प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि कुछ व्यक्ति अधिकारी बनने के बाद आराम से जीवन व्यतीत करना एवं पारिवारिक सुख-सुविधा के अलावा सोचते भी नहीं परंतु डॉ विजय सिंह मौर्य ने अपनी सशक्त ड्यूटी होने के बावजूद भी समाज एवं राष्ट्र के प्रति आमजन तथा युवाओं को देशभक्ति एवं सामाजिक कार्यों के प्रति विशेष भूमिका निभाई है, गर्व है हमें ऐसे अधिकारी पर जो देश पर अपने प्राणों की कुबार्नी देने वाले हमारे अमर शहिदों के बलिदान से अवगत कराया, कुछ लोग तो आजादी के मिशन से वाकिफ भी नहीं होंगे कि स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले हमारे अमर शहिदों ने क्या क्या यातनाएं झेल कर हमें स्वतंत्र जीवन जीने का अवसर दिया है। वहीं आईटीबीपी के कमांडेंट श्री के आर मीणा ने कहा कि मुझे पहली बार शिवपुरी में शहिदों के सम्मान में यह अनोखा कार्यक्रम देखा है और मैं सौभाग्यशाली हूं कि डॉ विजय सिंह मौर्य ने मुझे ऐसे उत्कृष्ट कार्य शामिल होने अवसर दिया तथा जो देश भक्तों के प्रति कार्य जेलर साहब कर रहे हैं यह एक सराहनीय कार्य है हमारे बच्चों को क्रांतिकारियों के प्रति जागरूक करना एवं उनके बलिदान से विद्यार्थियों तथा युवाओं को जागरूक करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है।

# नैशनल हाइवे पर बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कस्बा घरौंडा** में नेशनल हाईवे पर एक युवक की बाइक की टक्कर लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान पानीपत निवासी अमन के रूप में हुई है। हादसा सुबह करीब 8 बजे कोहंड के पास इंद्रप्रस्थ पेट्रोल पंप के सामने हुआ। मृतक अमन सडक पार कर रहा था, तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में अमन गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। मृतक के परिजन सतीश ने बताया कि उन्हें सुबह 8 बजे फोन पर सूचना मिली कि उसके भांजे का एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलते ही वे घर से निकले और अस्पताल पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने अमन को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि हादसा बेहद दर्दनाक था। अमन सडक पार कर रहा था और तभी तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने उसे इतनी जोर से टक्कर मारी कि वह उछलकर दूर जा गिरा। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक बहुत तेज गति में थी और चालक ने ब्रेक तक नहीं लगाए। टक्कर लगते ही अमन दूर जा गिरा और उसके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।

# कलाधारा ग्रुप ने जरूरतमंद लोगों को बांटा भोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः समाज** की सेवा को समर्पित कलाधारा ग्रुप अंबाला की टीम ने मुलाना में भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें अधिक लोगों ने भोजन ग्रहण किया। बुधवार को ग्रुप ने एमएमडीयू मुलाना के पास कैंप लगाया। जहां कढ़ी चावल भंडारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खुला भोजन वितरित किया गया और भोजन के पैकेट भी तैयार किए गए। जिसमें करीब 300 लोगों ने भोजन ग्रहण किया। जरूरतमंद लोगों को भोजन के पैकेट भी दिए गए। कार्यक्रम यश शर्मा की देखरेख में हुआ।

# मीना व मांगेराम ने किया सिविल अस्पताल का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत। हरियाणा** राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य मीना व मांगेराम ने शुक्रवार को सिविल अस्पताल सोनीपत, बाल ग्राम राई, लोक कल्याण सेवा समिति गोहाना व सिविल अस्पताल गोहाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले लोक कल्याण सेवा समिति गोहाना का निरीक्षण करते हुए वहां स्लम एरिया के बच्चों को शिक्षित करने के लिए दी रही सभी सुविधाओं की जांच की। उन्होंने कहा कि यहां बच्चों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के साथ-साथ अच्छी शिक्षा ग्रहण करने की सुविधा दी जाती है ताकि ये बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन में सफल हो सके।



उन्होंने संस्था में बच्चों को मिलने वाले खाने की भी जांच करने के साथ-साथ उनके परिजनों के साथ भी मुलाकात कर उनको जागरूक किया कि वे सभी अपने बच्चों को शिक्षित करें। क्योंकि अगर आपका बच्चा शिक्षा ग्रहण कर अच्छी नौकरी प्राप्त करेगा तो वो आपकी गरीबी को दूर कर सकता है जिससे आप समाज की मुख्यधारा से जुडकर आगे बढ़ सकेंगे। ये संस्थाएं ऐसे बच्चों को शिक्षित करने का कार्य करती है जो गरीबी के कारण स्कूल नहीं जा पाते। ये संस्थाएं बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने में अहम योगदान प्रदान कर रही है। यहां पर शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों को वो सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जाती है जो एक बच्चे को स्कूल में मिलती है। इसके बाद आयोग के सदस्यों ने सिविल अस्पताल गोहाना व सोनीपत का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई पर विशेष जोर देते हुए सीएमओ को निर्देश दिए कि अस्पताल में सफाई पर विशेष ध्यान दें। इसके पश्चात उन्होंने अस्पताल के प्रसव गृह का भी दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं की जांच की। इसके बाद उन्होंने बाल ग्राम राई का दौरा कर स्टाफ को भी निर्देश दिये की बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरक्षण के दौरान बाल कल्याण समिति की चैयरपर्सन अनीता, बाल संरक्षण से उपासना सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# होटल प्रबंधन संस्थान को मिला शिल्प मेले में आतिथ्य सत्कार का मौका

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**होटल प्रबंधन संस्थान,** पानीपत के विद्यार्थियो और स्टाफ को आज से शुरू हो रहे 38वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला 2025 में 17 दिन के लिए आतिथ्य सत्कार की सेवा का मौका मिला। इस मेले का आयोजन 7 फरवरी से 23 फरवरी 2025 तक होगा। मेले का उद्घाटन केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने किया उन्होने बताया कि मेले में 42 देशो के 648 प्रतिभागी इसमे हिस्सा लेंगे। मेले में ओड़ीशा और मध्य प्रदेश दो थीम राज्य है। अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले का आयोजन हर साल अरावली की खूबसूरत




पहाड़ियों के बीच फरीदाबाद में किया जाता है। इस साल सूरजकुंड मेला का 38वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में भारत की सांस्कृतिक विविधताओं और पारंपरिक कला का प्रदर्शन किया जाता है। इसमें देश-विदेश से कलाकार, शिल्पकार और हस्तशिल्प कारीगर शामिल होते हैं और अपनी कलाओं का प्रदर्शन करते हैं। यहां हस्तशिल्प कारीगारो द्वारा बनाए गए मिट्टी के बर्तन, लकड़ी के खिलौने, आभूषण, साज-सजावट का सामान, पारंपरिक सजावट का सामान और कपड़े आदि मिलते हैं। कार्यकारी प्राचार्य श्री चन्दन वशिष्ठ ने बताया की आईएचएम पानीपत के छात्र आतिथ्य सत्कार में अपनी सेवाएं देंगे जिसमे छात्र किच्चन, रैस्टौरेंट व कमरो की देखरेख का कार्य करेंगे और हर वर्ष की भांति छात्रों को कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा और अपनी स्किल्स को बढ़ाएंगे।

उन्होने बताया कि यह मेला छात्रों को न केवल सीखने का एक अच्छा मौका देगा बल्कि आतिथ्य सत्कार क्या होती है उसके बारे में भी बताएगा। विद्यार्थियो ने मेला देखने आए देश-विदेश के लोगो को होटल प्रबंधन संस्थान, पानीपत के बारे में विस्तार से बताया और उनकी संस्कृति के बारे में जाना।

# करनालर-जालंधर के तीन ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रदेश के** युवकों को डंकी रूट से अमेरिका भेजने वाले एजेंटों पर पुलिस का एक्शन शुरू हो गया है। पुलिस ने करनाल के आकाश और सुमित की शिकायत पर 3 एजेंटों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन पर फ्रॉड और इमिग्रेशन एक्ट लगाया गया है। आकाश और सुमित हरियाणा के उन्हीं 33 लोगों में शामिल हैं, जिन्हें अमेरिका से 5 फरवरी को यूएस एयरफोर्स के जहाज में हाथ-पैर जंजीरों से बांधकर जबरन अमृतसर एयरपोर्ट भेजा गया था। पुलिस को जांच में पता चला कि इन 33 लोगों से एजेंटों ने करीब 15 करोड़ रुपए ठगे हैं, जिसमें उन्हें अमेरिका में जॉब तक का झांसा दिया गया। हालांकि लगभग सभी मैक्सिको बॉर्डर से दीवार पार कर अमेरिका में पहुंचते ही अरेस्ट हो गए। उधर पंजाब के अमृतसर में डिपोर्ट हुए दिलेर सिंह ने एजेंट सतनाम सिंह के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। ये मामला अमृतसर जिले के राजासांसी थाने में दर्ज किया गया है। करनाल के कालरम गांव के शुभम ने बताया कि उसका छोटा भाई आकाश दिल्ली घूमने गया था, जहां उसकी मुलाकात संदीप नामक युवक से हुई। संदीप ने उसे एक एजेंट का नंबर दिया, जिसने खुद को जालंधर का रहने वाला रॉकी बताया। एजेंट ने आकाश को अमेरिका भेजने के लिए 42.50 लाख रुपए की मांग की।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में खेल दिवस आरोग्यम समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः डीएवी सीनियर** सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस आरोग्यम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रांगण में उल्लास, उमंग और खेल भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राधा रमण सूरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में डीएवी कॉलेज, अंबाला शहर के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव महाजन तथा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं विद्यालय के पूर्व छात्र जैनिश सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ए.आर.ओ.




डॉ विकास कोहली जी भी कार्यक्रम मे शामिल रहे।

विद्यालय की वरिष्ठ समन्वयिका श्रीमती भारती के मार्गदर्शन में संपन्न हुए इस समारोह का मंच संचालन मधु शर्मा एवं माधुरी शर्मा द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के स्वागत और ह्यओम पट्ह्व के उच्चारण के साथ हुआ। इसके पश्चात खेल महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन गुब्बारों के विमोचन एवं मशाल प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अनुशासन और एकजुटता का परिचय देते हुए प्रभावशाली मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। तत्पश्चात सभी प्रतिभागियों ने खेल भावना की शपथ ली और प्रधानाचार्य महोदय ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में खेलों के माध्यम से अनुशासन, परिश्रम एवं नेतृत्व कौशल के विकास पर बल दिया। खेल मैदान में विभिन्न प्रतिस्पधाओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया। कक्षा कएवं क्क्र के विद्यार्थियों ने अपनी ऊर्जा और तालमेल का प्रदर्शन करते हुए जुंबा ड्रिल प्रस्तुत की।

कक्षा 3 के विद्यार्थियों ने 'डक वॉक रेस', कक्षा 4 के विद्यार्थियों ने डंबल व्यायाम तथा हर्डल दौड़ में अपनी शारीरिक दक्षता का परिचय दिया। वहीं, कक्षा 5 के विद्यार्थियों की 'बोरी दौड़' एवं 'नींबू चम्मच दौड़' दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनीं। नर्सरी एवं एलकेजी के बच्चों ने 'माला दौड़' एवं 'हुला हूप दौड़', जबकि यूकेजी के बच्चों ने 'रिंग स्क्रिपिंग' एवं 'नींबू चम्मच दौड़' में अपनी कुशलता का परिचय दिया।खेल प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा क्क्र के विद्यार्थियों ने ह्यमा तुझे सलामह्व गीत पर देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को देशप्रेम की भावना से सराबोर कर दिया।

# छात्र ऋषभ की हत्या के तीन आरोपियों को सीआईए टू पुलिस टीम ने गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**सीआईए टू पुलिस** टीम ने खटीक बस्ती में छात्र ऋषभ की धारदार हथियार से हत्या करने वाले तीन आरोपियों को एनएफएल नाका के पास से काबू किया। आरोपियों की पहचान मोहम्मद फैसल निवासी जगजीवन राम कॉलोनी, सौरभ व सभीहुद्दीन उर्फ समीर निवासी खटीक बस्ती के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के संज्ञान में उक्त मामला आते ही उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों को जल्द से जल्द काबू करने की जिम्मेदारी सीआईए टू पुलिस टीम को सौंपी थी।

सीआईए टू पुलिस टीम ने अपने सभी सोर्स एक्टिव कर वीरवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर तीन आरोपियों को एनएफएल नाका के पास से काबू करने में कामयाबी हासिल की। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि पूछताछ में तीनों आरोपियों ने अपने अन्य कई साथी आरोपियों के साथ मिलकर ऋषभ की कहासुनी के बाद लाठी, डंडो व चाकू से वार कर ऋषभ की हत्या करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ में आरोपियो ने पुलिस को बताया उनकी 4 फरवरी की साय खटीक बस्ती में तेज रफतार से बाइक चलाने को लेकर ऋषभ व उसके साथियों के साथ कहासुनी हुई थी। प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें 5 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने साथ वारदात में प्रयुक्त चाकू व लाठी डंडे बरामद करने व वारदात में शामिल फरार इनके साथी आरोपियों के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेंगी।

# मतगणना आज सुबह आठ बजे से, 699 उम्मीदवारों की किस्मत का होगा फैसला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** विधानसभा चुनावों की मतगणना शनिवार को सुबह आठ बजे कड़ी सुरक्षा के बीच 19 केंद्रों पर शुरू होगी। सुचारू और निष्पक्ष मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके साथ ही दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर लड़ने वाले 699 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला हो जाएगा। उधर, आम आदमी पार्टी की ओर से लगाए गए आरोपों को दिल्ली की मुख्य चुनाव अधिकारी ने खारिज कर दिया है। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एलिस वाज ने कहा कि मतगणना पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों, माइक्रो ऑब्जर्वर, सांख्यिकी कर्मचारियों और अन्य सहायक कर्मियों सहित लगभग 5,000 कर्मचारियों को मतगणना प्रक्रिया के लिए तैनात और प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने यह बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच वीवीपीएटी की मतदाता पर्ची की गिनती (रैंडम) रूप से की जाएगी। वास्तविक समय के परिणाम ईसीआई की वेबसाइट से प्राप्त किए जा सकते हैं। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी देवेश श्रीवास्तव ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना के लिए 19 केंद्रों सहित पूरी दिल्ली में अभूतपूर्व सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों के 15 हजार



जवानों को तैनात किया गया है। वहीं, खुफिया इकाइयां सहित पुलिस के वरिष्ठ कर्मी स्थिति पर नजर गड़ाए हुए हैं। स्पेशल सीपी के अनुसार मतगणना केंद्र व आस-पास के इलाकों में सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए हैं। मतगणना केंद्रों के आस-पास का इलाका तो गुरुवार देर रात से ही छावनी में तब्दील कर दिया गया था। चुनाव आयोग की ओर से जारी पास दिखाए बिना किसी को भी केंद्र के अंदर जाने की इजाजत नहीं होगी। करीब सौ मीटर की परिधि में काफी संख्या में सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। आम लोगों व आम वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। मतगणना केंद्र से सौ मीटर पहले ही बैरिकेड लगा दिए गए हैं। मतगणना केंद्र में हर आने-जाने वालों की सघन तलाशी ली जाएगी। इसके लिए सभी मतगणना केंद्रों पर मेटल डिटेक्टर के साथ स्कैनर मशीन लगाई गई है। सड़कों पर जगह-जगह बैरिकेड लगाकर संदिग्ध वाहनों पर नजर रखी जाएगी। स्पेशल सीपी ने बताया कि स्ट्रांग रूम व उसके बाहर अर्धसैनिक बलों की तैनाती होगी। सभी मतगणना केंद्रों में तीन लेयर में सुरक्षा चक्र बनाया गया है। पहली लेयर में स्थानीय पुलिस तैनात की गई है। इसके अलावा दूसरी व तीसरी लेयर में अर्धसैनिक बलों की तैनाती होगी। इसके साथ ही सभी मतगणना केंद्रों के बाहर पीसीआर वैन तैनात की जाएगी। इस बार ट्रैफिक पुलिस को भी मैदान में उतारा गया है। मतदान के दिन भी ट्रैफिक पुलिस को लगाया गया था।

**केजरीवाल के आरोपों को सीईओ ने किया खारिज**

दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल के उन दावों का खंडन किया, जिसमें केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग (ईसी) ने विधानसभा क्षेत्रों में बूथ-वार मतदान के आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव संचालन नियम, 1961 का हर मतदान केंद्र पर "अक्षरशः अनुपालन" किया गया है। केजरीवाल के आरोपों के जवाब में दिल्ली के सीईओ कार्यालय ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में कहा, "चुनाव संचालन नियम 1961 के नियम 49 एस के अनुसार सभी पीठासीन अधिकारियों ने मतदान के दिन, 5 फरवरी, 2025 को मतदान केंद्र पर मौजूद प्रत्येक मतदान एजेंट को फॉर्म 17 सी में दर्ज वोटों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया था। उल्लेखनीय है कि, इससे पहले दिन में केजरीवाल ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने फॉर्म 17 सी अपलोड करने से इनकार कर दिया है, जो प्रत्येक विधानसभा चुनाव में बूथ-वार कुल वोटों की संख्या बताता है।

## रक्तदान करने से नहीं आती है शरीर में कमजोरी: गिरीश साहू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** साहू समाज एकता समिति के अध्यक्ष गिरीश कुमार साहू ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए।
उन्होंने आगे यह भी बताया कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब कोई हमारा रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है। इसलिए सभी रक्तदान अवश्य ही करें। उन्होंने



आगे बताया कि सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। ताकि किसी को परेशान न होना पड़े।

## हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार से मांगी सार्वजनिक स्थलों पर बने 249 अनधिकृत धार्मिक ढांचों की स्टेटस रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: हाई कोर्ट** ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली धार्मिक कमेटी को सार्वजनिक स्थलों पर बने 249 अनधिकृत धार्मिक ढांचे की जानकारी जुटाने और उनके हटाने को लेकर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव से छह हफ्ते में अनधिकृत धार्मिक ढांचों से संबंधित स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 14 मई को होगी। आज सुनवाई के दौरान




दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की ओर से पेश वकील ने कोर्ट को बताया कि उसने 127 गैरकानूनी धार्मिक ढांचों की पहचान की है। इनमें से कुछ ढांचे संजय वन और जहांपनाह सिटी वन क्षेत्र में बनाये गए हैं। डीडीए ने कहा कि इन 127 गैरकानूनी धार्मिक ढांचों में से 82 की पहचान वन विभाग ने की है। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली की धार्मिक कमेटी की अध्यक्षता दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव करते हैं। ऐसे में धार्मिक कमेटी उन 249 अनधिकृत धार्मिक ढांचों की सूचना एकत्र करे हटाने के लिए पहचान की गई है। कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश किया कि इन अनधिकृत धार्मिक ढांचों को हटाने को लेकर कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करे। कोर्ट ने कहा कि ये 249 अनधिकृत ढांचे जिनकी एजेंसियों की भूमि पर बना है उनका भी विस्तृत ब्यौरा दाखिल करें क्योंकि वही एजेंसियों पर इन अनधिकृत ढांचों को हटाने की भी जिम्मेदारी है।

## बड़े-बुजुर्गों का सभी को करना चाहिए सम्मान: रमेश बैनिवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी रमेश कुमार बैनिवाल ने बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंदों व असहायों की सहायता करनी चाहिए, जिससे की किसी भी गरीब को परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि सभी को बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि हमारी संस्कृति की हमारी पहचान है, इसलिए मैं समाज के लोगों से कहना चाहता हूं कि बच्चों को भारतीय संस्कृति और सभ्यता से




अवगत कराये। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री बैनिवाल ने अभिभावको से कहा कि एक रोटी कम खाओं, मगर बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये, जिससे की बच्चे शिक्षित हो और समाज और देश का नाम रोशन करें।

## दिल्ली कमेटी चुनावों को लेकर जीके दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अगस्त 2025 में प्रस्तावित आम चुनावों के प्रति दिल्ली गुरुद्वारा चुनाव निदेशालय की उदासीनता और लापरवाही के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। इस याचिका में चुनाव सुधारों के साथ-साथ महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने की मांग की गई है। यह याचिका दायर करने वाले दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके ने आज अकाली दल कार्यालय में मीडिया के सामने अपने वकील, एडवोकेट नागिंदर बेनीपाल के साथ इस संबंध में कानूनी बिंदु सांझा किए। जीके ने जानकारी देते हुए बताया कि जस्टिस ज्योति सिंह ने 4 फरवरी को उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए चुनाव निदेशालय, दिल्ली सरकार, उपराज्यपाल और दिल्ली कमेटी को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई अब 23 मार्च को होगी। शिरोमणी अकाली दल की राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य जीके ने कहा कि चुनाव निदेशालय सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन कर रहा है। जिस मतदाता सूची के माध्यम से 2021 में चुनाव हुए, उसे 1983 से प्रत्येक चुनाव के दौरान केवल संशोधित किया गया है। जबकि दिल्ली हाईकोर्ट ने 2020 में चुनाव निदेशालय को स्पष्ट आदेश दिया था कि 2021 के चुनाव के तुरंत बाद नई फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। लेकिन आम चुनाव होने के साढ़े तीन साल बाद भी चुनाव निदेशालय अभी भी सो रहा है।

## ओखला स्थित लैंडफिल साइट पर कूड़े के ढ़ेर में लगी आग



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ओखला स्थित लैंडफिल साइट पर दोपहर अचानक कूड़े के ढेर में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली की आसपास के इलाके में धुंआ ही धुंआ हो गया। मामले की सूचना मिलते ही लोकल पुलिस के अलावा दमकल की 12 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल विभाग के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 2:43 बजे सूचना मिली थी कि ईएसआई अस्पताल ओखला फेस -1 स्थित खत्ते में आग लग गई है।

## एनएचआरसी से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: अमेरिका** से 104 भारतीयों को अमानवीय तरीके से भारत भेजने के मामलों को लेकर शुक्रवार को दिल्ली कांग्रेस के लीगल एवं मानवाधिकार विभाग का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) के अध्यक्ष से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने एनएचआरसी अध्यक्ष को अमेरिका से 104 भारतीयों को सैन्य विमान में अमानवीय तरीके से अपराधियों की तरह वापस भेजने के मामले में चिंता जताते हुए एक ज्ञापन सौंपा। यह



प्रतिनिधिमंडल दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के निर्देश पर गया था। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग प्रमुख को कहा कि यह शर्मनाक है कि भारतीयों को अपराधियों की भांति जिस तरह से बेड़ियां लगाकर अमेरिका से भारत भेजा गया है। अमेरिका का कदम अमानवीय प्रताड़ना है। अमेरिका मानवाधिकारों के चैंपियन होने का दावा करता है लेकिन मानव अधिकारों का उल्लंघन करता है।

## भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में आयेगे नतीजें: श्याम सुन्दर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जिला केशवपुरम एस.सी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर ने बताया कि आज नतीजे भाजपा के पक्ष में आयेगें। क्योंकि हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर भी जनता से मिले, जनता का समर्थन भाजपा के साथ था, क्योंकि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी के कार्यों से खुश नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली में भगवा लहरायेगा और दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने आगे यह भी बताया कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही



मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि पीएम मोदी ने देश में विकास ही विकास किया है। भाजपा के राज में देश की अर्थव्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। इसलिए लोग खुश है और दिल्ली में भाजपा की सरकार बनेगी।

## शिक्षा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा का टीजर किया जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: केंद्रीय शिक्षा** मंत्रालय ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी)-2025 कार्यक्रम का टीजर जारी किया। इसमें प्रधानमंत्री दिल्ली की प्रतिष्ठित सुंदर नर्सरी में खुले आसमान के नीचे देशभर के चयनित छात्रों से संवाद करते नजर आ रहे हैं। यह कार्यक्रम 10 फरवरी को सुबह 11 बजे प्रसारित होगा और इसके आठ एपिसोड होंगे। कार्यक्रम की झलक दिखाने वाले वीडियो में प्रधानमंत्री को सुंदर नर्सरी में छात्रों से घिरे हुए देखा जा सकता है। इसके बाद वे छात्रों से पूछते हैं, "आप कहां से हैं?" इस पर छात्र एक-एक करके जवाब देते हैं..."दिल्ली, पंजाब, केरल, त्रिपुरा, बिहार"। प्रधानमंत्री लेखनी सुधारने



को लेकर छात्रों को अपने शिक्षक से जुड़ा एक घटनाक्रम साझा करते हैं। बाद में हरियाणा के छात्र अजय ने कहा, बिल्कुल फ्रेंड की तरह बात कर रहे थे, लग ही नहीं रहा था कि देश के प्रधानमंत्री यहां हैं। राजस्थान की छात्रा खुशी ने कहा, मुझे ऐसा लग रहा था कि मैं सपना देख रही हूं। छात्रों के साथ प्रधानमंत्री की बातचीत में चुटकुले और हंसी-मजाक भी शामिल थे। यह पहला मौका है जब प्रधानमंत्री खुले स्थान पर छात्रों से परीक्षा पे चर्चा करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री तालकटोरा स्टेडियम और भारत मंडपम जैसे बंद स्थानों पर देशभर के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत करते रहे हैं। इस बार परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम नए अंदाज में और नए स्थान पर होगा। इस बार प्रधानमंत्री के साथ खेल, फिल्म और अध्यात्म जगत की प्रमुख हस्तियां भी छात्रों का मार्गदर्शन करेंगी। इनमें एमसी मैरी कॉम, अवनी लेखरा, दीपिका पादुकोण, विक्रांत मैसी, भूमि पेडनेकर और सद्गुरु जैसी प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हैं। शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस वर्ष, प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से 36 छात्रों का चयन किया गया है, जो राज्य व केंद्रशासित प्रदेश बोर्ड सरकारी स्कूलों, केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, सीबीएसई और नवोदय विद्यालय से हैं। इनमें से कुछ छात्र प्रेरणा स्कूल कार्यक्रम के पूर्व छात्र हैं।

## पीयूष गोयल ने राष्ट्रीय आईपी मूट कोर्ट प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: केंद्रीय वाणिज्य** एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को राजधानी नई दिल्ली में आयोजित विधि प्रगतिः राष्ट्रीय आईपी मूट कोर्ट प्रतियोगिता, 2025 समारोह का उद्घाटन किया। गोयल ने इस अवसर अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता के लिए चयनित छात्रों को सहायता प्रदान करेगी। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संपत्ति अधिकार (आईपीआर) पर एक अंतरराष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता के लिए चुने गए छात्रों को पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय (सीजीपीडीटीएम) के द्वारा प्रायोजित किया जाएगा। वाणिज्य मंत्री ने सुझाव दिया कि देशभर के लॉ कॉलेजों में आईपीआर को अनिवार्य विषय बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कानून को सही और गलत की अवधारणाओं से समझा जाना चाहिए, जिसमें एआई महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक यह प्रतियोगिता प्रतिभागियों को उनके वकालत कौशल को बढ़ाने, समकालीन कानूनी मुद्दों पर काम करने और बौद्धिक संपदा कानूनों, इसके प्रवर्तन और नवीनतम केस कानूनों का व्यापक ज्ञान प्राप्त करने के लिए डिजाइन की गई है।

# दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने गुरु हरि कृष्ण पब्लिक स्कूल में स्मार्ट कक्षाओं की शुरूआत की







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरु हरि कृष्ण पब्लिक स्कूल फतेह नगर और तिलक विहार शाखाओं में स्मार्ट कक्षाओं की शुरूआत की गई। इस बारे में जानकारी देते हुए कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलो ने कहा कि आज गुरु हरि कृष्ण पब्लिक स्कूल फतेह नगर और तिलक विहार शाखाओं में स्मार्ट कक्षाओं की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि इन स्मार्ट कक्षाओं से विद्यार्थियों को बहुत बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समेत हर आधुनिक तकनीकी विद्यार्थियों को शिक्षा देने के लिए प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूलों के सभी विद्यार्थी अत्याधुनिक तकनीकी से परिचित हों ताकि देश-विदेश में हो रही प्रगति के साथ कदम से कदम मिलाकर जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि यह स्मार्ट कक्षाएं शुरू करने के लिए गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल के स्टाफ और विद्यार्थियों का बहुत बड़ा तालमेल इस योजना को शुरू करने में मिला है, जिसके लिए वे आभारी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी इस बात पर दृढ़ संकल्पित है कि हमारे स्कूल देश और दुनिया के अन्य स्कूलों के बराबर के स्तर के हों और इसके लिए हमें जो कदम उठाने की जरूरत होगी।

# बिल जमा न होने पर वृद्धा आश्रम का काटा कनेक्शन

## तीन दिन से कटा था आश्रम का बिजली कनेक्शन, जनरेटर भी था खराब, डीएसडब्ल्यूओ अधिकारी को वृद्धाश्रम की व्यवस्था नहीं मिली ठीक, एजेंसी व केयर टेकर को दिए पांच दिन में व्यवस्था दुरुस्त करने के आदेश

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** बिल जमा न होने पर विद्युत विभाग ने वृद्धा आश्रम का कनेक्शन काट दिया। तीन दिन पहले कनेक्शन काटा गया था। आश्रम का जनरेटर भी खराब पडा हुआ है। यह तमाम अनियमितताएं निरीक्षण के दौरान सामने आईं। समाज कल्याण विभाग के सहयोग से नगला खूबी

महावन में स्थित अशर्फी ग्राम उद्योग द्वारा संचालित हो रहे वृद्धा आश्रम में व्याप्त अव्यवस्थाएं जिला समाज कल्याण अधिकारी के निरीक्षण में खुलकर सामने आ गईं।



उनको आश्रम की साफ सफाई खराब मिली, दवाईयों का रख रखाव अच्छा नहीं मिला।

उन्होंने संस्था एवं आश्रम की संचालिका को निर्देश दिए कि आश्रम की अव्यवस्थाएं पांच दिन में ठीक की जाएं। निरीक्षण के बाद जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल सिंह ने अशर्फी ग्राम उद्योग

**आदेश**

**⏩ बिल जमा न होने पर विद्युत विभाग ने वृद्धा आश्रम का कनेक्शन काट दिया। तीन दिन पहले कनेक्शन काटा गया था**

द्वारा संचालित तहसील महावन के गांव नगला खूबी के वृद्धा आश्रम में समस्त संवासियों को भोजन गुणवत्ता वाला उपलब्ध कराया जा रहा था।

नवीन बिल्डिंग में वृद्धा आश्रम को स्थानांतरित किया जाना था लेकिन महीनों के बाद भी वृद्धा आश्रम स्थानांतरित नहीं किया गया।

अब उन्होंने दो दिवस के अंदर लिखित स्पष्टीकरण संस्था के अध्यक्ष से मांगा है। आश्रम की कोई भी पंजिका पूर्ण नहीं मिली।

अधीक्षिका यह नहीं बता पाई कि कौन सा सामान दानदाताओं ने दिया और कौन सा संस्था ने।

आश्रम की लाइट बिल जमा नहीं करने के कारण तीन दिन से कटी पड़ी थी।

जनरेटर सेट व टेलीविजन खराब थे।

# पालखेडा में प्रशासन ने गैंगस्टर का मकान किया जब्त, दो लाख से अधिक है मकान की कीमत

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। गैंगस्टर** की 2,16,829 रुपये की सम्पत्ति कुर्क की गई है। गिरोह बंद अपराधियों द्वारा अपराधिक कृत्य कर अवैध रुप से अर्जित की गई सम्पत्ति के जब्तीकरण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गैंगस्टर अधिनियम थाना नौहझील जनपद मथुरा के अभियुक्त गजेन्द्र उर्फ गज्जू पुत्र जगवीर सिंह निवासी ग्राम पालखेडा थाना नौहझील जनपद मथुरा द्वारा गिरोह बनाकर आर्थिक लाभ के लिए सम्पत्ति अर्जित कर अवैध धन से एक पक्का मकान 58.79 वर्ग मीटर का निर्माण कराया गया। जिसकी अनुमानित लागत 2,16,829 रुपये थी को उपजिलाधिकारी




मांट अभिनव जे. जैन, क्षेत्राधिकारी मांट गुंजन सिंह, प्रभारी निरीक्षक नौहझील शैलेन्द्र सिंह मय पुलिस फोर्स की मौजूदगी में इस मकान को अन्तर्गत धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट अधिनियम के तहर कुर्क की गयी. कुर्क की गई सम्पत्ति की अनुमानित कीमत 2,16,829 रुपये है। गैंगस्टर पर थाना नौहझील पर नौ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**गैंगस्टर को जेल भेजा:** थाना वृन्दावन पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वाँछित अभियुक्त वीरेन्द्र पुत्र कमल सिंह निवासी ग्राम जैत थाना जैत को शुक्रवार को पानी घाट तिराहा के पास यमुना एक्सप्रेस वे को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## संक्षिप्त खबरें

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने पेश किया विशेष पैकेज

**गुरुग्राम। आईडी**एफसी फर्स्ट बैंक ने वरिष्ठ नागरिकों की विशिष्ट वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से अनूठी बैंकिंग सेवाओं और उत्पादों की एक विशेष श्रृंखला लॉन्च की है। इन सेवाओं में सीनियर सिटीजन सेविंग्स अकाउंट और सीनियर सिटीजन फिक्स्ड डिपॉजिट्स शामिल हैं, जो वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेहतर, सुरक्षित और उनकी जरूरतों के अनुसार अनुकूलित वित्तीय समाधान प्रदान करने की बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। इस प्रोग्राम के तहत, बैंक ने अपनी मोबाइल बैंकिंग ऐप पर 'सीनियर सिटीजन स्पेशल्स' नाम का एक विशेष फीचर जोड़ा है। यह फीचर वरिष्ठ नागरिकों को सुविधाजनक और अनुकूलित सेवाएँ प्रदान करता है, जिससे उनके बैंकिंग अनुभव को और सरल और प्रभावी बनाया जा सके। वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैंक की पेशकश पर बात करते हुए, श्री चिन्मय धोबले, कंट्री हेड- रिटेल लाइबिलिटीज और ब्रांच बैंकिंग, ने कहा, हम अपने वरिष्ठ नागरिकों को खास महसूस कराना चाहते हैं और इसी सोच के साथ, उनके लिए नई और उपयोगी सेवाएँ लेकर आए हैं।




सीनियर सिटीजन सेविंग्स अकाउंट में से हमने उन 30 से ज्यादा शुल्कों को खत्म कर दिया है, जो आमतौर पर सेविंग्स अकाउंट पर लगाए जाते हैं। इसके साथ ही, हमने अपने सम्मानित वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक खास पैकेज तैयार किया है, जिसमें फिक्स्ड डिपॉजिट को समय से पहले तोड़ने पर कोई पेनल्टी नहीं होगी। इसमें हेल्थ बेनेफिट्स, साइबर इंश्योरेंस और वरिष्ठ नागरिकों की जरूरतों के हिसाब से बनाई गई एक खास ऐप भी शामिल है। हमें भरोसा है कि हमारे ये प्रयास वरिष्ठ नागरिकों को पसंद आएँगे और उनके योगदान के प्रति हमारी ओर से यह एक छोटी सी कृतज्ञता होगी।

### केयर सुप्रीम हेल्थ इंश्योरेंस के लिए अपना नवीनतम डिजिटल कैंपेन शुरू किया

**नोएडा ।** भारत की अग्रणी विशेष स्वास्थ्य बीमा कंपनियों में से एक, केयर हेल्थ इंश्योरेंस ने केयर सुप्रीम हेल्थ इंश्योरेंस के लिए अपना नवीनतम डिजिटल कैंपेन शुरू किया है, जो ग्राहकों की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को सक्षम करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। कैंपेन में विचित्र, आकर्षक और समझने में आसान 15 सेकंड के डिजिटल विज्ञापनों की एक श्रृंखला है, जो रोजमर्रा की स्थितियों में एक बुनियादी सवाल कौन परवाह करता है? का जवाब देते हैं, साथ ही कुछ प्रमुख स्वास्थ्य कवरेज से संबंधित चिंताओं का जवाब देते हैं। इन विज्ञापनों के माध्यम से, केयर हेल्थ इंश्योरेंस गुणवत्तापूर्ण सेवा द्वारा समर्थित किफायती और अभिनव स्वास्थ्य बीमा समाधान प्रदान करने के मौलिक और मुख्य सिद्धांत के रूप में देखभाल के अपने मूल दर्शन को दोहराता है। इस कैंपेन पर टिप्पणी करते हुए केयर हेल्थ इंश्योरेंस के वितरण प्रमुख अजय शाह ने कहा, हमारा उद्देश्य एक ऐसा कैंपेन तैयार करना था जो सीधे उपभोक्ताओं से बात करे और हमारे उत्पादों की अनूठी खूबियों को प्रदर्शित करे। स्वास्थ्य सेवा से जुड़े फैसले नीतियों से कहीं आगे जाते हैं - वे परिवारों और प्रियजनों की भलाई की रक्षा के बारे में होते हैं। यह कैंपेन देखभाल की भावनात्मक शक्ति को हमारी पेशकशों के व्यावहारिक लाभों के साथ जोड़ता है, यह सुनिश्चित करता है कि स्वास्थ्य सेवा न केवल सुलभ हो बल्कि हर व्यक्ति के लिए गहराई से सार्थक हो। विचारोत्तेजक प्रश्न, कौन परवाह करता है? के इर्द-गिर्द निर्मित, यह कैंपेन स्वास्थ्य बीमा के बारे में आम धारणाओं को चुनौती देता है और इस बात पर बल देता है कि देखभाल वास्तव में परवाह करती है।

care HEALTH INSURANCE

# पोस्को एक्ट में वांछित पकड़ा

**मथुरा। थाना** फरह पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना फरह, उप निरीक्षक नितिन तेवतिया, चौकी प्रभारी कस्बा टीम के मुखबिर की सूचना पर सीएचसी के सामने लोहे के पुल के पास आगरा की तरफ थाना क्षेत्र फरह से अभियुक्त राजकुमार पुत्र रमेश निवासी मौहल्ल सारस्वतपाडा कस्बा व थाना फरह जनपद मथुरा मूल निवासी ग्राम बरौदा थाना फरह जनपद मथुरा को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। पांच फरवरी को राजकुमार थाना फरह जनपद मथुरा मूल निवासी ग्राम बरौदा थाना फरह

# गोशालाओं में गोवंश की स्थिति से संतुष्ट नहीं दिखे डीएम

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। जिलाधिकारी** चंद्र प्रकाश सिंह ने निराश्रित, बेसहारा गौवंश के भरण पोषण की व्यवस्था के लिए जनपद स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन समीक्षा समिति की बैठक ली। डीएम को कई गौशालाओं में गौवंश का स्वास्थ्य खराब मिला। चिकित्सकों द्वारा सही समय से निरीक्षण नहीं किया जा रहा है। जिसपर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कड़े निर्देश दिए कि सभी अपने कार्यों में सुधार लाएं। सभी अधिकारी गौआश्रय स्थलों पर विभिन्न रजिस्टरों, भूसा, गायों की उपस्थिति, चारा, सुपुर्दगी, चिकित्सा पंजिका आदि के अपने अपने निरीक्षण के दौरान चेक करें। श्री सिंह ने बैठक में उपस्थित



अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक सप्ताह में सभी गौशालाओं की जिओ टैगिंग कराना सुनिश्चित करें। मौजूद गौशालाओं में गायों की संख्या का सही आंकड़ा प्रस्तुत किया जाए, गौवंश की संख्य की फॉल्स, गलत रिपोर्टिंग न करें।

सभी खंड विकास अधिकारी और पशु चिकित्सा अधिकारी ईयर टैगिंग 100 प्रतिशत कराएं। कोई भी गौवंश सड़क पर न मिले। सड़क पर गौवंश मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

संरक्षित निराश्रित गोवंश की संख्या, अवशेष निराश्रित गोवंश की संख्या, नवीन स्थापित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल संख्या, वृहद गौ संरक्षण केंद्र की क्रियाशीलता की स्थिति एवं निमार्णाधीन केंद्रों में गोवंश संरक्षण की स्थिति, अस्थाई गोवंश की संख्या के अनुरूप शेड की उपलब्धता, गोवंश की बरसात ऋतु से बचाव के लिए प्रबंध, भूसा व हरे चारे संग केंद्रित आहार की उपलब्धता, संरक्षित गोवंश के स्वास्थ्य की स्थिति यथा स्वस्थ अथवा कमजोर, भरण पोषण हेतु धनराशि की उपलब्धता, गोवंश के भरण पोषण हेतु प्राप्त धनराशि के सापेक्ष जनपद द्वारा प्रेषित उपयोगिता प्रमाण पत्र की स्थिति, गोवंश की देखरेख के लिए केयरटेकर, श्रमिकों की व्यवस्था, संरक्षित गोवंश में ईयर टैगिंग की स्थिति, नर गोवंश के बधियाकरण की स्थिति, जनपद के ऐसे विकासखंड जिसमें सबसे ज्यादा निराश्रित गोवंश हैं, उनमें क्षेत्रीय स्तर पर गोवंश संरक्षण के लिए क्या क्या किया जा रहा है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, उपायुक्त उद्योग रामेंद्र कुमार, अपर नगर आयुक्त रामजी, उप कृषि निदेशक राजीव कुमार, डीसी मनरेगा विजय कुमार पाण्डेय, जिला उद्यान अधिकारी मनोज चतुर्वेदी सहित समस्त खंड विकास अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

# टीचर को बच्चे को पीटना पड़ा भारी, निलंबन, सीडीओ के आदेश पर बीएसए ने की कार्रवाई

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। प्राथमिक** विद्यालय नगला सपेरा विकास खण्ड चौमुहां में बच्चों के साथ मारपीट करने व उनके साथ दुर्व्यवहार करने पर विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका श्रीमती भावना गुप्ता को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने निलंबित कर दिया है। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना व बीडीओ चौमुहां को शिकायत मिली कि प्राथमिक विद्यालय नगला सपेरा विकास खण्ड चौमुहां में कार्यरत शिक्षिका भावना गुप्ता बच्चों के साथ डंडे के साथ मारपीट करती हैं। बच्चों

**निलंबित**

**⏩ कार्यरत शिक्षिका श्रीमती भावना गुप्ता को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने निलंबित कर दिया**

से स्कूल में झाड़ू लगवाती व शौचालय की सफाई कराती है। इसके अलावा बच्चों से सिर दववाती है। सीडीओ ने इसकी जांच बीडीओ चौमुहां से कराई। जिसमें बच्चों के अभिभावकों के द्वारा लगाए आरोप सही पाए गए।

इसके अलावा समय से पूर्व विद्यालय बंद करके चली जाती थी। जिस पर सीडीओ ने शिक्षिका के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। जिस पर उन्होंने बीएसए को कार्रवाई के निर्देश दिए।

बीडीओ चौमुहां की 24 जनवरी 25 की जांच रिपोर्ट के आधार पर बीएसए सुनील दत्त ने नगला सपेरा के प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका भावना गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया। निलंबन अवधि में भावना गुप्ता को विभागीय नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

# पुलिसकर्मियों पर लगाये गंभीर आरोप

**मथुरा।** नई बस्ती बद्री नगर थाना गोविंद नगर निवासी महिला कौशर पत्नी भाप ने एसएसपी को दिये प्रार्थना पत्र में पुलिसकर्मियों पर आरोप लगाए हैं। कौशर ने मुख्यमंत्री को बताया कि उसके चार पुत्र शाकिर, मोहिम, कुल्लड व छोटी भाई हैं। पिता और बेटे पल्लेदारी का काम करते हैं और परिवार की आजीविका चलाते हैं। परिवार में किसी भी व्यक्ति का अपराधों से वास्ता नहीं है और किसी का कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है। चार फरवरी को पांच बजे शाकिर अपने दोस्त आसिफ के घर के बाहर खड़ा था। तभी दो मोटरसाइकिल पर तीन पुलिसवाले आये। वह दोनों युवकों को अपने डीग गेट पुलिस चौकी पर ले गये।

# तीन महीने पहले खोद दी सड़क, काम करना भूल गये

## मेयर, नगर आयुक्त के कार्यालयों के चक्कर काट रहे स्थानीय लोग



**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। महानगर** के वार्ड नंबर 12 में तीन माह से सड़क टूटी पड़ी है। जिसका नगर निगम द्वारा टेंडर भी कर दिया गया है। ठेकेदार ने सड़क को खोद भी दिया है। तीन महीने से सडक खुदी पडी है और काम बंद है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर मथुरा वृंदावन के नगर आयुक्त ने सड़क बनवाने का आदेश भी जारी किये हैं। कई बार मेयर से भी मिल कर शिकायत कर चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि चीफ इंजीनियर मथुरा वृंदावन नगर निगम व ठेकेदार इस सड़क को नहीं बना रहे हैं। तीन माह से इस मार्ग का काम चालू नहीं हुआ। इतना ही नहीं निर्माण में पुरानी टाइल्स लगाई जा रही हैं, स्थानीय लोग इसके लिए भी तैयार हैं। स्थानीय जनता ने भारतीय किसान यूनियन सुनील के पदाधिकारी के साथ मथुरा वृंदावन नगर निगम में कई ज्ञापन दे चुके हैं। भाकियू सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने कहा 72 घंटे के अंदर वार्ड नंबर 12 स्थित पुष्प विहार कॉलोनी के रोड का काम शुरू नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता स्थानीय जनता के साथ नगर निगम के चीफ इंजीनियर के कार्यालय मे अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष मुजाहिद कुरैशी, तनवीर कुरेशी, भारत अग्रवाल, रवि राजेंद्र, दुर्गेश अग्रवाल, राजेंद्र सिसोदिया, बाबूलाल, देवेंद्र, शंकर, आंसू गौतम, सुधीर, बबलू, मुकेश प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# मॉक ड्रिल: बरसाना की पहाड़ी पर रोपवे में फंसे श्रद्धालुओं को बचाया

## एनडीआरएफ, सिविल डिफेंस व रोपवे की टीम ने रेस्क्यू कर ट्राली से निकाला

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: बरसाना के** राधा रानी रूप वे में खराबी आने से छह श्रद्धालु ट्राली में फंस गए। एनडीआरफ ,सिविल डिफेंस,फायर सर्विस व रोपवे की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इस दौरान एसडीएम सीओ का साथ पुलिस टीम मौजूद रही। शुक्रवार को बरसाना स्थित राधा रानी रोप वे में आकस्मिक खराबी आने पर ट्राली के फंसे श्रद्धालुओं को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में एनडीआरएफ के द्वितीय कमान के राजेन्द्र जोशी के नेतृत्व में 47 सदस्यीय टीम के साथ सिविल डिफेंस के एक दर्जन कर्मचारी व



रोप-वे के कर्मचारियों ने ट्राली में फंसे श्रद्धालुओं को मॉक ड्रिल कर बचाने का ट्रायल कर रोप वे कर्मचारियों को सिखाया की कैसे ट्राली में फंसे श्रद्धालुओं को तुरंत सहायता प्रदान कर बचाया जा सके। पहले ट्रायल में रोप वे कर्मचारी के केबल दो लोगों को रेस्क्यू कर निकाल सके किंतु उनकी रस्सी फंस जाने से अन्य को नहीं निकाल सके इसके बाद एनडीआरफ राजेन्द्र जोशी के साथ 47 सदस्यीय टीम ने बचाव अभियान चलाया। एनडीआरफ की टीम ने तुरंत अपनी रस्सी डालकर शेष बचे लोगों को बचाया गया। रोपवे में फंसे श्रद्धालुओं की हालत खराब होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के डॉक्टर मेघश्याम गौतम की टीम ने अस्वस्थ्य श्रद्धालुओं को एंबुलेंस से हॉस्पिटल पहुंचाया। मॉक ड्रिल के दौरान एसडीएम नीलम श्रीवास्तव, सीओ आलोक सिंह थाना प्रभारी अरविंद निर्वाल, कस्बा इंचार्ज,अबिधेश पुरोहित, एसआई गुंजन आदि पुलिस कर्मियों के साथ फायर सर्विस के पुलिसकर्मी व फायर गाड़ी मौजूद थी।

# रेलवे 16 फरवरी से काशी तमिल संगमम–3 विशेष ट्रेन चलाने की तैयारी में

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी: प्रयागराज** महाकुंभ के बीच समय में रेलवे ने 16 फरवरी से काशी तमिल संगमम 03 विशेष ट्रेन चलाने की तैयारी की है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कोयंबत्तूर से इसकी शुरूआत होगी। 06187 कोयंबत्तूर-बनारस काशी तमिल संगमम विशेष गाड़ी 16 फरवरी को कोयंबत्तूर से तथा 06188 बनारस-कोयंबत्तूर काशी तमिल संगमम विशेष गाड़ी 22 फरवरी को बनारस से 01 फेरे के लिए चलाई जायेगी। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार कोयंबत्तूर-बनारस काशी तमिल संगमम विशेष गाड़ी 16 फरवरी को कोयंबत्तूर से



06.35 बजे प्रस्थान कर तिरूप्पूर से 07.30 बजे, इरोड से 08.35 बजे, सेलम से 09.50 बजे, जोलापेट्टै से 11.30 बजे, काटपाडी से 12.32 बजे, अरक्कोणम से 13.32 बजे, तिरूवल्लूर से 13.54 बजे, पेरम्बूर से 14.25 बजे, नेल्लूर से 17.30 बजे, ओंगोल से 18.55 बजे, विजयवाड़ा जं. से 21.05 बजे, दूसरे दिन वरंगल से 00.30 बजे, बल्हारशाह से 06.55 बजे, चन्द्रपुर से 07.18 बजे, नागपुर से 10.40 बजे, इटारसी से 16.05 बजे, पिपरिया से 17.05 बजे, नरसिंहपुर से 18.05 बजे, जबलपुर से 19.30 बजे, कटनी से 20.50 बजे, मैहर से 21.45 बजे, सतना से 23.00 बजे, तीसरे दिन मानिकपुर से 00.47 बजे, प्रयागराज छिवकी से 02.45 बजे, मिजार्पुर से 04.30 बजे तथा चुनार से 05.25 बजे छूटकर बनारस 07.15 बजे पहुंचेगी।

इसी तरह 06188 बनारस-कोयंबत्तूर काशी तमिल संगमम विशेष गाड़ी 22 फरवरी को बनारस से 02.00 बजे प्रस्थान कर चुनार से 04.12 बजे, मिजार्पुर से 04.45 बजे, प्रयागराज छिवकी से 06.00 बजे, मानिकपुर से 08.57 बजे, सतना से 12.25 बजे, मैहर से 12.55 बजे, कटनी से 13.45 बजे, जबलपुर से 15.50 बजे, नरसिंहपुर से 17.00 बजे, पिपरिया से 18.02 बजे, इटारसी से 21.00 बजे, दूसरे दिन नागपुर से 04.00 बजे, चन्द्रपुर से 08.30 बजे, बल्हारशाह से 09.15 बजे, वरंगल से 12.10 बजे, विजयवाड़ा जं. से 15.40 बजे, ओंगोल से 17.40 बजे, नेल्लूर से 19.10 बजे, पेरम्बूर से 23.35 बजे, तीसरे दिन तिरूवल्लूर से 00.10 बजे, अरक्कोणम से 00.40 बजे, काटपाडी से 01.32 बजे, जोलापेट्टै से 03.00 बजे, सेलम से 05.55 बजे, इरोड से 07.15 बजे तथा तिरूप्पूर से 08.10 बजे छूटकर कोयंबत्तूर 09.30 बजे पहुंचेगी।

# बरेली के मांझा फैक्ट्री में धमाका, तीन की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**बरेली: जनपद के** बाकरगंज इलाके में शुक्रवार की सुबह एक मांझा बनाने वाली फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। इस घटना में फैक्ट्री मालिक समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना किला क्षेत्र के बाकरगंज के महबूबनगर में अतीक अहमद (45) अपने मकान में मांझा बनाने का काम कराते थे। उनके साथ कारीगर फैजान (25) और सरताज (24) भी रहते थे। आज सुबह साढ़े नौ बजे अचानक मांझा फैक्ट्री में तेज धमाका हुआ, जिसकी चपेट में आकर अतीक, फैजान की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि



सरताज के गंभीर रूप से घायल होने पर उसे इलाज के लिए तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। स्थानीय शकील अहमद ने बताया कि उन्होंने अचानक तेज धमाके की आवाज सुनी और देखा फैक्ट्री से धुआं उठ रहा था। वहां पहुंचे पर मंजर देख कर उनके होश उड़ गए। फैक्ट्री के अंदर अतिक और फैजान के बूरी तरह जले और चीथड़े पड़े हुए थे। सरताज गंभीर रूप से घायल पड़ा हुआ है। घटना के कुछ देर तक तो लोगों की समझ में ही नहीं आया कि आखिर हुआ तो हुआ क्या। घटना के बाद से क्षेत्र में मातम का माहौल है। जिसने भी इस बारे में सुना वह सन्न रह गया।

# त्रिवेणी संगम में स्नान सौभाग्य की बात: पटेल

## गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने भी लगाई पावन डुबकी, बोले- त्रिवेणी संगम में स्नान सौभाग्य की बात

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज महाकुम्भ में उमड़ रहे आस्था के जनसमुद्र के बीच शुक्रवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी श्रद्धा की डुबकी लगाने पहुंचे। संगम त्रिवेणी में स्नान करने के बाद उन्होंने योगी सरकार द्वारा किए गए प्रबंधों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कुम्भ क्षेत्र में सुंदर व्यवस्था की गई है और कहीं भी किसी को कोई समस्या नहीं हो रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि त्रिवेणी संगम में स्नान मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री ने संगम स्नान से पूर्व बड़े हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की और फिर सेक्टर 7 स्थित गुजरात पवेलियन का भी अवलोकन किया।



**पावन स्नान के साथ किया पूजन अर्चन**
त्रिवेणी संगम में स्नान के बाद गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने योगी सरकार द्वारा किए गए प्रबंधों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कुम्भ क्षेत्र में सुंदर व्यवस्था की गई है और कहीं भी किसी को कोई समस्या नहीं हो रही है। भूपेंद्र पटेल ने कहा, "प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाएं अद्भुत हैं। स्वच्छता से लेकर हर सुविधा तक, सब कुछ बहुत ही अच्छा है।" गुजरात सीएम ने कहा, "हमें पवित्र स्नान करने का अवसर मिला, यह मेरे लिए

**पुवित्र डुबकी**

**▸▸ संगम त्रिवेणी में स्नान के बाद मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने की महाकुम्भ में योगी सरकार द्वारा किए गए प्रबंधों की सराहना**

सौभाग्य की बात है। त्रिवेणी संगम, जो भारत की आस्था का केंद्र है, वहां स्नान करने के बाद हर व्यक्ति स्वयं को भाग्यशाली मानता है।" मोटरबोट से पूरी सुरक्षा के बीच मुख्यमंत्री त्रिवेणी संगम पहुंचे और यहां उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चारण और श्लोकों के बीच आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने भगवान सूर्य को अर्घ्य भी दिया। उनके साथ औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने भी पावन डुबकी लगाई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गंगा पूजन और गंगा आरती भी की।

**400 बेड की डॉरमेट्री का किया शुभारंभ**
गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शुक्रवार सुबह 9 बजे स्टेट एयरक्राफ्ट से प्रयागराज पहुंचे। प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने उनका स्वागत किया। यहां से वह सीधे बड़े हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूरे विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन अर्चन किया और आरती उतारी। मंदिर के महंत और बाघंबरी गद्दी के पीठाधीश्वर बलबीर गिरि जी महाराज की ओर से मुख्यमंत्री को लेटे हनुमान मंदिर की प्रतिकृति भेंट की गई। बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन और पूजन के बाद मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सेक्टर 7 स्थित गुजरात पवेलियन पहुंचे। यहां उन्होंने पवेलियन का अवलोकन किया। गुजरात पवेलियन में उन्होंने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, साबरमती आश्रम और सूर्य मंदिर की प्रतिकृतियों का निरीक्षण किया, जबकि मेडिकल कैंप, लिट्रेचर स्टॉल और अन्य गैलरी का भी मुआयना किया। यहां वो गुजरात के उत्पादों की प्रदर्शनी में भी गए और सभी व्यवस्थाओं को सराहा। गुजरात से भारी संख्या में आ रहे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उन्होंने यहां 400 बेड की एक डॉरमेट्री का भी शुभारंभ किया।

# महाकुम्भ में दिख रही सनातन संस्कृति की एकता: आरिफ

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ पहुंचे बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शुक्रवार को संगम भ्रमण के दौरान भारत की सनातन संस्कृति को महान बताया। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ में सनातन संस्कृति की एकता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। अपने प्रयागराज दौरे के दूसरे दिन आरिफ मो. खान ने कहा, भारत की सनातन संस्कृति का मूल आदर्श एकात्मता है, जहां सभी भेद समाप्त हो जाते हैं। हमारी संस्कृति हमें सिखाती है कि यदि हम किसी भी मानव को उनके दिव्य रूप में देखें, तो हमें यह अहसास होगा कि "मानव ही माधव का स्वरूप है"। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि महाकुम्भ में आकर यह स्पष्ट होता है कि भारत की संस्कृति और




परंपरा मानवता को जोड़ने का कार्य करती है। यहां मौजूद लोग एक-दूसरे को भले ही न जानते हों, लेकिन फिर भी सब एकजुट होकर इस आयोजन में भाग ले रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की विरासत, आदर्श और मूल्यों को जीवंत रखना आवश्यक है। यही वे मूल्य हैं, जो हमारे समाज को एकसूत्र में बांधते हैं और समरसता की भावना को मजबूत करते हैं।

# मुरैना में रोजगार सचिव के ठिकानों पर लोकायुक्त का छापा, कार्रवाई जारी

**अकूत संपत्ति**

**▸▸ छापामारी में रोजगार सहायक के पास अकूत संपत्ति मिलने की जानकारी सामने आई है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुरैना:** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले की एक ग्राम पंचायत में पदस्थ रोजगार सचिव के तीन ठिकानों पर शुक्रवार सुबह लोकायुक्त की टीम ने एकसाथ छापामार कार्रवाई की है। लोकायुक्त के 30 से अधिक सदस्यों की टीम ने अलसुबह दबिश दी है। छापामारी में रोजगार सहायक के पास अकूत संपत्ति मिलने की जानकारी सामने आई है। फिलहाल, लोकायुक्त पुलिस



मामले की कार्रवाई में जुटी हुई है। लोकायुक्त की टीम ने जिले के पहाड़गढ़ जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत कहारपुरा में पदस्थ रोजगार सचिव रामावतार धाकड़ के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की है। आय से अधिक संपत्ति की शिकायत को लेकर लोकायुक्त की टीम ने छापेमारी की है। रोजगार सचिव रामावतार धाकड़ के कैलारस, ग्वालियर और मनोहरपुर गांव के ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई की गई है। ग्वालियर लोकायुक्त पुलिस को आय से अधिक संपत्ति की शिकायत मिली थी। शिकायत के आधार पर लोकायुक्त की टीम तीनों ठिकानों पर आय से संबंधित दस्तावेज खंगालकर कर जब्ती कार्रवाई कर रही है। अब तक सामने आई कार्रवाई के संबंध में जानकारी के मुताबिक, रोजगार सहायक के पास 60 लाख रुपये कैश के साथ लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण मिलने की सूचना मिली है।

# आतंकी गुलदार को वन विभाग ने पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार:** जनपद के लालढांग क्षेत्र में पिछले कई दिनों से आतंक मचा रहे गुलदार को आखिरकार वन विभाग की टीम ने काबू कर लिया है। वन प्रभाग की टीम ने चमरिया गांव के पास से गुलदार का रेस्क्यू किया। रेस्क्यू करने के बाद गुलदार को चिड़ियापुर रेस्क्यू सेंटर भेजा गया है। बता दें कि पिछले कई दिनों से यह गुलदार लालढांग क्षेत्र की आबादी वाले इलाकों में घुस रहा था, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल था। चरमिया गांव के गन्ने के खेतों में गुलदार का दौड़ते हुए वीडियो कुछ लोगों ने बनाया। जहां-जहां गुलदार भाग रहा था, वहां लोगों के चीखने पुकारने की आवाजें आ रही थी। वीडियो में गुलदार ने लोगों को घंटों दौड़ाया। लेकिन वन विभाग की टीम ने जोर आजमाइश के बाद गुलदार को काबू कर लिया। पहले गुलदार को ट्रेंकुलाइज किया गया। फिर गन्ने के खेत में जाल डालकर पकड़ लिया गया। गुलदार को रेस्क्यू करने के बाद चिड़ियापुर रेस्क्यू सेंटर भेजा गया है। यहां कुछ दिन परीक्षण के बाद उसे फिर से जंगल में छोड़ दिया जाएगा।
वन विभाग की टीम को कई दिन पहले गुलदार के होने की शिकायत मिली थी। जिसके बाद उच्च अधिकारियों से स्वीकृति मिलने के बाद गुलदार को घेर लिया।
चिड़ियापुर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी हरीश गैरोला का कहना है कि आठ वर्षीय यह नर गुलदार पिछले कई दिनों से आतंक का पर्याय बना हुआ था।

# महाकुम्भ नगर में शॉर्ट सर्किट से शिविर में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ के लिए योगी सरकार द्वारा पहले से ही व्यापक स्तर पर जो तैयारी की गई थी उसकी मदद से शुक्रवार को बड़ा हादसा टालने में प्रशासन को बड़ी मदद मिली। खास तौर पर मेला क्षेत्र में अग्निशमन को लेकर जो तैयारियां की गईं थीं उन्होंने अहम रोल निभाया। ओल्ड जीटी रोड स्थित महाकुम्भ नगर में शुक्रवार को स्वामी हरिहरानंद और सुखदेवानंद के शिविर में अचानक आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल महाकुम्भ के फायर ब्रिगेड की एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया गया। चीफ फायर ऑफिसर प्रमोद शर्मा ने बताया कि आग इस्कॉन क्षेत्र में



शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिससे 20 से 22 टेंट जल गए। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। दमकलकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई कर आग को फैलने से रोक लिया। घटना की जानकारी मिलते ही उत्तरी झूसी के जोनल पुलिस ऑफिसर, एडिशनल एसपी सर्वेश कुमार मिश्रा, स्थानीय पुलिस और मेला मजिस्ट्रेट भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और आग लगने के


**नुकसान नहीं**

**▸▸ फायर ब्रिगेड की तत्परता से एक बार फिर टल गया बड़ा हादसा, आग से कोई जनहानि नही**

कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सावधानी बरतें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अधिकारियों को सूचित करें। महाकुम्भ में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए इस बार योगी सरकार ने व्यापक इंतजाम किए हैं। पूरे मेला क्षेत्र में 50 फायर स्टेशन और 20 फायर पोस्ट बनाए गए हैं।

# पार्षद के विरुद्ध कोर्ट ने चुनाव याचिका किया स्वीकार

**टीम एक्शन** इंडिया
नैनीताल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुबीर कुमार की अदालत ने हल्द्वानी के वार्ड संख्या 11 तल्ला गोरखपुर के नवनिर्वाचित पार्षद रवि जोशी के निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका को स्वीकार कर लिया है और रवि जोशी सहित विपक्षियों को नोटिस देकर 03 मार्च तक अपना पक्ष रखने को कहा है। उल्लेखनीय है कि रवि जोशी के विरुद्ध भास्कर चंद्र पुत्र दुर्गा दत्त निवासी वार्ड संख्या 11 तल्ला गोरखपुर हल्द्वानी ने याचिका दायर किया। जिसमे उन्होंने नगर निगम अधिनियम,



शासनादेश एवं राज्य सरकार के 21 दिसंबर 2002 के असाधारण नोटिफिकेशन के प्रावधानों का उल्लंघन करके नामांकन पत्र के साथ मिथ्या शपथ पत्र प्रस्तुत कर अपने आपराधिक रिकॉर्ड एवं आपराधिक मामलों की सूचनाओं और तथ्यों को छुपाया है। इसलिये उनके नामांकन को निरस्त कर निर्वाचन को शून्य यानी अमान्य घोषित किया जाए। उन्होंने बताया है कि उनकी शिकायत पर हल्द्वानी नगर निगम के एआओ ने हल्द्वानी कोतवाली के प्रभारी

**सुनवाई**

**▸▸ अपने आपराधिक रिकॉर्ड एवं आपराधिक मामलों की सूचनाओं और तथ्यों को छुपाया है**

निरीक्षक को रवि जोशी के विरुद्ध अभियोग दर्ज करने के लिये 07 जनवरी को तहरीर दी थी और इस पर हल्द्वानी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ने 11 जनवरी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 227 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# उज्जैन: 11वीं के छात्र की निर्मम हत्या

**उज्जैन।** उज्जैन के पंवासा थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के 11वीं कक्षा के एक छात्र की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई है। पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि छात्र के मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था और गले में रस्सी लपटी हुई थी। पुलिस को शुक्रवार दोपहर सूचना मिली थी कि एक छात्र का शव झाड़ियों में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त नैतिक पाल निवासी राज इन्क्लेव के रूप में की।



मप्र: भोपाल में दो दिवसीय आईपीएस सर्विस मीट का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने किया शुभारंभ।

**समागम** मुझे प्रसन्नता है कि म.प्र. पुलिस अपनी सभी चुनौतियों से जूझकर सफलता के नए आयाम तय कर रही है

# पुलिस थानों का जिला, संभाग और राज्य स्तरीय ग्रेडेशन करें

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ.** मोहन यादव ने कहा कि पुलिस की सेवा जीवन भर जवान रखने वाली सेवा है। पुलिस के सामने सदैव चुनौतियां रहती हैं, मुझे प्रसन्नता है कि म.प्र. पुलिस अपनी सभी चुनौतियों से जूझकर सफलता के नए आयाम तय कर रही है। बड़ी बात है कि हमारी पुलिस 24 घंटे सेवा में तत्पर रहकर प्रदेश और समाज की सुरक्षा में कार्यरत है। उन्होंने कहा कि हमें आंतरिक एकात्मकता को और अधिक उभारने की जरूरत है। इस संदर्भ में सर्विस मीट बेहद लाभकारी और प्रासंगिक है। इस तरह के सेवा समागम से अधिकारियों को एक




दूसरे के अनुभव सुनने, साझा करने और उन पर अमल करने की प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में भारतीय पुलिस सेवा समागम (आईपीएस मीट) का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस महानिदेशक से कहा कि वे कार्य प्रदर्शन के आधार पर प्रदेश के थानों की जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर ग्रेडेशन करें और अच्छा काम करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत भी करें। इससे जनता के बीच प्रदेश और पुलिस की साख बढ़ेगी।

डॉ. यादव ने कहा कि आज हमारी पुलिस सबकी आशा का केंद्र बनती जा रही है। हम सभी को जीवन के अच्छे गुणों का विकास कर पुलिस को उनके काम में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हम जिस अपराध मुक्त, भय मुक्त और सकारात्मक माहौल में जी रहे हैं। यह सब पुलिस की सेवा समर्पण अनुशासन और उनकी कर्मठता से ही संभव है। सरकार पुलिस बल के आधुनिकीकरण के प्रति बेहद संवेदनशील होकर कार्य कर रही है। आईपीएस सर्विस मीट सिर्फ एक समागम न होकर एक प्रशिक्षण कार्यशाला के रूप में ली जानी चाहिए।

